संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, सोमवार, 18 मार्च 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

'भारत की सिलिकॉन वैली' कहे जाने वाली शहर बेंगलुरु में इस समय जल संकट एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 76 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

आदर्श विचार

"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद्

मन की बात

"जब तक जीना, तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं।"

स्वामी विवेकानंद

तीसरी आंख

तीसरे कार्यकाल में होंगे बड़े निर्णयः पीएम मोदी

= एनडीए के सभी सांसद और विधायक जनता के लिए बहुत मेहनत से काम करेंगेः पीएम

गरजे पीएम

8 इस बार एनडीए 400 पार जाएगी। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश को शिक्षा का केन्द्र बनाया जाएगा।

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः चुनाव आयोग ने शनिवार को आम चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। चुनाव तारीखों के एलान के बाद पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु में एनडीए गठबंधन की पहली रैली में शिरकत की। खास बात यह है कि इस रैली में पीएम मोदी के साथ ही एनडीए में शामिल टीडीपी के चीफ चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के चीफ पवन कल्याण भी मौजूद रहे।

तीसरे कार्यकाल में होंगे बड़े निर्णयः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरे कार्यकाल में बड़े निर्णय लिए जाएंगे। विकसित भारत के लिए इस बार एनडीए 400 पार जाएगी। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश को शिक्षा का केन्द्र बनाया जाएगा। कांग्रेस पर साधा निशाना पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का एक ही एजेंडा है 'गठबंधन के लोगों को इस्तेमाल करो और फेंक दो।' उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस ने भले ही इंडिया गठबंधन बना लिया हो, लेकिन उनकी सोच वही है।

एनडीए की ताकत बढ़ रही है- पीएम मोदी

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश कह रहा है अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हमारे सहयोगी लगातार बढ़ रहे हैं। एनडीए की ताकत बढ़ रही है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण लंबे समय से आपके अधिकारों और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए का लक्ष्य विकसित भारत के लिए विकसित आंध्र प्रदेश का निर्माण करना है। पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए जनता को एनडीए सांसदों और विधायकों को जिताना होगा। एनडीए के सभी सांसद और विधायक जनता के लिए बहुत मेहनत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आंध्र को शिक्षा का केन्द्र बनाएंगे। ये मोदी की गारंटी है।

आंध्र प्रदेश नशे का गढ़ बन गया है- पवन कल्याण

इससे पहले जन सेना पार्टी की अध्यक्ष पवन कल्याण ने दावा किया कि ह्य2024 में भी एनडीए सरकार बनाएगी।ह्ल उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। पवन कल्याण ने वाईएसआर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जगन मोहन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश को शराब और नशे का गढ़ बना दिया है।

'पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार के पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। आंध्र प्रदेश में, एनडीए सरकार ने पीएम आवास योजना के तहत लगभग 10 लाख घर दिए हैं। यहां पालनाडु में गरीबों के लिए करीब 5 हजार पक्के घर बनाए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत आंध्र प्रदेश में करीब एक करोड़ परिवारों को नल कनेक्शन मिल चुका है।- आंध्र प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में एनडीए यह पहली संयुक्त रैली है। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक चरण में लोकसभा और सभी विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एनडीए में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी गठबंधन के लोगों को यूज एंड थ्रो करती है।

लोकसभा चुनाव के घोषणा के बाद एक रैली में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।

उद्धव को झटकाः आमश्या पाडवी शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

मुंबईः महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को तगड़ा झटका लगा है। शिवसेना (यूबीटी) के विधान परिषद सदस्य आमश्या पाड़वी रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि आमश्या पाडवी शुरू से ही शिवसैनिक रहे हैं। आज वे असली शिवसेना में शामिल हुए हैं। विधायक पाड़वी के निर्णय से आज उन्हें लग रहा है कि उन्होंने जो निर्णय लिया था वह सही था। पार्टी में आमश्या पाडवी को पूरा न्याय और सम्मान दिया जाएगा। नंदुरबार के विधायक आमश्या पाड़वी ने कहा कि पहले हम सभी एक ही पार्टी में थे।

'5 साल का रोडमैप और नई सरकार का एक्शन प्लान...'

लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी ने कैबिनेट को दिया खास संदेश, नई सरकार 100 दिनों का रोडमैप तैयार करने का आदेश

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां काफी तेज हो गई है। ऐसे में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं। उन्होंने रविवार को कैबिनेट मंत्रियों से नई सरकार के लिए पहले 100 दिनों और अगले पांच साल के लिए एक रोडमैप तैयार करने को कहा। कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए, प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मिलकर चर्चा करने के लिए कहा कि पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है।

चुनावी तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया शुरूः यह बैठक चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई। कैबिनेट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चुनाव आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की।

तैयारियां

8 पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है

पहले चरण में 102 सीटों पर होगा मतदानः समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, 19 अप्रैल को 102 सीटों पर पहले चरण के मतदान के लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसी विशेष चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाती है। चुनाव आयोग ने 16 मार्च को चुनावी तारीखों का एलान करते हुए कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव का आयोजन 7 चरणों में किया जाएगा।

कर्नाटक का मूड बीजेपी के पक्ष मेंः विजयेंद्र

टीम एक्शन इंडिया

बेंगलुरुः लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद कर्नाटक बीजेपी के प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि पूरे राज्य में माहौल बीजेपी के पक्ष में है। कर्नाटक बीजेपी प्रमुख ने कहा, "कांग्रेस को राज्य की सत्ता में होने के बावजूद उन्हें किसी भी लोकसभा क्षेत्र में उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। वे अपने मंत्री को चुनाव लड़ने के लिए मनाने की बहुत कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सौभाग्य से राज्य भर में मूड बीजेपी और पीएम मोदी के पक्ष में है।" कर्नाटक में 28 लोकसभा सीटें हैं, 2019 में 28 में से बीजेपी ने 51.7 फीसदी वोट शेयर के साथ 25 सीटें जीतीं।

कर्नाटक में कांग्रेस ने 32.1 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 1 सीट जीती, जबकि जेडीएस और निर्दलीय ने एक-एक सीट जीती।

इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर एक और याचिका दाखिल

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त निर्देश देते हुए एसबीआई को इसकी जानकारी चुनाव आयोग को सौपने का आदेश दिया था। जिसके बाद एसबीआई ने सारी जानकारी चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय समय में उपलब्ध करा दी। वहीं, चुनाव आयोग ने एसबीआई की तरफ से इलेक्टोरल बॉन्ड पर मिली जानकारी को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है जिसमें 1 मार्च, 2018 से लेकर 11 अप्रैल, 2019 तक बेचे गए सभी चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि मतदाता को इस योजना की शुरूआत के बाद से पूरी अवधि के लिए राजनीतिक दलों को कितने की फंडिंग मिली इसके बारे में सभी जानकारी को जानने के वह हकदार हैं।

मांग

8 राजनीतिक दलों को कितने की फंडिंग मिली इसके बारे में सभी जानकारी को जानने के वह हकदार हैं

अरुणाचल-सिक्किम में मतगणना अब 2 जून को

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तारीखों के एलान के एक दिन बाद निर्वाचन आयोग (ईस) ने चुनावी कार्यक्रम में बदलाव किया है। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के चुनावी कार्यक्रम में बदलाव करते हुए आयोग ने कहा कि अब दोनों राज्यों में मतगणना 4 जून की जगह 2 जून को होगी। बता दें कि कल ही चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के 19 अप्रैल से 7 चरणों में शुरू होने की घोषणा की थी।

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में अब कब आएंगे नतीजे : चुनाव आयोग ने पहले घोषणा की थी कि दोनों विधानसभा चुनावों में पड़े वोटों की गिनती लोकसभा चुनाव के वोटों के साथ 4 जून को की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा, लेकिन चूंकि दोनों विधानसभाओं का कार्यकाल 2 जून को समाप्त हो रहा है, इसलिए तारीख पहले कर दी गई है। आयोग ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम के संबंध में कोई बदलाव नहीं होगा। आंध्र प्रदेश और ओडिशा में संसदीय चुनावों के साथ विधानसभा चुनाव भी हो रहे हैं।

सीएए के खिलाफ फिर दायर हुई याचिका

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः केरल ने सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर कर नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग की है। याचिका में यह तर्क दिया है कि यह अधिनियम भेदभावपूर्ण, मनमाना और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है। केंद्र ने 11 मार्च को प्रासंगिक नियमों की अधिसूचना के साथ नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त किया था। इस अधिनियम के जरिए 31 दिसंबर, 2014 से पहले पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-प्रवासी मुस्लिमों को तेजी से भारतीय नागरिकता दी जाएगी।

सीएए को बताया भेदभावपूर्ण अधिनियमः राज्य सरकार ने सीएए नियमों को 'असंवैधानिक' करार देते हुए कहा कि धर्म और देश के आधार पर वर्गीकरण भेदभावपूर्ण, मनमाना, अनुचित है और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया, "तथ्य यह है कि प्रतिवादी (संघ) को 2019 अधिनियम के कार्यान्वयन में कोई तात्कालिकता नहीं है।

उल्लंघन

8 तर्क दिया है कि यह अधिनियम भेदभावपूर्ण, मनमाना और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है

जेपीएससी परीक्षा का पेपर लीक, छात्र भड़के!

टीम एक्शन इंडिया

चतराः झारखंड में आयोजित जेपीएससी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के एक केंद्र पर परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। चतरा जिला मुख्यालय स्थित उपेंद्रनाथ इंटर महाविद्यालय परीक्षा केंद्र में यह हंगामा हुआ। परीक्षार्थियों का आरोप है कि प्रश्नपत्र सील बंद नहीं आया था। टूटे हुए सील को देखकर परीक्षार्थी कुछ समय के लिए परीक्षा को बहिष्कार कर दिए। बहिष्कार के बाद कमरे से बाहर निकाल कर हंगामा करने लगे।

महादेव एपः भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव एप मामले में रायपुर की आर्थिक अपराध शाखा ने बघेल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामला आईपीसी की धारा 120बी, 34, 406, 420, 467, 468 और 471 के तहत दर्ज किया गया है। भूपेश बघेल और 21 अन्य के खिलाफ चार मार्च को मामला दर्ज किया गया था। लोकसभा चुनाव से पहले ये मामला कांग्रेस नेता के लिए कई समस्याएं पैदा कर सकता है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ पुलिस की एफआईआर में आईपीसी के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी से संबंधित विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 11 के तहत आरोप लगाया गया है।

'भूपेश बघेल की छवि खराब करने की कोशिश'ः कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईओडब्ल्यू और एसीबी ने मिलकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल की छवि खराब करने के लिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

शिकंजा

8 पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ पुलिस की एफआईआर में आईपीसी के कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया

सरकार के इशारों पर काम करता है इलेक्शन कमीशनः कपिल सिब्बल

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरण का लोकसभा चुनाव इस बात का सबूत है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारों पर काम करता है।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर उठाया सवालः सिब्बल ने हाल ही में दो चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाया और कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को भी इसका सदस्य होना चाहिए। उन्होंने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, "जहां तक देश में लोकसभा चुनाव के सात चरणों का सवाल है, इसकी उम्मीद थी। वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों चुनाव आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।" जिस तरह से उन्होंने सुप्रीम में चुनौती लंबित होने के बावजूद संविधान पीठ के फैसले को खारिज कर दिया है सिब्बल ने आरोप लगाते हुए कहा कि अदालत और जिस तरह से उन्होंने नियुक्ति को आगे बढ़ाया, उससे पता चलता है कि उनका इरादा वहां अपने लोगों को रखने का था।

तृणमूल ने जताई चिंताः सिब्बल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों का चुनाव इस बात का सबूत है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारों पर काम करता है।

हथकरघा 'वो क्या जानें हमारा इतिहास...' सीएए की आलोचनाओं को लेकर जयशंकर ने अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को दिखाया आईना

सीएए भारत का अंदरूनी मामलाः विदेश मंत्री

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की आलोचना हो रही है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि इसे विभाजन के संदर्भ में रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही रेखांकित किया कि ऐसे 'कई उदाहरण' हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है। जयशंकर ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी को मारने की साजिश रचने के आरोपों का सामना कर रहे एक भारतीय नागरिक और एक दिन पहले अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी की टिप्पणियों पर सवालों के जवाब दिए।

सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का दिया जवाबः जयशंकर ने कहा 'आप भारत और कनाडा का कई उदाहरण दे रहे है, अमेरिकी राजनीति ने हिंसक चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है जो कनाडा ने दी है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि इन्हें एक साथ रखना अमेरिका के लिए उचित है। जयशंकर ने कहा कि मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा।'जयशंकर ने वाशिंगटन और दुनिया के अन्य हिस्सों से सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का भी जवाब दिया। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में सीएए की अधिसूचना को लेकर चिंतित है और इसके कार्यान्वयन पर करीब से नजर रख रहा है।

दो टूक

8 ऐसे 'कई उदाहरण' हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है : विदेश मंत्री

मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूंः इस पर जयशंकर ने जवाब दिया कि 'मैं उनके लोकतंत्र या उनके सिद्धांतों की खामियों पर सवाल नहीं उठा रहा हूं। मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूं। यदि आप दुनिया के कई हिस्सों से टिप्पणियां सुनते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे भारत का विभाजन कभी नहीं हुआ था, कोई परिणामी समस्याएं नहीं थीं जिन्हें सीएए को संबोधित करना चाहिए।

ऊना, 18 मार्च 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

'सभी दल आदर्श आचार संहिता का सख्ती से करें पालन'

राजनैतिक दलों से चुनाव प्रकिया के दौरान की बेहतर सहयोग की अपील

चमन शर्मा

शिमलाः जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश सहित जिला शिमला में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है जोकि मतगणना संपन्न होने तक लागू रहेगी। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों को आदर्श आचार संहिता के समस्त प्रावधानों की सख्ती से अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित बनाने के लिए कहा।जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह जानकारी गत दिवस को सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने राजनैतिक दलों से चुनाव प्रक्रिया के दौरान बेहतर सहयोग की अपील की। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चुनाव प्रक्रिया के दौरान होने वाली विभिन्न गतिविधियों बारे विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और उन्हें विभिन्न ई.प्रणालियों की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित आने वाले विभिन्न मामलों का नियमानुसार निपटारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दल निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी मामले की शिकायत सी-विजिल ऐप और टॉल फ्री नम्बर 1950 के माध्यम से भी कर सकते हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत लागू आदर्श आचार संहिता के सभी प्रावधानों के बारे में जानकारी समय-समय पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रदान की जा रही है ताकि निर्वाचन प्रकिया के दौरान संहिता की किसी भी प्रकार से उल्लंघना न हो। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उद्देश्य सभी राजनैतिक दलों और चुनाव लड? वाले प्रत्याशियों को चुनाव में बराबर का अवसर प्रदान करना और निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्षए स्वतंत्र और पारदर्शी बनाना है। उन्होंने कहा कि जनसभायें आयोजित करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की दो राजनीतिक दलों की जनसभा के समय में पर्याप्त अंतर हो। अनुपम कश्यप ने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग न हो। अनुपम कश्यप ने प्रतिनिधियों को मॉक पोल जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों के दौरान अपनी उपस्थिति सुनिश्चित बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास पर पूर्णतः प्रतिबंधा रहेगा और कोई भी नया कार्य शुरू नहीं किया जा सकेगाए केवल पहले से चल रहे विकास कार्यों को ही जारी रखा जा सकेगा। इसके अलावा अत्यधिक जरूरी कार्यों को केवल निर्वाचन आयोग की पूर्व स्वीकृति से ही किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए विभिन्न निगरानी टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सभी पात्र लोगों का, जो 01 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हों, मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें ताकि लोकतंत्र के इस पर्व में वह अपना योगदान दे सकें।उन्होंने कहा कि नामांकन भरते वक्त उम्मीदवार विशेष ध्यान दें ताकि जाँच के समय फ ॉर्म में किसी भी प्रकार की गलती न दिखे।इसके अतिरिक्त किसी भी चीज को लेकर संशय होने पर राजनीतिक दल आने वाले कुछ दिनों में उसे प्रशासन के ध्यान में ले आयें ताकि उनका समाधान किया जा सके।

अनुपम कश्यप ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि प्रशासन द्वारा उत्तरकाशी और देहरादून के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रें स के माध्यम से बैठक कर ली गई है जिसमें सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष प्रबंध करने का निर्णय लिया गया है ताकि लोकसभा चुनाव का निष्पादन बेहतर समन्वय के साथ सुनिश्चित किया जा सके।

जिला चंबा में कुल 401168 पंजीकृत मतदाता: मुकेश रेपसवाल

हामिद

चंबाः उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल ने लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर बचत भवन में प्रेस वार्ता की। इस अवसर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि चुनाव घोषित होने के साथ ही प्रदेश सहित जिला चंबा में भी तुरंत प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। ऐसे में अब भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी परिसरों में स्थापित राजनीतिक संदेश अथवा राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स को 24 घंटे की समय सीमा के भीतर हटाए जाएंगे। जबकि सार्वजनिक संपत्ति में लगे होर्डिंग्स को हटाने की निर्धारित समय सीमा 48 घंटे है इसके अतिरिक्त निजी संपत्ति में लगे होल्डिंग के लिए 72 घंटे की समय सीमा निर्धारित है। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार निजी संपत्ति मालिक की अनुमति के बिना उसकी व्यक्तिगत संपत्ति का उपयोग बैनर लगाने, स्लोगन लिखने, पंपलेट चिपकाने इत्यादि के लिए नहीं कर सकता है। मुकेश रेपसवाल ने लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांगड़ा तथा मंडी के तहत आने वाले जिला के में कुल 401168 मतदाता पंजीकृत हैं।

न्यूज फ्लैश

डोभी में पैराग्लाइडिंग गतिविधियां सुचारू रूप से चलाने की अनुमति प्रदान की

श्याम कुल्वी

कुल्लूः जिला पर्यटन विकास अधिकारी कुल्लू सुनैना शर्मा ने जानकारी दी कि 12 मार्च, 2024 को कुल्लू जिला के डोभी पैराग्लाइडिंग साईट में तकनीकी समिति (एयरो स्पोर्ट्स) द्वारा संयुक्त निरीक्षण के उपरान्त पर्यटकों की सुरक्षा से संबंधित कुछ दिशा-निर्देश, संबंधित एसोसिएशन को दिए गए थे। सम्बंधित एसोसिएशन द्वारा इन दिशा-निदेर्शों की अनुपालना करने के सम्बन्ध में लिखित में अपना जवाब दे दिया है। जिसके उपरांत विभाग द्वारा उन्हें पैराग्लाइडिंग गतिविधियां सुचारू रूप से चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। इसके साथ ही साथ कुल्लू जिला में जितने भी पैराग्लाइडिंग साईट है, वहां पर सिंगल काउंटर लागू कर दिया गया है, जिसका समय-समय पर विभाग द्वारा चेकिंग की जाएगी।

जिला स्तरीय रामपुर फाग मेला 26 से 29 मार्च तक आयोजित किया जाएगा: निशान्त तोमर

लिहांटू

रामपुर बुशहरः चार दिवसीय जिलास्तरीय फाग मेले के आयोजन को लेकर उप-मण्डल अधिकारी नागरिक रामपुर निशान्त तोमर ने अपने सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 26 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय फ ाग मेले के प्रबन्धों का जायजा लिया और कहा कि पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी फ ाग मेले का आयोजन राजदरबार परिसर रामपुर में किया जा रहा हैं। देवी-देवाताओं का स्वागत 26 मार्च को प्रातः 11 बजे व समापन 29 मार्च को सांय 3 बजे होगा। उन्होंने बैठक में कहा कि इस चार दिवसीय जिला स्तरीय फ ाग मेले में कुल्लू व शिमला के 24 देवी देवाताओं का आना तय हुआ है। इससे अधिक भी देवी-देवता शामिल हो सकते है। मेला कमेटी द्वारा इन देवी-देवाताओं को नजराना राशि भेंट की जाएगी। उन्होंने कहा कि मेले में देवी-देवाताओं के साथ आने वाले देवलूओं व सुरक्षा में तैनात पूलिस जवानों को ठहरने का उचित प्रबन्ध किया जाएगा तथा मेले के दौरान अतिरिक्त बसों की व्यवस्था भी की जाएगी। मेले में बिजली पानी व स्वास्थ्य का भी उचित प्रबन्ध किया जाएगा। तोमर ने कहा कि इस चार दिवसीय फ ाग में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओ का आयोजन भी किया जा रहा है और इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सांस्कृतिक दलो को इनामी राशि भी प्रदान की जाएगी। फाग मेले में नाईट शौ का आयोजन भी किया जाएगा। मेला कमेटी द्वारा दुकानों के लिए स्टॉल की नीलामी 22 मार्च को की जाएगी ताकि मेंले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के लिए आय का स्त्रोत उत्पन्न किया जा सके। इस अवसर पर उप-मण्डलीय पुलिस अधिकारी नरेश शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद डॉक्टर वरूण शर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारी, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न व्यापार मण्डलों के अध्यक्ष, अध्यक्ष टेक्सी व ओटो यूनियन रामपुर उपस्थित रहे।

भाजपा जिला कार्यकारिणी में हुई नियुक्तियां

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर : जिला कार्यकारिणी में हुई नियुक्तियां की गई हैं। इसके तहत एक मुख्य प्रवक्ता और चार प्रवक्ता, एक मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने बताया कि चारों विधानसभा क्षेत्रों से पार्टी के विधायकों व पूर्व विधायकों के साथ ही अन्य पदाधिकारियों से विचार विमर्श के बाद बिलासपुर सदर के रूपलाल ठाकुर मुख्य प्रवक्ता व घुमारवीं के विक्रम शर्मा तथा सदर से श्याम सिंह ठाकुर व सोनल शर्मा और झंडूता से जरनैल सिंह चंदेल को प्रवक्ता, जबकि नयनादेवी के सुनील शर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। नवनियुक्त पांचों पदाधिकारी संगठनात्मक कार्यों का लंबा अनुभव रखते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनका अनुभव बिलासपुर जिला में पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने में निश्चित तौर पर अहम भूमिका निभाएगा।

जिला परिषद् भवन में 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई

श्याम कुल्वी

कुल्लूः जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता के लागू होने के मध्य नज? समस्त मतदाताओं से अपील की है कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए जिला परिषद् भवन में पूरे सप्ताह 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिला राजस्व अधिकारी गणेश ठाकुर को इसका नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदर्श चुनाव संहिता से सम्बंधित सभी प्रकार की शिकायत कंट्रोल रूम में टोल फ्र ी नंबर 1800-180-8042 व 1950 पर दर्ज कराई जा सकती हैं। उन्होंने आज शिकायत कंट्रोल रूम का निरीक्षण भी किया।

जिला प्रशासन निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार: अनुपम कश्यप

चमन शर्मा

शिमलाः जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लग गई है।जिला प्रशासन निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर गैजेट 7 मई, 2024 को जारी किया जायेगा। इसके उपरांत नामांकन की आखिरी तिथि 14 मई रहेगी तथा स्क्रूटनी 15 मई को होगी। नामांकन वापिस लेने की तिथि 17 मई तथा 1 जून को मतदान एवं 4 जून को मतों की गिनती होगी। उन्होंने बताया कि शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र में कुल 13 लाख 32 हजार 289 मतदाता हैं, जिसमें से शिमला में 902, सोलन में 592 एवं सिरमौर में 589 पोलिंग स्टेशन है। इसके

अतिरिक्त जिला शिमला में शिमला लोकसभा विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 लाख 90 हजार 317 मतदाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में टोल फ्र ी नंबर 1950 भी जारी किया गया है जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता के उलंघन की शिकायत कर सकता है। जिला में चुनाव के लिए पर्याप्त मात्रा में 1731 बैलट यूनिट, 1432 कंट्रोल यूनिट एवं 1877 वीवीपीएटी है। जिला में 7 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन है जिसमे से 3 चोपाल एवं 4 शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र में मौजूद है। जिला में 23 मॉडल पोलिंग स्टेशन है। 16 पोलिंग स्टेशन महिलाओं द्वारा संचालित किए जायेंगे तथा 8 पीडब्ल्यूडी श्रेणी के लोगों द्वारा किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि शिमला में सबसे बड़ा पोलिंग स्टेशन शंगीन है जहां 1348 मतदाता है तथा सबसे छोटा पोलिंग स्टेशन समरहिल है। जिला में कुल 7274 पीडब्ल्यूडी मतदाता है तथा 12629 मतदाता 50 साल की उम्र से अधिक के है।

कांग्रेस को उपचुनाव को जीतने के लिए लगाना पड़ेगा एड़ी चोटी का जोर

चमन शर्मा

शिमलाः हिमाचल में सुक्खू सरकार के लिए विधानसभा उपचुनाव का इम्तिहान लोकसभा से बड़ा होगा। प्रदेश में अभी कांग्रेस के 34, भाजपा के 25 और 3 निर्दलीय विधायक हैं। छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने के बाद बहुमत के लिए 35 का आंकड़ा चाहिए ऐसे में अल्पमत में आने से बचने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खूए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की तिकड़ी को एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा। चुनावों के आखिरी चरण में भाजपा के हिमाचल में होने वाले ताबड़तोड़ चुनाव प्रचार के काउंटर के लिए भी ठोस रणनीति बनानी पड़ेगी। धर्मशाला, सुजानपुर, कुटलैहड़, गगरेट, बड़सर और लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस को भाजपा के साथ-साथ अपने ही पूर्व विधायकों के समर्थकों का भी चुनाव मैदान में सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस को उत्तर भारत में बची अपनी एकमात्र सरकार को बचाने के लिए अपने वर्तमान विधायकों को साथ में रखते हुए उपचुनाव में कम से कम एक सीट जीतना जरूरी होगा।एक सीट जीतकर कांग्रेस का विधानसभा में आंकड़ा 35 हो जाएगा। इससे सरकार बहुमत में आ जाएगी। अगर कांग्रेस को उपचुनाव में किसी भी सीट पर जीत नहीं मिलती है तो इनके विधायकों की संख्या 34 ही रहेगी। जबकि छह सीटें जीतने पर भाजपा के विधायकों की संख्या 25 से बढकर 31 हो जाएगी। वर्तमान परिस्थिति में निर्दलीय तीन विधायक भी भाजपा के साथ हैं, ऐसे में भाजपा और निर्दलीय मिलकर 34 विधायक हो जाएंगे। इस स्थिति में अगर सुक्खू सरकार को बहुमत साबित करना पड़ा तो कांग्रेस के पास 33 विधायक ही रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष सिर्फ बराबरी के वोट पड? पर ही मतदान कर सकते हैं। कांग्रेस सरकार को इन हालात को टालने के लिए अभी से व्यापक स्तर पर होमवर्क करना होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह की भूमिका भी अब अहम हो गई है। प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रह चुके दिवंगत वीरभद्र सिंह के समर्थकों को पूरे प्रदेश में साधने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू को प्रतिभा और विक्रमादित्य सिंह को पूरा अधिमान देना होगा।

न्यायपालिका पर विश्वास :रवि

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति से कांग्रेस के बागी विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। 18 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है और फैसला उनके पक्ष में आएगा और उपचुनाव नहीं होंगे। रवि ठाकुर ने कहा कि वह अभी दिल्ली में हैं। कहा कि उन्होंने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने जनता के हित में काम किया है।

इस्तेमाल नहीं हो सकेंगे सरकारी वाहन और हेलिकॉप्टर

हिमाचल प्रदेश में सरकारी वाहनों को चुनावी गतिविधियों में इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की ओर से इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

नगदी ले जाते समय साथ रखें आवश्यक दस्तावेज: मुकेश रेपसवाल

हामिद

चंबाः लोक सभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल ने लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया के दौरान जिला वासियों को सूचित किया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की अवधि के दौरान जिला चंबा में मतदाताओं को धनराशि व शराब का वितरण तथा मतदाताओं को लुभाने के लिए अन्य वस्तु देना या रिश्वत देना दंडनीय अपराध है। जिसकी निगरानी व रोकथाम के लिए जिला में निर्वाचन अवधि के दौरान सभी पांचो विधानसभा क्षेत्रों में उड़ान दस्तों का गठन किया गया है। उन्होंने जन साधारण से अपील की है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की अवधि के दौरान आवश्यकता पड? पर 50 हजार या इससे अधिक नगद राशि ले जाते समय अपना पैन कार्ड व उसकी प्रतिलिपि, व्यवसाय पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि, बैंक की पासबुक या बैंक खाते की स्टेटमेंट जिसमें निकाली गई राशि को दशार्या गया हो, यदि ले जाई जा रही राशि व्यावसायिक लेनदेन से संबंधित हो तो कैश बुक की कापी तथा ले जाई जा रही नगदी के उद्देश्य से संबंधित प्रमाण दस्तावेज जैसे शादी का कार्ड अथवा अस्पताल में दाखिल होने संबंधी दस्तावेज इत्यादि साथ में अवश्य रखें अन्यथा उडनेदस्तों द्वारा धनराशि को जब्त किया जा सकता है।

हिमाचल महिला हैंडबाल टीम ने किया जीत का शुभारंभ

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुरः दादर नगर हवेली के आनंद इंटरनेशनल स्कूल में चल रही 52वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने जीत के साथ आगाज किया है। यह जानकारी देते हुए टीम के मैनेजर विवेक पठानिया ने बताया कि टीम प्रशिक्षक हिमांशु गौतम के योग्य दिशाण्निर्देश में जागृति के 7, अवन्तिका के 2, दीक्षा के 2, दिव्या के 2, मोनिका के 2, रेखा के 1 तथा नेहा के 1 गोल की बदौलत प्रदेश की टीम ने कर्नाटक को 4 के मुकाबले 17 गोलों से परास्त किया।

आदर्श चुनाव आचार संहिता का अनुपालना करें सुनिश्चित: जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त

श्याम कुल्वी

कुल्लूःउपायुक्त तोरुल एस रवीश ने गत दिवस को पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के मतदान की अधिसूचना जारी होने के साथ ही समूचे कुल्लू जिला में शनिवार शाम से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने सभी आम नागरिकों को आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित बनाने का आग्रह किया है।उपायुक्त ने कहा कि कुल्लू जिला के 4 विधानसभा क्षेत्रों में 575 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिसमें 3 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन हैं। उन्होंने कहा कि

जिले के चार विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक में दो-दो महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन मतदान केंद्रों पर केवल महिला कर्मचारी ही मतदान प्रक्रिया का संचालन करेगी। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक मतदान केंद्र युवा मतदान कर्मचारियों द्वारा संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 32 हजार 574 है जिसमें एक लाख 67 हजार 906 पुरूष मतदाता एएक लाख 63 हजार 595 महिला मतदाता एएक थर्ड जेंडर व 1072 सर्विस मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 3223 दिव्यांग मतदाता तथा 2873 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के है। 18-19 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाताओं की संख्या 8181 है।

व्यवसायियों की आम सभा का आयोजन रामा सामुदायिक भवन में किया

श्याम कुल्वी

कुल्लू: व्यापार मण्डल कुल्लू के अध्यक्ष मदन लाल सूद की अध्यक्षता में कुल्लू नगर के वार्ड नंबर-4, 5, 6 व 7 के सभी प्रकार के दुकानदारों एवं व्यवसायियों की आम सभा बैठक का आयोजन रामा सामुदायिक भवन लोअर ढालपुर में किया गया। इस बैठक में निम्नानुसार वार्ड समितियों का गठन किया गया। जिसमें वार्ड नम्बर 5 से अध्यक्ष विपुल पराशर, उपाध्यक्ष बुशेहरी लाल, महासचिव आदित्य चौधरी, सचिव मुरारी लाल, वार्ड नम्बर 6 से अध्यक्ष विनय सूद, उपाध्यक्ष अजय प्रताप, महासचिव सुनील दत्त, सचिव शाहबुद्दीन, कोषाध्यक्ष कुनाल शर्मा तथा वार्ड नम्बर 7

से अध्यक्ष यश शर्मा को मनोनीत किया गया। इस बैठक में व्यापार मण्डल के मुख्य संरक्षक दिनेश सेन ने सभा को संबोधित करते हुए व्यापार मण्डल के उदेश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा उन्होंने ये भी बतलाया कि आगामी समय में कुल्लू शहर के शेष बचे हुए 8,9,10 व 11 नम्बर वार्डों की उपसमितियों का गठन शीघ्र अति शीघ्र सम्पन्न किया जाएगा।

हाथ से मैला ढोने वाले सफाई कर्मियों का पता 15 अप्रैल तक लगाया जाएगा

एसपी जैरथ

नाहनः मैला ढोने का कार्य करने वाले अथवा हाथ से गंदगी साफ करने वाले सफाई कर्मचारियों का पता लगाने और उनके कल्याण, उत्थान एवं पुनर्वास हेतु आवश्यक कदम उठाने के लिए सिरमौर जिला में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार एक व्यापक सर्वे कार्य आरम्भ किया गया है। इस सर्वे कार्य हेतु जिला स्तर पर एक कमेटी का गठन किया गया है जिसमें जिला दंडाधिकारी सुमित खिमटा को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। जिला दंडाधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने आज नाहन में जिला स्तरीय सर्वे कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि जिला में सर्वे कार्य 15 मार्च से

प्रारम्भ हो गया है और 15 अप्रैल 2024 तक यह सर्वे कार्य संपन्न किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीओ के माध्यम से पंचायतों द्वारा सर्वे का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की सूचना शहरी और ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों को निर्देश दिए गए हैं। सुमित खिमटा ने कहा कि यद्यपि अभी तक की जानकारी के अनुसार जिला सिरमौरा में आधुनिक

सर्वे

8 सर्वे कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि जिला में सर्वे कार्य 15 मार्च से प्रारम्भ हो गया है

शौचालयों के निर्माण के कारण अब पुराने ढंग से मैला ढोने का कोई भी मामला सामने नहीं आया है लेकिन, सेप्टिक टैंकों, शौचालयों और नालियों की सफ ाई के लिए अक्सर सफ ाई कर्मचारियों की सेवाएं ली जाती हैं। उन्होंने कहा कि अगर ये कर्मचारी अभी भी यह कार्य हाथ से कर रहे हैं तो इन्हें भी सर्वे में शामिल किया जा सकता है। उपायुक्त ने ग्रामीण विकास, पंचायतीराज और शहरी निकाय के अधिकारियों को सर्वे के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि सभी पात्र सफ ाई कर्मचारी 15 अप्रैल, 2024 तक अपने दावे प्रस्तुत कर सकें। जिला कल्याण अधिकारी सिरमौर विवेक अरोड़ा ने बैठक का संचालन किया और सर्वे के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिला कार्यक्रम अधिकारी सिरमौर सुनील शर्मा, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद नाहन संजय तोमर के अलावा समिति के अन्य गैर सरकारी सदस्यों में हरीश कल्याण, गौतम चौहान, साहिल व अन्य सदस्य भी बैठक में शामिल रहे।

तीन माह में गोविंद सागर झील में चलेंगे क्रूज, शिकारा: मुख्यमंत्री

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटिज के लिए टेंडर हो चुका जारी

चमन शर्मा

शिमला:बिलासपुर जिला की गोविंद सागर झील में जल्द ही शिकारा, क्रूज, बनाना राइड, सोफा राइड जैसी वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां शुरू हो जाएंगी पर्यटक दूर-दूर से आकर जिला बिलासपुर में विभिन्न जल क्रीड़ाओं का आनंद ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लगभग तीन माह पूर्व गोविंद सागर झील में एडवेंचर एक्टिविटिज के लिए जिला प्रशासन बिलासपुर ने निविदाएं आमंत्रित की थी तथा इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद अब



टेंडर अवार्ड कर दिए गए हैं। प्रक्रिया पूरी करने के बाद जिला प्रशासन बिलासपुर ने गोविंद सागर झील में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटिज के लिए टेंडर अवार्ड कर दिए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि टेंडर के माध्यम से चुनी गई कंपनी अगले तीन माह में गोविंद सागर झील में अपनी गतिविधियां शुरू कर देगी और इस अवधि के दौरान कंपनी अपनी तैयारियाँ पूरी करेगी। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिला में वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटिज शुरू होने के बाद जिला में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे,जिससे क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आएगी। दूर-दूर से पर्यटक आकर गोविंद सागर झील में विभिन्न वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटिज का लुत्फ उठा सकेंगे। बिलासपुर जिला के साथ-साथ प्रदेश में पर्यटकों की संख्या को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। पर्यटन के साथ-साथ प्रदेश के हजारों परिवार जुड़े हैं और यह क्षेत्र हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी का मुख्य आधार है ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। राज्य सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए अपने बजट में बढ़ौतरी की है और हिमाचल प्रदेश में ग्रीन इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जा रहा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने हिमाचल को अपना दूसरा घर माना: बिंदल

चमन शर्मा

शिमला: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी ने हिमाचल को अपना दूसरा घर माना और केंद्र सरकार ने हिमाचल को कई बड़ी सौगात दी जिससे हिमाचल को बड़ा लाभ हुआ। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के समदो-काजा-ग्राम्फू खंड पैकेज-4 के लिए केंद्र सरकार ने 518.90 करोड़ की स्वीकृति दे दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसे लेकर सूचना भी दी है। यह मार्ग मनाली-लेह और हिंदुस्तान तिब्बत मार्ग को आपस में जोड़ता है। सड़क की स्थिति सुधरने से पर्यटन को भी रफ्तार मिलेगी। केंद्र सरकार ने सामरिक

महत्व के 209 किलोमीटर लंबे समदो-काजा-ग्राम्फू सडक मार्ग को स्तरोन्नत करने का फैसला लिया है। हार्ड शोल्डर के साथ इंटरमीडिएट लेन में सुधार के लिए बजट को स्वीकृति दी गई है। इस सडक के महत्व को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने इसे स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया है। यह मार्ग देश के दो महत्वपूर्ण मार्ग मनाली-लेह और हिंदुस्तान तिब्बत मार्ग को आपस में जोड़ता है। गर्मियों में स्पीति घाटी सैलानियों की पहली पसंद रहती है। सैलानी शिमला-किन्नौर होते हुए काजा पहुंचते है और काजा से बाया कुंजम होते हुए पर्यटन नगरी मनाली में दस्तक देते हैं। बिंदल ने कहा हम केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का हिमाचल के लोगों की ओर से धन्यवाद करते हैं।चीन सीमा से सटे किन्नौर में लगेंगे बीएसएनएल के 50 नए टावर वहीं, चीन सीमा से सटे जिला किन्नौर में बीएसएनएल ने 50 नए टावर लगाने का काम शुरू कर दिया है।

न्यूज फ्लैश

संयम और बरकत के महीने रमजान में गरीबों की यथासंभव करें मदद: हारूण मोहम्मद हरी

कश्मीर ठाकुर

रमजान का महीना पवित्र महीनों में से एक माना गया है। इस महीने किए गए पुनीत कार्यों का फल कई गुणा अधिक मिलता है। ऐसे में सुविधा संपन्न लोगों को चाहिए कि वे समाज की मदद के लिए आगे आएं और जो परिवार गरीबी से जूझ रहे हैं, उनके लिए मदद के हाथ आगे बढ़ाएं। यह बात रविवार को जामा मस्जिद बिलासपुर के प्रधान हारूण मोहम्मद उर्फ हरी ने कही। हारूण मोहम्मद ने बताया कि मस्जिद कमेटी की ओर से इस पाक महीने में गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए विशेष खाका तैयार किया गया है। जिसके तहत ऐसे परिवारों को चिन्हित किया गया है जो वास्तव में गरीबी और मुफ लिसी में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि कमेटी द्वारा ऐसे परिवारों को राशन वितरित किया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य जरूरत का सामान भी दिया जा रहा है। हरी ने बताया कि रमजान का महीना 11 मार्च से शुरू हो गया है जो कि 11 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान इद-उल-फि तर का त्योहार मनाया जाएगा। हरी ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के सभी लोग इस पवित्र महीने में महीना भर रोजे रखे जाते हैं तथा दिन-रात नमाज और इबादत का दौर चला रहता है। यह महीना संयम और समर्पण के साथ खुदा की इबादत का महीना माना जाता है जिसमें हर आदमी अपनी रूह को पवित्र करने के साथ अपनी दुनियादारी की हर हरकत को पूरी तत्परता के साथ वश में रखते हुए केवल अल्लाह की इबादत में समर्पित हो जाता है। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में की गई खुदा की इबादत बहुत असरदार होती है। इसमें खान-पान सहित अन्य दुनियादारी की आदतों पर संयम किया जाता है। तराबी और नमाज पढ़ें से बारम्बार अल्लाह का जिक्र होता रहता है जिसके द्वारा इंसान की आत्मा यानि पवित्र होती है। उन्होंने कहा कि गलतियों को सुधारने और नेकी कर बरकत पाने के लिए यह महीना विशेष मायने रखता है। इसलिए लोगों को अपनी नेक कमाई का कुछ हिस्सा गरीबों में बांटना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों में राशन बांटने का काम निरंतर जारी रहेगा।

आदर्श आचार संहिता के दौरान हथियार लेकर चलने पूर्ण प्रतिबंध

खेमचंद शास्त्री

मंडी: लोकसभा चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारू और शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित बनाने के लिए जिले भर में आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध में सीआरपीसी की धारा-144 के तहत आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अपूर्व देवगन ने बताया कि चुनाव घोषणा से लेकर चुनाव परिणाम तक किसी भी तरह के घातक हथियार या विस्फोटक सामग्री लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।इसका उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी लाईसेंस धारकों को चुनाव प्रक्रिया के पूरा होने तक अपने हथियार संबंधित थानों में जमा कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा से संबंधित डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों और होमगार्ड्स, बैंक एवं एटीएम गार्ड्स और एटीएम कैश वैन गार्ड्स इत्यादि सुरक्षा कर्मचारियों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इसके अतिरिक्त वह खिलाड़ी जो राष्ट्रीय राइफ ल एसोसिएशन के सदस्य हैं के खेलों में भाग लेने पर इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

डॉ. राकेश प्रताप ने संभाला जिला शिमला के नए सीएमओ का कार्यभार

चमन शर्मा

शिमला:डा. राकेश प्रताप ने जिला शिमला शिमला के नए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में बीते कल अपना कार्यभार संभाल लिया है। जबकि इस पद पर तैनात डॉ. सुरेखा चोपड़ा को मानसिक अस्पताल बालूगंज शिमला में बतौर चिकित्सा अधीक्षक लगाया गया है। बता दें कि डॉ. राकेश प्रताप इससे पहले मशोबरा में खंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर तैनात थे। हाल ही में हुई पदोन्नति के फलस्वरूप डॉ. राकेश प्रताप को उनके अनुभव और विभाग में विभिन्न पदों पर रहते हुए किए गए उल्लेखनीय कार्य को देखते हुए इन्हें जिला शिमला का सीएमओ लगाया गया है। डा.

राकेश प्रताप मूलतः सोलन के रहने वाले है। वर्ष 1993 में इन्होंने स्वास्थ्य विभाग में बतौर चिकित्सक ज्वायन किया था और विभाग के विभिन्न अस्पतालों में उत्कृष्ट सेवाएं देने के उपरांत डॉ. राकेश प्रताप ने करसोग और मशोबरा में बतौर बीएमओ सराहनीय सेवाएं दी है जिसकी चहुंओर प्रशंसा की जा रही है। कार्यभार संभालने के उपरांत डॉ. राकेश प्रताप ने बताया कि जिला शिमला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में लोगों को घरद्वार पर बेहतरीन और गुणात्मक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करवाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों में स्टॉफ की कमी है परंतु उपलब्ध स्टॉफ और सुविधाओं का प्रबंधन करके लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों को भी सही परिप्रेक्ष्य में कार्यान्वित किया जाएगा।

बैहरन में विशाल छिंज का आयोजन 19 मई को: नंद लाल ठाकुर

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: बैहरन में आयोजित होने वाले विशाल दंगल को लेकर छिंज कमेटी की बैठक प्रधान नंद लाल ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 19 मई को छिंज का आयोजन किया जाएगा जबकि 18 मई को सवाल होगा। छिंज में हिमाचल प्रदेश के उदीयमान और स्थापित पहलवानों को मौका दिया जाएगा। प्रधान नंद लाल ठाकुर ने बताया कि इस दंगल में करीब दस लाख रूपए की राशि व्यय की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार तीन वर्गों में बांटा गया है। तीन मालियों में एक हिमाचल के पहलवानों के लिए, एक बिलासपुर केसरी माली होगी, इसमें 20 वर्ष आयु के कम के युवा पहलवान भाग ले सकते हैं। इसके अलावा देश और प्रदेश के अच्छे और नामी पहलवानों की सीधी कुश्तियां करवाई जाएंगी।

शिक्षक प्रशिक्षण विषय विज्ञान की 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर:समग्र शिक्षा के अंतर्गत पांच दिवसीय विषय आधारित शिक्षक प्रशिक्षण विषय विज्ञान की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन बीआरसीसी भवन घुमारवीं, विषय अंग्रेजी का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं और विषय संस्कृत का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय के भवन बरठीं में 11 मार्च से 15 मार्च तक किया गया। इन कार्यशालाओं में बिलासपुर जिला के विज्ञान, अंग्रेजी व संस्कृत विषय के लगभग 61 स्नातक शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला

में स्त्रोत व्यक्तियों में शिक्षक वर्षा अंजना चैहान, महिंदर सिंह, रानी, अनुराधा शर्मा, पूजा शर्मा, शशिपाल और शिव शर्मा ने शिक्षकों को शिक्षण के नये-नये गुर सिखाये। इन कार्यशालाओं में विभिन्न विषयों में आधुनिक तकनीकों, शिक्षण कौशलों और नयी पाठ योजना की जानकारी दी गयी। कार्यशालाओं में एनईपी 2020 के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। एनएएस 2017 और एनएएस 2021 के सर्वेक्षणों का परिणाम शिक्षकों के समक्ष रख कर मंथन किया गया। एनसीईएफ 2005 के अनुसार शिक्षण अधिगमों की जानकारी दी गई। ब्लूम टेक्सोनोमी के बारे में उदाहरणों सहित बताया गया। शिक्षण संबधित पोस्टर, चार्ट्स और प्रोजेक्ट प्रारूप बनाना बताया गया। मॉडल बनाना और पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन बनाना भी इस प्रशिक्षण के दौरान सिखाया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में निर्मला देवी खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ने अपने अनुभव सांझा किये। अतिथि व्याख्यान में अश्वनी शर्मा प्रधानाचार्य एवं खंड परियोजना अधिकारी घुमारवीं ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया प्रशिक्षणार्थियों को दस्तावेज बैग और प्रमाणपत्र वितरित किये गए। यह जानकारी प्रेम लाल जिला शिक्षक प्रशिक्षण समन्वयक जुखाला जिला बिलासपुर ने दी।

किसी प्रकार का प्रलोभन देकर मतदान करवाने वाले को हो सकती है जेल

हामिद

चंबा : उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा ने लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया के दृष्टिगत जनसाधारण को सूचित किया है कि लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया के दौरान भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार यदि कोई व्यक्ति धनराशि या अन्य किसी भी प्रकार का परितोषण प्राप्त करता है या किसी अन्य व्यक्ति को देता है जो की किसी व्यक्ति के मतदान करने में अधिकार को प्रभावित करता हो ऐसे व्यक्ति को एक वर्ष का कारावास या जुर्माना अथवा दोनों सजाएं हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता की धारा 171ग के अनुसार यदि कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या मतदाता को या ऐसे व्यक्ति को जिससे अभ्यर्थी या मतदाता हितबद्ध है किसी प्रकार भी प्रकार की क्षति करने की धमकी देता है उसे एक साल के कारावास या जुर्माना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रिश्वत लेने और देने वाले दोनों के खिलाफ तथा मतदाताओं को डराने पर धमकाने में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज करने के लिए प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र वार उडनदस्ता दलों का गठन किया गया है उन्होंने जिला के सभी नागरिकों से सख्त अनुरोध किया है कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की रिश्वत का लेन-देन न करें तथा यदि कोई भी व्यक्ति रिश्वत देता या लेता है या मतदाताओं को डराने व धमकाने का काम करता है अथवा इस संबंध में कोई जानकारी रखता है। तो इसकी सूचना जिला चंबा में स्थापित जिला स्तरीय शिकायत निगरानी कक्ष कंप्लेंट मॉनिटरिंग सेल में स्थापित 24ग्7 निशुल्क दूरभाष नंबर 1950 पर दी जा सकती है।

चुनावों में रिश्वत देने और लेने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उडनदस्ते गठित: उपायुक्त

खेमचंद शास्त्री

मंडी: जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त मण्डी अपूर्व देवगन ने कहा कि चुनावों में मतदाताओं को डराने और धमकाने में लिप्त लोगों और रिश्वत देने और लेने वालों के विरूद्ध मामले दर्ज करके ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए उडनदस्ते गठित किए गए है। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी प्रकार की रिश्वत स्वीकार न करें और यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्वत की पेशकश करता है या रिश्वत और निर्वाचकों को डराने-धमकाने के

गठित

8 रिश्वत देने और लेने वालों के विरूद्ध मामले दर्ज करके ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए उडनदस्ते गठित किए गए

मामलों की जानकारी है तो ऐसे मामलों को टोल फ्री नंबर 1950 पर सूचित करें।उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार, जो कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में कोई परितोषण देता है या लेता है तो वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ग के अनुसार जो व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट पहुंचाने की धमकी देता है। वह एक वर्ष के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा।

पीएचसी सलोआ से एडल्ट बीसीजी टीकाकरण का शुभारंभ

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: जिला बिलासपुर के श्री नयना देवी जी स्वास्थ्य खंड के अंतर्गत आज एडल्ट बीसीजी टीकाकरण का शुभारंभ प्राइमरी हेल्थ सेंटर सलोआ में ब्लाक मेडिकल ऑफिस सर डॉक्टर सुरिंदर सिंह बावा द्वारा किया गया। पत्रकारों को जानकारी देते हुए डॉ. एसएस बावा ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे देश में लॉन्च किया गया है। जिसके तहत इसे जो प्रदेश चुना गया है। उसमें सबसे पहले जिला बिलासपुर चुना गया है। जिसके तहत आज इस कार्यक्रम की शुरुआत सीएमओ डॉ. प्रवीण चैधरी के दिशा-निर्देशों के अनुसार की गई है। जितने भी लाभार्थी यहां

पर पहुंचे हैं। इन लोगों का रजिस्ट्रेशन टीबी बिन ऐप पर किया है और वैक्सीनेशन शुरू किया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को यह एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन लगाया जाएगा। उन लोगों को यहां पर आधा घंटा बिठाया जाता है। इसके साथ डॉक्टर बावा ने लाभार्थियों को फायदे भी बताए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इन लोगों पर तीन साल तक निगरानी रखी जाएगी और स्वास्थ्य विभाग के पास एक डाटा तैयार किया जाएगा। जिसके जितने भी लोगों को यह टीकाकरण हुआ है। इन लोगों को क्याक्या फ ायदा हुआ है। इस मौके पर खंड स्वास्थ्य अधिकारी श्री नयना देवी जी डॉ. एसएस बावा ने अपने सभी चिकित्सकों और अन्य स्टाफ को इस कार्यक्रम के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी तथा उन्होंने सीएमओ बिलासपुर डॉ. प्रवीण चैधरी का आभार व्यक्त किया है। जिनके सहयोग से इस कार्यक्रम का शुभारंभ श्री नयना देवी जी ब्लॉक में किया गया है। इस मौके पर डॉ. एसएस बावा, बीएमओ श्री नयना देवी जी, डॉ. नीलकमल, गुरनेत्र सिंह फ मिसी आफि सर, हरभजन सिंह सुपरवाइजर, हेल्थ वर्कर विनय कुमारी व आशा वर्कर मौजूद रहे।

भव्य शोभा यात्रा के साथ राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का शुभारम्भ

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर : राज्य स्तरीय नलवाडी मेले के शुभारम्भ अवसर पर मण्डलायुक्त मण्डी राखिल काहलों ने जिला वासियों को नलवाड़ी मेले की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेल, पर्व व त्यौहार किसी भी समाज की जीवन परंपराओं व समृद्ध संस्कृति के परिचायक होते हैं। यह किसी न किसी सांस्कृतिक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि अथवा प्राकृतिक परिवर्तनों के साथ जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि वसंत ऋतु के आगमन से जुड़े यह मेला चैत्र यानी 17 मार्च से शुरू होकर लगभग सप्ताह भर चलता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मेले में परंपरा के अनुरूप पशु व्यवसाय, छिंज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी क्षेत्रवासी भरपूर आनंद का अनुभव करेंगे।उन्होंने कहा कि सांडू के मैदान से लुहणू के मैदान में परिवर्तित नलवाड़ी मेले में अनेक परिवर्तन हुए। आधुनिक चकाचौंध के

कारण मेले के स्वरूप में बदलाव के बावजूद भी मेले की परंपरा व पौराणिकता को यथावत जीवंत बनाए रखने में मेला कमेटी और सभी जिला वासियों का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आपसी भाई-चारे व सांस्कृतिक धरोहर को जीवत रखने के प्रतीक हमारे मेले व त्यौहार जनमानस में परस्पर मधुर मिलन व सह-अस्तित्व की भावना का संचार करते हैं। इससे पूर्व उन्होंने लक्ष्मी नारायण मन्दिर में पूजा-अर्चना के पश्चात लुहणू मैदान तक भव्य शोभा यात्रा का नेतृत्व भी किया, जहां उन्होंने बैल पूजन व खून्टी गाड़ कर नलवाड़ी मेले का विधिवत शुभारम्भ किया। उन्होंने नलवाड़ी मेले के ध्वज को फहराने के अतिरिक्त प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए अध्यक्ष मेला कमेटी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि बिलासपुर जनपद के राजा विजय सेन के समय में शुरू हुआ यह मेला आज 135 वें साल में प्रवेश कर गया है। उन्होंने कहा कि मूलतः बैलों की खरीद फरोख्त से शुरू हुए इस मेले में समय-समय पर अमूलचूक परिवर्तन होते रहे हैं । उन्होंने कहा कि मेले को आकर्षक बनाने के लिए बिलासपुर रियासत के अन्तिम राजा आनंद चंद ने इस मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम कुश्ती एवं अन्य खेलों को जोड़ा था ताकि लोगों का मनोरंजन भी हो सके।उन्होंने बताया कि इस वर्ष पशुधन के महत्व को बरकरार रखने के लिए मेला कमेटी द्वारा आकर्षक इनामों के साथ पशुपालकों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी।

आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है कांग्रेस सरकार: जयराम ठाकुर

चमन शर्मा

शिमला :पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। कांग्रेस चुनाव के समय प्रदेश के लोगों के साथ धोखा करके जन समर्थन हासिल करना चाहती है। इसीलिए चुनाव आते ही वह बड़ी-बड़ी बातें और घोषणाएं करती है, झूठी गारण्टियां देती है और चुनाव के बाद भूल जाती है। कांग्रेस को भूलना नहीं चाहिए कि झूठ और फरेब की राजनीति ज्यादा दिन तक नहीं चलती है। कांग्रेस का भांडा फूट चुका है। प्रदेश के लोग कांग्रेस को जवाब देने के लिए तैयार बैठे हैं। उस बार के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का पता ही नहीं चलेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने विधान सभा आम चुनाव के समय कांग्रेस ने हिमाचल में दस गारंटियां दी और उन्हीं झूठी गारंटियों के नाम पर सरकार में आई। उन गारंटियों में एक गारंटी प्रदेश की 18 से 60 साल की महिलाओं को 1500 रुपए महीना देने की गारंटी भी थी। जिसके लिए कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की माताओं.बहनों से नकली फॉर्म भी भरवा लिए थे। सत्ता में आने के डेढ़ साल बाद तक सरकार ने कोई काम नहीं किया और जब चुनाव की तारीख एकदम नजदीक आ गये तो बिना बजट में इस योजना का प्रावधान किए महिलाओं को फिर से 1500 रुपए देने की घोषणा कर दी और फॉर्म भरवाना शुरू कर दिया है। आचार संहिता लगने के बाद भी कांग्रेस सरकार द्वार इस तरह के महिलाओं के साथ धोखा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने पहले विधान सभा चुनाव के पहले प्रदेश की माताओं बहनों से महिला सम्मान निधि के फ ॉर्म भरवा रहे थे और अब जब लोक सभा चुनाव सिर पर है तो फिर से बिना बजट में योजना के लिए पैसों का प्रावधान किए ही फिर से फॉर्म भरवा रही है।

ढोल नगाड़ों की थाप पर भव्य शोभायात्रा के साथ राज्यस्तरीय नलवाड़ी मेला शुरू

आदर्श आचार संहिता के चलते मेले के शुभारंभ पर डिवीजनल कमीशनर मंडी राखिल काहलों द्वारा किया गया

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुरः बिलासपुर का नलवाड़ी मेला भव्य शोभायात्रा, बैल पूजन और खूंटा गाढने की रस्म के साथ शुरू हो गया। आदर्श आचार संहिता के चलते मेले के शुभारंभ पर डिवीजनल कमीशनर मंडी राखिल काहलों द्वारा किया गया, जबकि इससे पूर्व बिलासपुर जिला से एकमात्र काबिना मंत्री राजेश धमार्णी द्वारा यह कार्य किया जाना था। इससे पहले नगर के डियारा सेक्टर में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में प्रशासनिक अधिकारियोंए कर्मचारियों और नगरवासियों का आना शुरू हो गया था। मुख्यातिथि के आने के बाद मंदिर न्यास पुजारी पंडित बाबू राम शर्मा ने विधिवत तरीके से नंदी बैल का पूजन करवाया तथा बाद में शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। रंग बिरंगे परिधानों में सजे लोगों की आभा देखते ही बन रही थी। यह शोभायात्रा नगर की परिक्रमा करते हुए मेला स्थल लुहणु मैदान पहुंची। जहां पर खूंटा गाढ? की रस्म के साथ सात दिनों तक चलने वाले मेले का शुभारंभ हो गया। अपने उदबोधन में मुख्यातिथि राखिल काहलों ने जिला वासियों को नलवाड़ी मेले की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेले पर्व व त्यौहार किसी भी समाज की जीवन परंपराओं व समृद्ध संस्कृति के परिचायक होते हैं। यह किसी ना किसी सांस्कृतिक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि अथवा प्राकृतिक परिवर्तनों के साथ जुड़े होते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मेले में परंपरा के अनुरूप पशु व्यवसाय, छिंज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी क्षेत्रवासी भरपूर आनंद का अनुभव करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए अध्यक्ष मेला कमेटी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि बिलासपुर जनपद के राजा विजय सेन के समय में शुरू हुआ यह मेला आज 135 वें साल में प्रवेश कर गया है। उन्होंने कहा कि मूलतः बैलों की खरीद फ रोख्त से शुरू हुए इस मेले में समयण्समय पर अमूलचूक परिवर्तन होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेले को आकर्षक बनाने के लिए बिलासपुर रियासत के अन्तिम राजा आनंद चंद ने इस मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम कुश्ती एवं अन्य खेलों को जोड़ा था ताकि लोगों का मनोरंजन भी हो सके। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पशुधन के महत्व को बरकरार रखने के लिए मेला कमेटी द्वारा आकर्षक इनामों के साथ पशुपालकों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त जनपद की लोक संस्कृति को उजागर करने के लिए आगामी 3 दिनों तक दैनिक में लोक कलाकारों को मंच दिया जाएगा तथा 20 मार्च से रात्रि के कार्यक्रमों में प्रदेश के समृद्ध संस्कृति के संवर्धन के लिए स्थानीय कलाकारों सहित हिमाचल के विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दलों व स्थापित कलाकर इस मेले में अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में बिलासपुर के विकास के को दर्शार्ती लेजर लाइट शो, पद्मश्री कैलाश खेर, प्रसिद्ध पंजाबी गायक गुरनाम सिंह भुल्लर और हार्मनी ऑफ पाइंस मुख्य आकर्षण होंगे।

दो दिवसीय हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का किया आयोजन

सुभाग सचदेवा

गोहरः अभिलाषी विश्वविद्यालय, चैलचौक, मंडी के स्कूल ऑफ फि जिओथेरेपी ने दो दिनों की हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य रीढ़ की हड्डी को संरचनात्मक एवं एमईटी के साथ सुधारना था। यह वर्कशॉप अध्यापकों और विद्यार्थियों कि ज्ञान वृद्धि के लिए आयोजित की गई। इस दो दिवसीय वर्कशॉप का उद्घाटन विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर प्रोफेसर एचएस बनयाल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि मनुष्य के शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग रीढ़ की हड्डी है। इसमें किसी भी प्रकार के विकार से सारे शरीर को नुकसान होता है। उन्होंने सभी विद्यार्थिओं को बताया कि इस प्रोफेशन में हैंड्स-ऑन वर्कशॉप से बहुत कुछ सीखने को मिलता है और आपकी निपुणता बढती है। इस वर्कशॉप में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के फि जियोथेरेपी विभाग से डॉ. मनोज मलिक रिसोर्स पर्सन रहे। उन्होंने प्रशिक्षु डाक्टरों को रीढ़ की हड्डी को मांसपेशी ऊर्जा तकनीक द्वारा उपचार करने के तौर तरीकों पर हैंड्स ओन प्रैक्टिस करवाई। उन्होंने साथ में ही स्पाइन एलाइनमेंट को सही करने के विषय पर भी नये प्रकार की तकनीकों से अवगत करवाया।

स्कूल ऑफ फि जियोथेरेपी के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक चौहान ने बताया की इस वर्कशॉप में 16 घंटे का व्यावहारिक अभ्यास शामिल था। जिसमें रीढ़ की हड्डी की माल एलाइनमेंट को ठीक करने के लिए विभिन्न प्रकार की तकनीको का उपयोग बताया गया। अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ आर के अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एल.के. अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचएस बनयाल, रजिस्ट्रार डॉ कपिल कपूर, आयुवेर्दा और स्वास्थ्य संकाय के डीन प्रो. डीके मिश्रा, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रोमिला अभिलाषी और सचिव नरेंद्र कुमार ने हैंड्स-ऑन वर्कशॉप के सफल आयोजन के लिए समस्त स्टाफ को बधाई दी।

बरोट स्कूल की ईशा व रोहित अब सैनिक स्कूल में करेंगे पढ़ाई

टीम एक्शन इंडिया

मंडी।

शिक्षा खंड दरंग-1 की राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला बरोट की ईशा व रोहित अब सैनिक स्कूल में पढ़ाई करेंगे। दोनों होनहार विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों होनहारों ने बीते जनवरी महीने में हुई सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। ईशा बरोट के साथ लगते ढरांगण गांव के रिटायर्ड सूबेदार रामदेव व देवकली की बेटी जबकि रोहित थूजी गांव के रणवीर सिंह व सुभद्रा देवी का बेटा है। दोनों ही विद्यार्थियों का असाधारण प्रदर्शन, उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और स्कूल द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा के उच्च मानकों को दशार्ता है। सैनिक स्कूल परीक्षा अपनी कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया, विद्यार्थियों की शैक्षणिक और समग्र क्षमताओं का आकलन करने के लिए जानी जाती है। पूरे भारत के विभिन्न राज्यों के स्कूलों के कई प्रतिभागियों के बीच ईशा और रोहित उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वालों के रूप में उभरे हैं। दोनों बच्चों ने पाठशाला और पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इन बच्चों की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और पाठ्योतर गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी ने उन्हें अपने सहपाठियों के लिए एक आदर्श स्थापित किया है तथा उनकी उपलब्धि सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं जो अन्य बच्चों को भी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित करती हैं।

इन दोनों होनहारों की उपलब्धि पर राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला बरोट की एसएमसी के प्रधान व अन्य सदस्यों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एसएमसी प्रधान सुनील कुमार केंद्रीय मुख्य शिक्षक लुदरदत, शिक्षक शिवराज व शिक्षिका सुलेखा सहित एसएमसी के सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों होनहारों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सभी राजनीतिक दल आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालना करें : सुमित खिमटा

एसपी जैरथ

नाहनः उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश सहित सिरमौर जिला में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता 16 मार्च, 2024 से लागू होकर मतगणना प्रक्रिया संपन्न होने यानि 06 जून 2024 तक लागू रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों को आदर्श आचार संहिता के समस्त प्रावधानों की सख्ती से अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित बनाने के लिए कहा हैं।सुमित खिमटा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की स्टैंडिग कमेटी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के तहत आने वाले विभिन्न मामलों की निगरानी करेगी और नियमानुसार उनका निपटारा किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से आग्रह किया है कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत लागू आदर्श आचार संहिता के सभी प्रावधानों के बारे में समय समय पर आयोजित स्टैंडिग कमेटी की बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रदान कर दी गई है ताकि निर्वाचन प्रकिया के दौरान संहिता की किसी भी प्रकार से उल्लंघना न हो।उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उददेश्य सभी राजनैतिक दलों और चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों को चुनाव में बराबर का अवसर प्रदान करने और निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्षए स्वतंत्र और पारदर्शी बनाना है। सुमित खिमटा ने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग न हो। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास पर पूर्णतः प्रतिबंधा रहेगा और कोई भी नया कार्य शुरू नहीं किया जा सकेगा, केवल पहले से चल रहे विकास कार्यों को ही जारी रखा जा सकेगा। इसके अलावा अत्यधिक जरूरी कार्यों को केवल निर्वाचन आयोग की पूर्व स्वीकृति से ही किया जा सकता है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए विभिन्न निगरानी टीमों का गठन किया गया है और सभी टीमों के प्रभारी और सदस्य आवंटित कार्यों को बिना किसी भेदभाव के साथ गंभीरतापूर्वक संपन्न करना सुनिश्चित बनायेंगे।

इसिरमौर में 4,00,792 मतदाता लोकसभा चुनाव में करेंगे अपने मत का प्रयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा ने बताया कि शिमला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 01 जून 2024 को होने वाले मतदान में सिरमौर जिला के पांच विधानसभा क्षेत्रों में कुल 4,00,792 मतदाता अपने मत का इस्तेमाल कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन मतदाताओं में 2,09,004 पुरूष तथा 1,91,785 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिला में कुल 589 मतदान केन्द्रों की स्थापना की गई है।

अपना बूथ सब से मजबूत करने में जुट गए सभी भाजपा नेता और कार्यकर्ता : प्रताप रावत

एसपी जैरथ

नाहन: सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि आज बूथ नंबर 47 सागंना बूथ नंबर 48 गाता मंडवाच मैं गांव चलो अभियान के तहत दर्जनों लाभार्थियों से संपर्क किया इस संपर्क अभियान में रेणुका विधानसभा के विस्तारक अजय भैंलटा भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत भाजपा मंडल महामंत्री सुनील शर्मा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सीताराम शर्मा भाजपा एसटी मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर भाजपा किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष रोशन लाल शर्मा भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष तीखू राम शर्मा भाजपा एसटी मोर्चा मंडल सचिव गुमान सिंह शर्मा भाजपा युवा मोर्चा जिला सचिव अनिल ठाकुर भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री राकेश सागंटा के अतिरिक्त और भी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे इन सभी नेताओं ने आज ग्राम पंचायत सागंना एवं ग्राम पंचायत सत्ताहन का दौरा किया इस दौरे के दौरान इन्होंने लाभार्थियों से संपर्क किया और उनके साथ केंद्र सरकार की योजनाएं सांझा की इन नेताओं ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है इन नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता को 10 बड़ी गारंटी दी थी जिसमें से आज तक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है

जिससे प्रदेश की जनता में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है इसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी के नेताओं को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा इस दौरे मैं इन नेताओं ने संकल्प पत्र के लिए लोगों से सुझाव भी लिए जिनको सुझाव पेटी में डाले गए हैं

पेड न्यूज पर एमसीएमसी रखेगी कड़ी नजर

टीम एक्शन इंडिया

ऊनाः लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला में गठित सभी समितियां ने अपना कार्य शुरू कर दिया है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी राजनीतिक दल अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार लोकसभा चुनाव में पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित कर दी गई है। मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी ने आचार संहिता लागू होते ही अपना कार्य शुरू कर दिया है। यह जानकारी उपायुक्त ने रविवार को आयोजित एमसीएमसी बैठक की अध्यक्ष अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि एमसीएमसी सभी समाचार पत्रों, रेडियो, टीवी, ई-पेपर, बल्क मैसेज व सोशल मीडिया प्रकाशित व प्रसारित होने वाले विज्ञापनों व समाचारों पर कड़ी नजर रखेगी। उन्होंने बताया कि विज्ञापन देने के लिए उम्मीदवार की ओर से जिला स्तरीय एमसीएमसी से प्री-सर्टिफिकेशन प्राप्त करना अनिवार्य है।

हिमाचल लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में, क्या होगा बागियों का भविष्य

विवेकानंद वशिष्ठ

हमीरपुरःचुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के साथ हिमाचल प्रदेश में छः विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव घोषित किए जाने के बाद अब सबकी नजरें भाजपा व कांग्रेस के बागियों की अगली रणनीति पर टिकी हैं। बड़ा सवाल सबके जेहन में यह तैर रहा है कि क्या भाजपा कांग्रेस के सभी बागियों को विधानसभा उपचुनाव में टिकट देगी या फि र अपनों पर ही फि र से दांव खेलेगी।

भाजपा कांग्रेस के बागियों को देगी टिकट या अपनों की ही उतारेगी मैदान में

हालांकि यह गुत्थी जल्द सुलझने वाली नहीं है। आनन-फ ानन में विधानसभा उपचुनाव घोषित हो जाने से यह भाजपा के साथ कांग्रेस के बागियों के गले की फ ांस बन गया। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के साथ ही भाजपा विधानसभा उपचुनाव के टिकटों पर भी जल्द फैसला ले सकती है।जबकि लोकसभा की चार में से दो सीटों शिमला और हमीरपुर के लिए भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। अब मंडी और कांगड़ा के टिकट घोषित किए जाने बाकी हैं। साथ ही अयोग्य घोषित छह कांग्रेस विधायकों के क्षेत्रों में भी टिकटों पर फैसला होना है।हालांकि अभी हिमाचल में चुनाव के लिए सवा दो माह का समय हैं। जिसके चलते अभी टिकट घोषित करने के लिए काफी समय है। लेकिन माना जा रहा है कि भाजपा चुनावी तैयारियों को समय पर शुरू करने के लिए सभी टिकट जल्दी जारी कर सकती है।अयोग्य घोषित कांग्रेस विधायकों की याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।

कैदियों से मिले एनएचआरसी मॉनिटर, सुविधाओं और व्यवस्थाओं का लिया जायजा

टीम एक्शन इंडिया

धर्मशालाः राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के विशेष मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने ज़िला कांगड़ा प्रवास के तीसरे दिन रविवार को धर्मशाला स्थित लाला लाजपत राय ज़िला एवं मुक्त सुधारगृह का दौरा किया और यहां कैदियों को दी जा रही सुविधाओं तथा उनके लिये उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कैदियों से अच्छा बर्ताव करने और उनकी शिकायतों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के निर्देश दिये। जेल अधीक्षक विकास भटनागर, सीडीपीओ रमेश जागवान और कारागृह के अन्य कर्मचारियों के साथ गोयल ने विभिन्न बैरकों की भी जांच की। उन्होंने मुक्त सुधारगृह के तहत कैदियों के लिए स्थापित विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों का भी दौरा किया। उन्होंने मुक्त सुधारगृह के तहत कैदियों के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

प्रो . सिमी अग्निहोत्री को मंडी वासियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हजारों की तादाद में उमड़े लोग, मंडी की बेटी की याद में छलके आंसू

खेमचंद शास्त्री

मंडीः मंडी की लाडली बेटी, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिमी अग्निहोत्री की याद में रविवार को मंडी के भीमाकाली मंदिर परिसर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री को ढांढस बंधाने, दुख की घड़ी में साथ होने का भाव लेकर हजारों की तादाद में उमड़े मंडी वासियों ने प्रो. सिमी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी स्मृतियों के जिक्र पर वहां उपस्थित हर व्यक्ति की आंख डबडबाई रही। प्रो. सिमी के अपनत्व भरे व्यक्तित्व की याद में परिचितों के खूब आंसू छलके। बता दें, मंडी शहर प्रो. सि मी का मायका था, उनके पिता का घर शहर के भगवाहन मोहल्ले में है। यहीं उनका बचपन बीता, यहीं युवा अवस्था के सपने बुने। बचपने की नादानियों से लेकर जीवन की शीर्ष सफलताओं तक मंडी और मंडी वासियों की अपनी लाडली बेटी प्रो. सि मी से जुड़ी अनेकों सुरभित स्मृतियां हैं। प्रो. सिमी का 9 फ रवरी को अकस्मात निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार उनके ससुराल हरोली के गोंदपुर जयचंद में किया गया था। प्रो. सिमी अग्निहोत्री ने अल्प अवधि में बड़ा जीवन जिया। वर्ष 1968 में मंडी शहर के भगवाहन मोहल्ले में जन्मी सि मी बचपन से ही अध्ययनशील थीं। स्वभाव में चुलबुली सि मी पढने में सबसे आगे रहती थीं। कुशाग्र बुद्धि स पन्न सि मी ने छोटी आयु में पीएचडी की पढ़ाई पूरी की और वर्ष 1996 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पढ़ाने लगी। बहुआयामी प्रतिभा की धनी प्रो. सिमी विद्यालय शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी बहुआयामी प्रतिभा के सशक्त हस्ताक्षर दर्ज करवाती रही। खेलों में भागीदारी से लेकर गायन, नाटक और नृत्य की, हर विधा में अग्रणी रहना तथा हर किरदार उत्कृष्टता से जीना उनके व्यक्तित्व का हिस्सा था। सबसे मिलना-जुलना, खूब बातें करना और जिन्दगी को जिंदादिली से जीना, ये उनकी पहचान थी। उत्कृष्ट शिक्षाविद प्रो. सिमी अग्निहोत्री विद्यार्थियों की चहेती थी। उनके मार्गदर्शन में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने एफ फि ल-पीएचडी शोध किए। प्रो. सि मी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बेस्ट टीचर अवॉर्ड, वूमन अचीवर अवॉर्ड एवं नारी शक्ति अवॉर्ड से भी नवाजा गया था।

सिरमौर में लहसुन की फसल मे बीमारी लगने से किसान हुए चिंतित

टीम एक्शन इंडिया

नाहनः सिरमौर जिला को एक प्रमुख लहसुन उत्पादक जिला के रूप में जाना जाता है। यहां पर लहसुन को एक प्रमुख नकदी फसल भी माना जाता है। जिला के नोहरा धार व अन्य कई क्षेत्रों में लहसुन पर बीमारी लगने लगी है व इसमें पीलापन आने लगा है इससे किसान चिंतित हैं। किसानो नें बताया की हमने बीमारी की रोकथाम के कई दवाओं का छिड़काव किया है फिर भी बीमारी रुकने के नाम नहीं ले रही है। किसानौ नें समय समय पर निदाई गुडाई एवं सिचाई की बड़ी मेहनत की है किसानो की माँग है की कृषि विशेषज्ञय द्वारा क्षेत्र में कृषि जागरूक केम्प लगाया जाए ताकि बीमारी के संदर्भ में पूरी जानकारी मिल सके व उपचार हेतु दवाइयां की जानकारी व मिट्टी की भी जांच हो सके ताकी भविष्य में अन्य फसलों को बीमारी उत्पन्न न हो सके किसान विजय कुमार ने बताया कि लहसुन इलाके में किसानो की एक प्रमुख नकदी फसलों में से एक है लेकिन सिंचाई इत्यादि करने व रोपाई करने के बावजूद भी इसमें कोई बीमारी लग गयी है जिसके चलते फसल पीली होने लगी है।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि कृषि विभाग यहां पर आकर फसल का निरीक्षण करें ताकि फसल बचाई जा सके। वो लोग अनेक दवाओं का छिड़काव भी कर रहे हैं लेकिन कोई लाभ नहीं हो रहा है।

माथे पर बल

8 सरकार से मांग की है कि कृषि विभाग यहां पर आकर फसल का निरीक्षण करें ताकि फसल बचाई जा सके

खाटू श्याम के दर्शन मात्र से होती है पुण्य की प्राप्तिः राजीव जैन

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपतः मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा श्री खाटू श्याम के दर्शन मात्र से होती है पुण्य की प्राप्ति और जो भी श्रद्धालु बाबा के दरबार में निर्मल मन से माथा टेकता है उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। हमारे अंदर भी भगवान के प्रति निस्वार्थ श्रद्धा होनी चाहिए। राजीव जैन रविवार को बाबा धाम मंदिर, शंभू दयाल स्कूल, ओल्ड डीसी रोड, आर्य नगर, गीता भवन मंदिर के प्रांगण से शुरू हुई निशान यात्रा तथा खाटू श्याम भजन संध्या में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे।उन्होंने कहा की जिस तरह से खाटू नरेश ने भगवान श्री कृष्ण जी के आदेश पर बिना कोई

सवाल खड़ा किये अपना शीश दान कर दिया था उसी तरह का समर्पण हमारे अंदर भी पैदा होना चाहिए तभी प्रभु की प्राप्ति होगी। गुरु सरोज माता आश्रम मे आयोजित जागरण में दीप प्रज्वलन के बाद उन्होंने कहा की गुरु ही हमें भक्ति मार्ग पर ले जाकर प्रभु से मिलाते हैं, उन्होंने कहा की सरोज माता के सानिध्य मे गऊ संरक्षण का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा की संतो के आशिर्वाद से ही समाज में प्यार, प्रेम, भाईचारा

मनोकामनाएं

8 जो भी श्रद्धालु बाबा के दरबार में निर्मल मन से माथा टेकता है उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है

कायम है। आनंदपुर दरबार की तरफ से मामचंद वाटिका में आयोजित 28 वे वर्षिक संत समागम में राजीव जैन ने पहुंच कर संतो का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवम आशीर्वाद लिया संतो का संदेश यही था की अपने जीवन की डोर उस प्रभु के हवाले कर दो तभी आनंद ही आनंद बरसेगा।

दर्दनाक सड़क हादसे में कैथल के व्यापारी की हुई मौत

राजकुमार प्रिंस

करनाल। निसिंग-बधनारा रोड पर एक तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से जा टकाराई। हादसा इतना दर्दनाक था कि टक्कर के बाद कार 4 बार पलटी। इस हादसे में कार सवार कपड़ा व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुंडरी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया। निसिंग निवासी बलदेव ने बताया कि कैथल के गांव सिरसल निवासी 38 वर्षीय सुखदेव की करीब 12 साल से निसिंग में कपड़े की दुकान है। सुखदेव रोजाना अपने गांव से निसिंग आता था। बीती रात करीब साढ़े 9 बजे वह कपड़े की दुकान बंद करके अपने गांव लौट रहा

था। बलदेव ने बताया कि रात करीब साढ़ 9 बजे जब वह निसिंग बधनारा रोड पर अपने गांव की तरफ जा रहा था तो गांव बधनारा रोड पर गाड़ी तेज रफ्तार में थी। इस दौरान उसकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और खंभे में जा टकराई। इसके बाद गाड़ी सडक पर चार बार पलटी और आखिर

रफ्तार का कहर

8 कार सवार कपड़ा व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई। पुंडरी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

में पेड़ से टकरा गई। हादसा होता देख रात को मौके से गुजर रहे लोगों ने सुखदेव को गाड़ी से निकाला और पुंडरी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को पुंडरी के अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बलदेव ने बताया कि सुखदेव अकेला ही परिवार में कमाने वाला था।

न्यूज फ्लैश

आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना के लिये प्रशासन वचनबद्धः उत्तम सिंह

राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने आज यहां लोकसभा और करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर जिला सचिवालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न कराने और आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना के लिये वचनबद्ध है।

उन्होंने प्रतिनिधियों से अपील की कि यदि जिला में कहीं भी आचार संहिता के उल्लंघन का कोई मामला सामने आता है तो आरओ या एआरओ के नोटिस में लायें। इसके लिये टोल फ्री नंबर 1950 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि जिला के सरकारी कार्यालयों में कलेंडर आदि पर लगे फोटो को कवर किया जा चुका है, सार्वजनिक स्थलों पर लगाये गये होर्डिंग्स को उतारा जा चुका है। प्राइवेट संपत्ति से बोर्ड अथवा होर्डिंग्स हटवाने के लिये 72 घंटे का समय निर्धारित है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता 6 जून तक जारी रहेगी। उम्मीदवार, चुनावी ऐजेंट अथवा पार्टी वर्कर के लिये 50 हजार से अधिक की नकदी ले जाने की अनुमति नहीं है, यदि वे ऐसा करते हैं तो इसके बारे में पूरा ब्यौरा देना होगा। उन्होंने प्रतिनिधियों को ईवीएम के आबंटन के साथ-साथ वीवीपैट के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया कि रेंडेमाइजेशन के भी तीन चरण होंगे। दूसरे चरण का रेंडेमाइजेशन चुनाव पर्यवेक्षक की निगरानी में किया जायेगा। तीसरे चरण में ही पता चलेगा कि किस नंबर की ईवीएम किस बूथ पर पहुंचाई जायेगी। ईवीएम को सीलबंद कवर में ही निर्धारित बूथ पर पहुंचाया जायेगा।

एक ही कक्षा में पढने वाली दो छात्राओं का हुआ अपहरण

राजकुमार प्रिंस

करनाल। सिटी थाना क्षेत्र में दो नाबालिग छात्राओं का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। दोनों छात्राएं एक ही स्कूल में 7वीं कक्षा में पढ़ती हैं। छात्रा की मां ने अज्ञात व्यक्ति पर अपरहण का आरोप लगाया है। सिटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपहरण का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में 14 साल की नाबालिग की मां ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह अपनी बेटी को घर में छोडकर बैंक में किसी काम के लिए गई थी, लेकिन वह जब वापस लौटी तो उसे अपनी बेटी घर पर नहीं मिली। उसके बाद आस पड़ोस में पूछताछ की तो पता चला कि उसकी बेटी अपनी सहेली के साथ थी। उसकी उम्र भी 14 साल है और दोनों एक ही स्कूल में 7वीं कक्षा में पढ़ती हैं।

छात्रा की मां ने शिकायत में बताया कि उसने अपनी बेटी व उसकी सहेली की हर जगह तलाश की। रिश्तेदारियों में भी पूछताछ की गई, लेकिन कहीं पर भी कोई सुराग नहीं लगा। काफी छानबीन करने बाद पता चला कि उसकी बेटी व सहेली को किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ देखा गया था। उसी अज्ञात व्यक्ति ने दोनों छात्राओं क अपहरण किया है।

करनाल के नेवी जवान ने गोल्फ में जीता गोल्ड

गर्व

8 चैंपियनशिप में रोहित ने 3-3 स्ट्रोक स्ट्रो की बढ़त के साथ 6 अंडर-282 स्कोर हासिल किया

राजकुमार प्रिंस

करनाल। चंडीगढ़ में आयोजित समरवीर साही गोल्फ चैम्पियनशिप में करनाल जिले के नरूखेड़ी गांव के नेवी जवान रोहित नरवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीता है। 11 से 16 मार्च तक चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में आयोजित चैंपियनशिप में रोहित ने 3-3 स्ट्रोक स्ट्रो की बढ़त के साथ 6 अंडर-282 स्कोर हासिल करते हुए टॉप पर जगह बनाई। पहले राउंड में 73 का कार्ड खेलने के बाद उन्होंने दो राउंड में 69 और 68 के कार्ड हासिल किए। रोहित की जीत से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है और

आस पड़ोस के लोग भी परिवार को बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं। रोहित बताते हैं कि मेरा सबसे ज्यादा फोकस इंटरनेशनल गेम्स पर है, ताकि दुनिया में देश का नाम रोशन कर सकूं। रोहित नरवाल पहले भी नेशनल गोल्फ प्रतियोगिताओं में अपने गांव व प्रदेश का नाम रोशन कर चुका है। उसने वर्ष 2015 में गोल्फ सीखना शुरू किया था, लेकिन वह इस खेल में अपनी सही शुरूआत 2019 से मानता है, क्योंकि इस वर्ष से उसने नेशनल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। रोहित ने अपना पहला नेशनल गेम चंडीगढ़ में खेला था। उसके तीन नेशनल गोल्ड हैं, एक सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल है। अब एक बार फिर उसने गोल्ड मेडल जीता है। रोहित ने बताया कि गोल्फ में आने से पहले वह मधुबन पुलिस अकादमी में रेसलिंग करता था, वहीं पर उसने गोल्फ का बड़ा सा ग्राउंड देखा और उसमें कुछ लोग गोल्फ खेलते दिखे थे।

'कृषि मेले में प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित'

टीम एक्शन इंडिया

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 18 मार्च से शुरू हो रहे दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) को लेकर तैयारियां पूरी ली गई है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कृषि मेले की व्यवस्थाओं को लेकर गठित कमेटियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और इस आयोजन को सफल बनाए जाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया इस मेले में हर साल हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान जुटते हैं। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया है कि वे कृषि मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस बार कृषि मेला का मुख्य विषय ह्यखेती में ड्रोन का महत्वह्न होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि होंगे, जबकि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा और गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रत्येक जिले से दो प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कृषि मेला में प्रदेश के प्रति जिले से दो प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा।

करनाल में प्रदेश स्तरीय कश्यप महासम्मेलन आज

राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिले के कस्बा घरौंडा की नई अनाज मंडी में आज प्रदेश स्तरीय कश्यप महासम्मेलन अपने राजनीतिक हिस्से के लिए हुंकार भरेगा। हरियाणा की 36 विधानसभाओं में अपने वोट बाहुल्य के दम पर राजनीतिक पार्टियों के समीकरण बनाने और बिगाडने वाला कश्यप समाज एकजुटता का परिचय देगा।

कश्यप समाज के नेता और कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिला करनाल संयोजक सतपाल कश्यप कोहंड पूरे प्रदेश के कश्यप समाज को एक छत के नीचे लाने का प्रयास कर रहे

हैं। सतपाल कश्यप का दावा है कि कांग्रेस समाज को निराश नहीं करेगी और समाज को भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर पूरा विश्वास है। राजनीति में हिस्से का जो सूखा है, वह कहीं न कहीं आज समाप्त होने की उम्मीद है। सतपाल कश्यप कोहंड की अगुवाई में आयोजित कश्यप महासम्मेलन में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, विधासनभा के पूर्व अध्यक्ष

भरेंगे हुंकार

8 वोट बाहुल्य के दम पर राजनीतिक पार्टियों के समीकरण बनाने, बिगाड़ने वाला कश्यप समाज एकजुटता का परिचय देगा

कुलदीप शर्मा, कांग्रेस नेता चाणक्य पंडित और कांग्रेस के बड़े बड़े नेता पहुंच रहे हैं।

उनका दावा है कि कश्यप समाज का यह महासम्मेलन हरियाणा की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने का काम करेगा।

भाजपा की सोनीपत लोकसभा सीट के लिए पूर्व चेयरमैन ने दावा ठोका

गन्नौर। पूर्व मार्किट कमेटी के चेयरमैन एवं भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने सोनीपत लोकसभा से अपनी दावेदारी जताते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी की नीतियों पर चलते हुए लंब समय से पार्टी हित में कार्य किया है।



लोकसभा टिकट को लेकर अपनी दावेदारी जताते हुए उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में टिकट के लिए पैनल में उनका नाम गया हुआ है। कुलदीप नागल ने दावा किया कि पार्टी उन्हें लोकसभा की टिकट देती है तो वे भारी मतों से जीत हासिल करके सोनीपत सीट को भाजपा की -ोली में डालने का काम करेंगे। कुलदीप नांगल ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में मार्किटिंग बोर्ड की मदद से अपने प्रयास से काफी सड़कों का निर्माण करवाया। लोगों का आशीर्वाद उनके साथ है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों के प्रचार- प्रसार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से लोगों को अवगत करवाया है। आज देश में लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीतियों से खुद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब वर्ग, किसान के अलावा हर वर्ग के उत्थान के नीतियां बनाकर कार्य किया।

दिनेश गुलाटी ने साधकों से करवाया योग आसनों का अभ्यास

राजकुमार प्रिंस

करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में रविवार को श्री साई कृपा योग कक्षा में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा के सभी साधकों ने बढ़-चढकर भाग लिया। सत्र की शुरूआत सूक्ष्म व्यायाम के साथ की गई, जिसमें सभी साधकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

इसके पश्चात दिनेश गुलाटी ने कक्षा में योग शिक्षकों देवेश भाटिया, नीरज गुप्ता और मंजू शर्मा समेत सभी साधकों को ताड़ासन, वीरभद्र आसन,

नाडी तान आदि आसनों का अभ्यास करवाया। वीर आसन के साथ ही सारा वातावरण जय श्री राम और मिशन के नारों के साथ गूंज उठा। उन्होंने प्रत्येक आसन के नाम के साथ-साथ उसकी सही विधि और सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। इसके पश्चात सूर्य नमस्कार का पूरे मंत्रोच्चारण के साथ बारीकी से अभ्यास करवाया गया, जिसके द्वारा साधकों ने छोटी-छोटी होने वाली गलतियों में सुधार किया।

9 किलो 800 ग्राम गांजा पत्ती सहित तस्कर गिरफ्तार

कमाल हुसैन

पानीपतः सीआईए टू कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि उनकी टीम शनिवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सनौली टोल टैक्स के पास मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक यूपी की और से बाइक पर सवार होकर तामशाबाद यमुना बंधा पर आएगा। युवक के पास मादक पदार्थ होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए तामशाबाद यमुना बंधा पर नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात संदिग्ध किस्म का एक युवक स्प्लेंडर बाइक पर यूपी की तरफ से आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापिस मोड़कर भगाने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई

करते हुए युवक को मौके पर ही काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान वाशे खान पुत्र वाहिद खान निवासी हुसैनपुर मुजफ्फरनगर यूपी के रूप में बताई।

पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट ईटीओ सुनील ढूल की मौजूदगी में युवक की बाइक पर रखे प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो भारी मात्रा में गांजा पत्ती बरामद हुई। बरामद गांजा पत्ती का वजन करने पर 9 किलो 800 ग्राम पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पानीपत आसपास के क्षेत्र में गांजा पत्ती बेचकर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाना चाहत था। उक्त गांजा पत्ती आरोपी ने अपने गांव निवासी परवेज से कम कीमत पर खरीदकर लाने बारे स्वीकारा। सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने रविवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से की जाएगी अनुपालनाः उत्तम सिंह

राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर रविवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रेस वार्ता की और चुनावी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढग से सम्पन्न करवाने के लिए आदर्श आचार संहिता की दृढ़तासे अनुपालनाकी जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होंने जनता से अपील की है कि लोकतन्त्र के महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदाता भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

उपायुक्त ने कहा कि चुनाव की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और इसकी अधिसूचना 29 अप्रैल हो जाएगी। चुनावी प्रक्रिया के तहत 6

मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच पडताल 7 मई को की जाएगी तथा उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि 9 मई रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 मई को

तैयारी

8 जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना होगी। आगामी 6 जून चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि है। उन्होंने बताया कि करनाल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आम चुनाव के दौरान 20 लाख 81 हजार 560 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 10 लाख 95 हजार 941 पुरूष तथा 9 लाख 85 हजार 582 महिला मतदाता और 37 ट्रासजेंडर मतदाता शामिल है। इन मतदाताओं की सुविधा के लिए संसदीय क्षेत्र के अंर्तगत कुल 2023 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिनमें से 1147 मतदान केंद्र करनाल जिला में तथा 876 मतदान केंद्र पानीपत जिला में स्थापित किए गए है। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, शुलभ शौचालय, रैम्प इत्यादि की व्यवस्था की गई है। मीडिया के सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही मतदान करने के लिए चुनाव कार्यालय की ओर से फार्म भरवाए जाएंगे, उनकी सहमति देने के उपरांत ही मतदान की व्यवस्था के लिए टीम का गठन किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वह आदर्श आचार संहिता की पालना करें, बिना भय व बिना लालच के अपने मत अधिकार का प्रयोग करें। प्रशासन द्वारा फ्री व फेयर चुनाव करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। कहीं पर भी आचार संहित के उल्लंघन की शिकायत मिली तो तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

संसार में गुरु से बढ़कर कोई ज्ञान नहीं : संतोष मुनि जी महाराज

राजकुमार प्रिंस

करनाल। गांव काछवा के श्री कृष्ण मंदिर के प्रांगण में महाराज श्री ब्रह्मलीन केशवानंद जी की पुण्यतिथि पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बाहर से आए संत जन संतोष मुनि जी महाराज, भिवानी आश्रम से साध्वी निष्ठा जी व वासुदेव मुनि जी ने पहुंचकर श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान शिष्यों की ओर से गुरू जी का पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि अगर हमने असल मायने में मानवीय गुणों को धारण करना है तो सर्वप्रथम उस परम तत्व से जुडना होगा, क्योंकि

संसार में गुरु से बढकर कोई ज्ञान नहीं।

कोई तत्व नहीं है और गुरू से बढकर कोई तप नहीं। इसलिए इंसान के जीवन का आधार गुरु ही हुआ करते हैं, जो पल-प्रतिपल उसका मार्गदर्शन करते हैं। अगर हमने भी वास्तव में अपने जीवन की यात्रा को सरल और सुखमय बनाना है तो पूर्ण सद्गुरु की शरणागत होना होगा। उन्होंने कहा कि जो शिष्य गुरु की बातों पर अमल करता है, वह जीवन की हर खुशी को पा लेता है।

लोकसभा चुनाव: राजनीतिक पार्टियों के बीच घमासान

संपादकीय

एक देश- एक चुनाव: सकारात्मक पहल

अभी हाल ही में एक साथ चुनाव कराने को केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई उच्च स्तरीय समिति ने व्यापक मंथन करने के पश्चात अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी। इस समिति ने इस आधार पर एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है, क्योंकि इसके लिए अधिकांश राजनीतिक दलों की राय एक साथ चुनाव कराने को लेकर सकारात्मक रही। राजनीतिक विद्वानों का मानना है कि एक साथ चुनाव से देश में विकास की धारा को गति मिलेगी। क्योंकि बार-बार चुनाव होने के कारण सभी राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी चुनाव में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण जन सामान्य के जुड़े ऐसे कार्य भी प्रभावित होते हैं, जो बहुत जरूरी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराया जाना सार्थक पहल कही जा सकती है। इससे बार-बार चुनाव में लगने वाले समय में कमी आएगी और आवश्यक कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा। यह बात स्मरण करने वाली है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने देश में कई परियोजनाओं को तय समय से पहले ही पूर्ण किया है। एक साथ चुनाव होने से इसमें और गति आएगी, यह तय है। वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का अभूतपूर्व कदम है। केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठा कर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। अब 47 में से 32 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव पर मोहर लगाकर इसके रास्ते की बाधाओं को हटाने का कार्य किया है। यही राष्ट्रीय सोच होना चाहिए। अगर इसे इसी दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा। एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में समिति बनाई। उन्होंने राष्ट्रपति रहते एकबार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय हित का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा। हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लम्बे समय तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चली, लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे।

किशन सनमुखदास

"राम मंदिर बीते 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को पार्टीने जबरदस्त उत्साह के साथ मनाया। विपक्षी नेता भी मानते हैं कि राम मंदिर से भाजपा को उत्तर भारत में फायदा हुआ है। विश्लेषकों का मानना ??है किपार्टी को कम से कम 370 सीटें मिलने का ज्यादातर भरोसा इसी राम मंदिर लहर से पैदा हुआ है।चुनावी बॉण्ड मामलानिर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड का आंकड़ा सार्वजनिक कर दिया है. कांग्रेस ने चुनावी बॉण्ड योजना में कथित भ्रष्टाचार के लिए सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय से उच्च स्तरीय जांच और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने की मांग की है।
चुनाव से ठीक पहले यह मुद्दा सामने आया है और विपक्ष ने इसे हाथोंहाथ लिया है, लेकिन यह जमीनी स्तर पर काम करेगा या नहीं, यह अभी भी देखना बाकी है"

वैश्विक स्तरपर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का पूरा शेड्यूल घोषित हो चुका है और इसके साथ ही आचार संहिता अधिसूचना जारी होते ही मॉडल ऑफ कोड आफ कंडक्ट याने आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसके तहत देशभर में अभियान चलाकर राजनितिक दलों के होर्डिंग बैनर पोस्टर उतारे जा रहे हैं, यही नहीं सरकारी योजनाओं के पोस्ट भी उतार दिए जाएंगे। अब आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी सीधे चुनाव आयोग को दी जा सकती है, जिस पर चुनाव आयोग तेज रफ्तार से कार्यवाही करेंगे। मेरा मानना है कि यह बता देना जरूरी है कि लोगों में यह गलत धारणा समाई हुई है कि आचार संहिता केवल राजनीतिक दलों पर ही लागू होती है परंतु मेरा मत है कि यह हम सब यानें आम आदमी पर भी लागू होती है इसका उल्लंघन करने पर जेल की हवा खानी पड़ सकती है,परंतु सरकारी काम बंद नहीं होते उन्हें हमारा काम करना पड़ता है हमारा हर सरकारी काम होते रहेगा। सड़क पानी बिजली चालू सहायता परियोजनाएं सब चालू रहेंगे मकान की परमिशन का अगर पहले आवेदन दे दिया है तो पास होगा हमें कोई पोस्ट या मेल करते समय आचार संहिता के नियम पढ़ लेने चाहिए, नहीं तो जेल जाना पड़ सकता है। आचार संहिता का हम उल्लंघन नहीं कर सकते ठीक वैसे ही हम टीवी चैनल सोशल मीडिया पर आज से ही देख रहे हैं कि फिर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं डिबेट आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। 400 प्लस का बयान, अनेक पार्टियों 00 का बयान, विपक्ष का सत्ता में आने का बयान सहित अनेक बयानों पर सोशल मीडिया और टेलीविजन चैनलों पर बयानबाजी से शब्दों का घमासान शुरू हो गया है। चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान हो गया है और राजनीतिकपार्टियों में घमासान शुरू हो गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 पर पूरी दुनियां की नजर लगी हुई है,इसको हर मतदाताओं ने रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद चुनाव प्रचार के मुद्दों, बयानों, प्रतिक्रिया गांव की करें तो, मोदी की गारंटीए:प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका स्पष्ट संकेत दिया है कि इस चुनाव में उनके प्रचार

अभियान का मुख्य विषय मोदी की गारंटी रहने वाला है. पीएम और पार्टी के अनुसार, 'मोदी की गारंटी' युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तीकरण, किसानों के कल्याण और उन सभी हाशिए पर पड़े और कमजोर लोगों के लिए एक गारंटी है जिन्हें दशकों से नजरअंदाज किया गया है।कांग्रेस की न्याय गारंटी: देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के राज्य चुनावों में कुछ हद तक फायदा होता दिखा, जब उसने लोगों को गारंटी दी। अब लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी ने युवाओं, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों और आदिवासी समुदाय के लिए न्याय सुनिश्चित करने के साथ-साथ 'भागीदार न्याय' के उद्देश्य से अपनी 5 'न्याय गारंटी' की बात की है। मणिपुर से मुंबई तक युवा नेता की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों के सामने न्याय की गारंटी पेश की गई है। विपक्षी पार्टि काघोषणापत्र इन गारंटी के इर्द-गिर्द तैयार किए जाने की संभावना है और पार्टी अपना अभियान इन्हीं गारंटी के इर्द-गिर्द तैयार करेगीबेरोजगारी और महंगाई -कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाता रहा है। उन्होंने बार-बार कहा है कि नौकरियों की कमी सबसे बड़ा मुद्दा है और उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश भी की है। पार्टी ने रोजगार वृद्धि और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का हवाला देते हुए पलटवार किया है। इस चुनावी मौसम में रोजी-रोटी से जुड़े इन मुद्दों पर बहस तेज होगी।अनुच्छेद 370 सीएए और समान नागरिक संहिताये तीनों मुद्दे पार्टी के लंबे समय से किए गए वादों में शामिल रहे हैं।पार्टी ने संशोधितनागरिकता अधिनियम, 2019 केक्रियान्वयन और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की अपनी उपलब्धि को पेश करना जारी रखा है। पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कानून तैयार करने के अपने उद्देश्य के अग्रदूत के रूप में उत्तराखंड में भी समान नागरिक संहिता पर एक कानून पारित किया है. मोदी सरकार ने इन कदमों से यह दिखाने का प्रयास किया है कि वो जो कहती है वो करती है। राम मंदिर बीते 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को पार्टीने जबरदस्त उत्साह के साथ मनाया। विपक्षी नेता भी मानते हैं कि राम मंदिर से भाजपा को उत्तर भारत में फायदा हुआ है। विश्लेषकों का मानना ??है किपार्टी को कम से कम 370 सीटें मिलने का ज्यादातर भरोसा इसी राम मंदिर लहर से पैदा हुआ है।चुनावी बॉण्ड मामलानिर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड का आंकड़ा सार्वजनिक कर दिया है. कांग्रेस ने चुनावी बॉण्ड योजना में कथित भ्रष्टाचार के लिए सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय से उच्च स्तरीय जांच और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने की मांग की है।चुनाव से ठीक पहले यह मुद्दा सामने आया है और विपक्ष ने इसे हाथोंहाथ लिया है, लेकिन यह जमीनी स्तर पर काम करेगा या नहीं, यह अभी भी देखना बाकी है।अमृत काल बनाम अन्याय काल,चुनावी मौसम के दौरान भाजपा का यह दावा होगा कि मोदी सरकार ने अमृतकाल में सुशासन, तेज गति से विकास और भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण का आश्वासन दिया है. दूसरी ओर, कांग्रेस ने मोदी सरकार के 10 वर्षों को 'बेरोजगारी, बढ़ती कीमतें, संस्थाओं पर कब्जा, संविधान पर हमला और बढ़ती आर्थिक असमानताओं वाला अन्याय काल करार दिया है।किसानों के मुद्दे और एमएसपी की कानूनी गारंटीचुनाव से ठीक पहले दिल्ली के निकट किसानों का आंदोलन भी चर्चा में हावी रहने की संभावना है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया है। एक पार्टी ने किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का वादा किया है। पार्टी नेता किसान नेताओं की चिंताओं को दूर करने के लिए उनसे बातचीत कर रहे हैं और वे आरोप लगाते रहे हैं कि कई आंदोलनकारी राजनीति से प्रेरित थे। सरकार ने इस बात पर भी जोर दिया है कि कैसे उसकी 'पीएम-किसान योजना' ने खेती करने वालों के जीवन को बदल दिया है. अधिकतर चुनावों की तरह किसानों के मुद्दे इस बार भी महत्वपूर्ण होंगे।विचारधाराओं का टकराव,यह चुनाव एक महत्वपूर्ण चरण का भी प्रतीक है जिसे कई लोग दोनो पार्टियों के बीच विचारधाराओं की लड़ाई' कहते हैं. दोनों पार्टियां अपने वैचारिक सिद्धांत लोगों के सामने रखेंगी और उनसे किसी एक को चुनने के लिए कहेंगी।विकसित भारत का दृष्टिकोण। पीएम ने कहा है कि देश का लक्ष्य एक विकसित राष्ट्र बनना है।उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार 2047 तक इस लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है. विकसित भारत का दृष्टिकोण भाजपा के चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण रहने की संभावना है, जबकि विपक्ष इसे एक और जुमला करार दे रहा है। हालांकि, चुनाव अभियान के दौरान यह एक प्रमुख विषय बना रहेगा। साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को 3 बजे चुनाव तारीखों की घोषणा की करें तो,निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही देश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है. इसके साथ ही सरकार ऐसा कोई नीतिगत फैसला नहीं कर सकेगी, जो मतदाताओं के फैसले को प्रभावित कर सके।

कविता

यदि पंखों वाला होता मानव

यदि पंखों वाला होता मानव, खुले गगन में उड़ता।
धरती की तो बात छोड़ो, अंतरिक्ष को छूता।

कर लेता नभ अपने वश में, जहां-जहां विचरता।
नाप देता व्योम को भी, अपना अधिकार जमाता
यदि पंखों वाला होता मानव........

गगनचर की बढ़ती पीड़ा, पक्षी विवश हो जाता।
युद्ध वहां भयंकर होते, मानव से मानव भिड़ जाता।
यदि पंखों वाला होता मानव........

अर्श का बंटवारा करके, अनंत का अंत होता।
आकाश पर खींच देता सीमाएं, जो मानव के वश होता।
यदि पंखों वाला होता मानव........

अच्छा किया भगवान आपने, इसको पंख नहीं लगाए।
बिन पंख ही उड़ रहा द्यौ में, इसे कौन समझाए।

डॉ. अशोक

अपने-अपने तमाशे और मूक दर्शक जन

कृष्ण कुमार निर्माण

लो जी। सब होशियार,खबरदार हो जाओ क्योंकि आज से ही,अब से ही,अभी से ही तमाम तरह के काले,पीले, नीले,हरे, गुलाबी जादूगर अपनी-अपनी डुगडुगी लेकर गली, मुहल्ले, चौक,चौराहे, नुक्कड़, चौपाड़, धर्मशाला,नगर,डगर, शहर,नदी, नाले, गली और गितवाड़े आएंगे। ये तमाम मदारी अपने हाथ में एक झोला लिए हुए होंगे। अरे! ये झोला छाप डॉक्टर नहीं होंगे? क्या समझ जाते हैं आप भी?झोला छाप डॉक्टर का काटा तो आदमी बच सकता है मगर इन राजनीतिक मदारियों का काटा कोई नहीं बचता क्योंकि ये काटते बहुत ही मीठे तरीके से हैं साहब!इनके आगे तो हसीनाएं भी फेल हैं,उनकी क्या औकात साहब? ये जो मुए असल के मदारी होते हैं ना,उनके झोले में तो असल का सामान होता है बस बेचारे एक बार नजरबंद करते हैं और अपना खेल दिखाकर चले जाते हैं और बदले में थोड़ा आटा भी ले लेते हैं,कोई पांच रुपये,दस-बीस रुपये भी देते हैं।अरे!कमाल है कोई-कोई तो इन्हें अठन्नी-चवन्नी भी दे देता हैं मगर ये उफ! तक नहीं करते। मगर आजकल ऐसे मदारी लगभग लुप्तप्राय: हो चुके हैं। मगर ये राजनीतिक मदारी इनसे अलग हैं।इनके झोले में कोई सामान-वामान नहीं होता बल्कि होते हैं वादे,भाषण,बातें,जुमले आदि-आदि और अपने से इतर मदारियों के लिए गाली-वाली भी।कमाल है इनकी डुगडुगी कोई ना सुने।साहब!कृष्ण की मुरली की धुन थोड़ी खराब हो सकती है मगर मजाल है कि इनकी डुगडुगी की धुन कभी खेल दिखाते हुए बेसुरा गाए।हाँ,खेल दिखाने के बाद इस डुगडुगी के सुर रूपी तेवर ऐसे बदलते हैं कि साहब पूछिए मत फिर तो जनता रूपी दर्शक इनके नतमस्तक भी हो जाएं मगर इनकी डुगडुगी कभी भी सुर का अलाप नहीं कर सकती।गजब यह भी है कि इन तथाकथित मदारियों को आटा-वाटा नहीं चाहिए क्योंकि आटा-वाटा तो ये खुद ही बांटते फिरते हैं और ना ही इन्हें सूट-वूट चाहिए क्योंकि सूट-वूट तो ऐसे-ऐसे पहनकर आते हैं कि सूट देने वाले को ही शर्म आती है।और तो और चवन्नी-अठन्नी से तो इन्हें बड़ी घिन्न आती है जी और इसलिए समय रहते इन्होंने उसे बंद कर दिया ताकि कहीं कोई इन्हें चवन्नी-अठन्नी ना दे बैठे? बस इन्हें तो बांड रूप में मोटी-मोटी राशि चाहिए और फिलवक्त इनकी खुराक है कि जब भी ये आपके आस-पास आएं तब आप अपने परिवार की पूरी पलटन को लेकर, अड़ौसियों-पड़ौसीययों, यारे,प्यारे, रिश्तेदारों,मित्र,वित्रों को लेकर इनका खेल देखने चले जाइए। इनके झंडे हाथ में पकड़े रखिए और जो भी ये बोले,बस वैसा ही बोलते रहिए और जोर से जिंदाबाद करते रहिए। बस यही इनकी खुराक है।और फिर जो ये अपने झोले से निकाल-निकालकर आपकी तरफ फेंके,उसे गुफ़्ते रहिए,विश्वास कीजिए वो सब कुछ असली नहीं होगा पर असली जैसा होगा।ये मुए ऐसा जादू करते हैं कि अच्छे पढ़े-लिखे,कढ़े-वढे भी गच्चा खा जाते हैं।

इसलिए तैयार हो जाइए इनका खेल देखने के लिए। मजा तो तब आएगा कि ये बहरूपिए जादूगर अनेक-अनेक रूपों में आपके सामने आएंगे और फिर भी इनका असली रूप छिपा ही रहेगा और इन्हें बस आपका वोट रूपी प्रसाद चाहिए क्योंकि यही इनके लिए मुफीद होता है जी। इसलिए धर्म,जाति,भाषा,सम्प्रदाय,रंग,नस्ल सब इनके मुद्दे होते हैं।

विचार

सावधान चुनाव आचार संहिता लागू आहे

प्रेम शर्मा

निश्चित तौर पर विधानसभा का चुनाव उस राज्य की जनता का भविष्य तय करता है। जबकि लोकसभा का चुनाव पूरे देश के भविष्य की धुरी है। केन्द्र सरकार की नियत और योजनाओं का बड़ा असर ग्राम पंचायत, नगर पंचायत,जिला पंचायत एवं स्थानीय निकायों तक देखा जाता है। अब जबकि 47 दिनों की चुनाव प्रक्रिया का बिगुल आयोग ने बंजा दिया है। तो इतना तय है कि केवल राजनैतिक दल, सत्तासीन नेता, विपक्षी नेता, मंत्री से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों का एक दायरा दय कर दिया गया है। क्योकि यह दौर अत्यानुधिक तकनीक और सोशल मीडिया का है। जगह जगह कैमरे, गांव गांव मोबाईल कैमरे होने के कारण आपकी एक छोटी सी गल्ती आपका जीवन तबाह कर सकती है। निश्चित तौर पर एक दूसरे को पटकनी देने के लिए मैदान में आने वाले दल भी इसी टोह में रहते है कि कब उसे विपक्षी की कोई आचार संहिता उल्लघन की वीडियों, फोटोज आदि मिल जाए और उस पर हमला कर सके। यही कारण है कि सरकारी मशीनरी के साथ और कई नजरे आपके आसपास तैनात रहती है। ऐसी स्थिति में अगर आपसे एक चूक हुई तो इससे आपका भविष्य चौपट होना तय है। यही नही सोशल मीडिया के इस दौर में सत्तासीन दिग्गज नेता भी कई बार इसकी चपेट में आ चूके और उनका कैरियर खत्म हो गया। ऐसे हजारों उदाहरण है लेकिन लबोलुआब यह कि चुनाव आचार संहिता के दौरान यह समक्ष ले कि कोई न कोई आपका पीछा कर रहा है।

राजनीतिक दल या नेता ही नहीं, अगर आम आदमी भी आचार संहिता का उल्ल्लंघन करता है तो उसे भी जेल की हवा खानी पड़ सकती है। यह जान ले कि चुनाव के दौरान सभी सरकारी कामकाज बंद नहीं होते हैं. लिहाजा, अगर कोई सरकारी अधिकारी आपके काम को करने से इनकार कर देता है। यह नियम है कि आपकी जिंदगी से जुड़े जरूरी काम आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी सूरत में बंद नहीं होंगे। लेकिन आयोग ने इसके अलावा कुछ काम काजों पर अवश्य रोक लगाई है। जैसे लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने पर प्रत्याशी ऐसा बयान नहीं दे सकते जिससे किसी व्यक्ति की शालीनता और नैतिकता का हनन होता हो। कोई भी प्रत्याशी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा कि जो आपसी घृणा पैदा करे और वोट हासिल करने के लिए जाति या सांप्रदायिक आधार पर कोई अपील नहीं करेगा। सार्वजनिक या निजी स्थान पर सभा आयोजित करने, जुलूस निकालने और लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने से पहले स्थानीय पुलिस अधिकारियों से लिखित अनुमति लेना जरूरी है। यही नही इस दौरान आम आदमी द्वारा भी किसी तरह की धर्म विशेष को भड़काने और किसी के सम्मान को ठेस पहुचाने वाली घटना सामने आती है तो इसके लिए स्थानीय पुलिस अलग अलग धारा के तहत कानूनी कार्रवाई करेगी। आचार संहित लागू होते ही राजनीतिक पार्टिया और प्रत्याशी रात 10.00 बजे से प्रातरू 6.00 बजे के बीच लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं कर सकते।किसी के घर पर उसकी अनुमति के बिना पोस्टर, बैनर या झंडा नहीं लगा सकता। राजनीतिक दल मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए अपनी गाड़ी की सुविधा भी नहीं दे सकते। मतदाता को अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए डरा या धमका नहीं सकते हैं। धार्मिक स्थलों का चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते। यही नही किसी सरकारी अधिकारी, कर्मी की ट्रांसफर नियुक्ति नहीं होगी। यदि तबादला करना बेहद जरूरी है तो चुनाव आयोग से स्वीकृति लेनी होगी। चुनाव कार्यों से जुड़े अधिकारी को किसी भी नेता या मंत्री से उसकी निजी यात्रा या आवास में मिलने की मनाही होगी। सरकारी भवनों में पीएम, सीएम, मंत्री, राजनीतिक व्यक्तियों के फोटो निषेध होंगे। सरकार की उपलब्धियों वाले प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और अन्य मीडिया में विज्ञापन नहीं दे सकेंगे। अब बॉत करें मंत्री-विधायक के बारे में तो चुनाव आयोग ने मुख्यमंत्री अपने जिला अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग नहीं कर सकते। सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अतिथि गृहों में ठहरने की व्यवस्था नहीं होगी। किसी भी रूप में किसी भी वित्तीय अनुदान की घोषणा नहीं करेंगे और न ही वादा करेंगे। किसी परियोजनाओं या योजनाओं की आधारशिला नहीं रखेंगे। सड़क बनवाने, पीने के पानी को लेकर काम शुरू करवाने का वादा भी नहीं कर सकते। मंत्री अपने आधिकारिक दौरे के समय चुनाव प्रचार नहीं कर सकते। प्रचार के लिए सरकारी गाड़ियों, विमानों या किसी दूसरे सुविधाओं का भी इस्तेमाल नहीं कर सकते। सरकारी खर्च पर चुनावी रैली या चुनाव प्रचार नहीं कर सकते।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

व्यंग्य

धम्म-धम्म

डॉ. सुरेश कुमार

जब विश्वास से श्वास दूर भागने लगे तब मंगल ग्रह पर जीवन तलाशने की बात सरासर बेईमानी होती है। कल तक जो विज्ञान के बल पर दुनिया को मुट्ठी में करने चले थे वहीं दुनिया की मुट्ठी से मुक्त होते होते रह गए। जिस देश में ताली ताली बजाकर करोना वायरस भगाने वाले नेता हों, जहाँ के वैज्ञानिक अंतरिक्ष में रॉकेट भेजने से पहले उसे प्रभु के चरणों में रखते हों, जहाँ के प्रोफेसर सड़क पर फेंके हुए नींबू-मिर्ची-कुमकुम-हल्दी से डरकर दूर भागते हों, जहाँ के डॉक्टर आकाश के नक्षत्रों को देखकर जन्मे शिशु का नाम रखते हों, जहाँ के अभिनेता अपने नाम की स्पेलिंग बदलकर सिनेमा हिट होने की कामना करते हों, ऐसे देश में क्षुद्र हत्याएं नहीं तो नए आविष्कार होंगे? नरबलि न होगी तो क्या नोबेल पुरस्कार मिलेंगे? कहने को हम 21वीं सदी में हैं लेकिन अंधविश्वास बाबा आदम के जमाने का है।

शरीर चाहे किसी भी युग का हो यदि मन लकीर का फकीर बन अंधविश्वासों में सुस्ताता है तो पाषाण और आधुनिक युग में वही अंतर है जो नागनाथ और सांप नाथ में है। चिंतन मनुष्य और पशु के समान है जिसे नहीं पता कि उसका जन्म क्यों हुआ? खाओ खुजाओ बत्ती बुझाओ वाली जिंदगी जल्दी से यहां जाओ कहने पर मजबूर कर देती है। विज्ञान विषय की बदकिस्मती देखिए वह अंक प्राप्त करने और ऊंची-ऊंची नौकरी प्राप्त करने का खिलौना बन कर रह गया है। देश में विज्ञान के अध्ययनकर्ता भी अंधविश्वास की पिपड़ी बजाते हुए दिखाई देते हैं। पढ़े लिखे लोग भी अंधविश्वास के चलते अपनी संतान तक की नरबलि देने से पीछे नहीं हटते। जो शिक्षा तर्क करना नहीं सिखाती वह कागज के टुकड़े से ज्यादा कुछ नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था तर्क करने, सोचने समझने वालों को नहीं तो तोतों को तैयार कर रही है जो सारा जीवन रटी हुई चीज की उल्टी करने में बिता देते हैं। तर्कहीन शिक्षा की डिग्री वाला रद्दी कागज पशुओं की तरह जीने के लिए नौकरी तो दिला सकता है लेकिन मनुष्य नहीं बना सकता। पुष्पक विमान को पहला वायुयान, सीता को टेस्ट ट्यूब बेबी, गणेश को पहला प्लास्टिक सर्जरी का प्रयोग बताने वाली बातें खुद प्रधानमंत्री से मंत्री और सामान्य नेता तक कहते हों, वहां विज्ञान की बात करना सरासर बेईमानी होगी। आजादी से पहले और बाद में केवल शासकों की चमड़ी बदली है सोच तो वही की वही है। साम्राज्यवाद निजी कंपनियों का उद्धार, पूंजीपतियों का तो भला कर सकता है लेकिन समाज के दबे-कुचले लोगों को भुखमरी, बेरोजगारी, महंगाई, कृषक आत्महत्याओं से नहीं उबार सकता। जब पूंजी मुट्ठी भर लोगों में कैद हो तो गरीबी रेखा का तांडव करना सहज बन पड़ता है। गरीबी रेखा के नीचे जीने वाले लोग हाथ की लकीरें तो बदल सकते हैं लेकिन स्वार्थी सत्ता की लकीरें कभी नहीं बदल सकते। जब सत्ता स्वयं धर्म के नाम पर लोगों में फूट डालने लगे तब निरीह जनता की स्थिति खुली हवा में दीपक के समान है।

चुनावी बांड पटाक्षेप और 'गुलाम मीडिया' में पसरा सन्नाटा

तनवीर जाफरी

लोकसभा चुनावों से ठीक पहले सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर आखिरकार भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड खरीद का विस्तृत डेटा अदालत को पेश कर ही दिया। साथ ही यह भी सार्वजनिक कर दिया कि इन इलेक्टोरल बांड के माध्यम से किस राजनैतिक दल को कितने पैसे प्राप्त हुये। जैसा कि पहले भी होता आया है कि सत्तारूढ़ दल को ही प्राय: सर्वाधिक चंदा मिला करता है । इस बार भी सत्तारूढ़ दल यानी भारतीय जनता पार्टी को ही सबसे अधिक चुनावी चंदा हासिल हुआ। परन्तु बात केवल सर्वाधिक चंदा प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इस लेनदेन के और भी कई ऐसे संदिग्ध पहलू हैं जिनके आधार पर विपक्ष भारतीय जनता पार्टी पर यह कहकर हमलावर है कि भाजपा द्वारा चुनावी बॉन्ड खरीद के नाम पर न केवल 'चंदे का धंधा ' यानी चंदा देदो -धंधा ले लो का अनैतिक खेल खेला गया है बल्कि कई ऐसी कंपनियों से भी चंदे ऐंठे गए हैं जिनपर पहले तो ई डी,आई टी या सी बी आई द्वारा छापेमारी की गयी उसके फौरन बाद ही इन्हीं कंपनियों ने इलेक्टोरल बांड खरीद लिये। और इलेक्टोरल बांड की खरीद होते ही इन पर की गयी ई डी,आई टी या सी बी आई की कार्रवाही ठन्डे बास्ते में चली गयी। विपक्ष का यह भी आरोप है कि इलेक्टोरल बांड खरीदने वाली कई कम्पनियाँ भी फर्जी हैं। जबकि कई ऐसी कंपनियों ने भी चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं जिनकी कमाई तो बहुत ही कम है परन्तु उन्होंने अपनी कमाई से कई गुना अधिक के बांड खरीदे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो, हफ़्ता वसूली,ठेका लो, रिश्वत दो, मनी लॉन्ड्रिंग के लिए फजी कंपनियां जैसी भ्रष्ट नीतियां अपना रही है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा के अनुसार जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे हैं उनमें फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज ,मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रा स्ट्रक्चर लिमिटेड,वेदांता लिमिटेड,लक्ष्मी मित्तल, भारती एयरटेल, डीएलएफ कामर्शियल डेवलपर्स,ग्रासिम इंडस्ट्रीज, पीरामल एंटरप्राइजेज , टोरेंट पावर, अपोलो टायर्स, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा जैसी अनेक कंपनियां शामिल हैं। सबसे ज्यादा क ीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा खरीदे गये हैं।

फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज ने 1,368 करोड़ रुपये के बांड खरीदे हैं जबकि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा 966 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे गये।

एक्ने बचाव जरूरी

स्ट्रेस का हमारे एडरेनल ग्लैंड्स पर असर पड़ता है, जो स्किन के नेचुरल ऑयल को सेक्रेट कर देता है, जिस कारण एक्ने निकल आता है। एक्ने की शुरुआत ब्लैकहेड से होती है। एक्ने में बैक्टीरियल एक्टिविटी भी होती है।

एक्ने ऑयली स्किन पर ही होता है। किशोरावस्था में यह आम है, जब शरीर हार्मोनल एक्टिविटी में गुजर रहा होता है, जो ऑयल ग्लैंड्स को भी एक्टिवेट कर देता है। हालांकि कई बार अधिक उम्र में भी एक्ने हो जाता है। स्ट्रेस का हमारे एडरेनल ग्लैंड्स पर असर पड़ता है, जो बदले में स्किन के नेचुरल ऑयल को सेक्रेट कर देता है और एक्ने निकल आता है। एक्ने की शुरुआत ब्लैकहेड से होती है। एक्ने में बैक्टीरियल एक्टिविटी भी होती है।

एक्ने से बचाव के लिए क्लींजिंग जरूरी है ताकि ऑयलीनेस कम हो जाए। हालांकि जरूरत से ज्यादा साबुन और पानी का इस्तेमाल स्किन को हद से ज्यादा एल्केलाइन कर देता है और एक्ने के लिए परिस्थिति पैदा कर देता है। मेडिकेटेड सोप, क्लींजर या लोशन का प्रयोग दिन में दो बार केवल सुबह और रात करना चाहिए। रात में क्लींजिंग बहुत जरूरी है। रोज बेस्ड स्किन टॉनिक या एस्ट्रिंजेंट लोशन का प्रयोग क्लींजिंग के बाद चेहरे को पोंछने के लिए करें। दिन में भी स्किन को रीफ्रेश करने के लिए इसका प्रयोग कर सकती हैं। नॉन-ऑयली डे क्रीम या प्रोटेक्टिव क्रीम का प्रयोग दिन में करना चाहिए। सैंडलवुड क्रीम को डे क्रीम के साथ मिलाकर लगा सकती हैं। ऑयली क्रीम और मॉयश्चराइजर नहीं लगाना चाहिए। रात में क्लींजिंग के बाद एंटी- एक्ने लोशन फोड़े- फुंसियों पर ही लगाएं। एक्ने के मार्क पर एंटी ब्लेमिश प्रिपरेशन लगाएं। यदि एक्ने है, तो रात में ऑयली स्किन वालों को नाइट क्रीम या मॉयश्चराइजर नहीं लगाना चाहिए। एक्ने हो, तो स्क्रब और ग्रेनी मास्क न लगाएं।

एक्ने वालों को ऐसी डाइट लेनी चाहिए, जो पूरे सिस्टम को क्लीन करे और टॉक्सिन व वेस्ट को बाहर करे। फाइबर और विटामिन-मिनरल युक्त डाइट लेनी चाहिए। फ्रेश फ्रूट व जूस, क्लीयर सूप, लस्सी, सलाद, स्प्राउट, होलग्रेन, दही का सेवन करें। लो फैट डाइट सही रहेगा। रोजाना 6 से 8 गिलास पानी पिएं और सुबह-सुबह लेमन जूस के साथ एक गिलास पानी पिएं। तला हुआ भोजन, मिठाई और चॉकलेट से परहेज करें।

पुरुषों की त्वचा महिलाओं की त्वचा से अधिक मोटी होती है। ऑयल प्रोड्यूसिंग ग्लैंड्स भी ज्यादा होता है इसलिए मेल स्किन अधिक ऑयली और बड़े पोर्स होते हैं। पोर्स पर ऑयल जल्दी जम जाता है और पिंपल्स व एक्ने हो जाता है। सुबह स्किन को क्लीन करने के बाद हर्बल शेविंग क्रीम से शेव करें। एस्ट्रिंजेंट लोशन से स्किन को पोछें। आफ्टर शेव लोशन इंफेक्शन से बचाता है।

घरेलू इलाज

- एक्ने एरप्शन पर सैंडलवुड पेस्ट लगाएं।
- दालचीनी पाउडर और मेथी पाउडर को मिला लें। इसमें लेमन जूस और शहद मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। एक्ने पर लगाएं और एक-दो घंटे के लिए छोड़ दें।
- नीम की पत्तियों को धीमी आंच पर उबालें। ठंडा होने पर निथार लें। पत्तियों का पेस्ट बनाएं और रोज लगाएं। आधे घंटे बाद धो लें।
- दही में चुटकीभर हल्दी मिलाएं और चेहरे पर लगाएं। पंद्रह मिनट बाद पानी से धो लें।



एग्जॉटिक फ्लावर्स से सजाएं घर

गर्मी के मौसम में आप अपने घर को एग्जॉटिक फ्लावर्स के गार्डन में तब्दील कर सकती हैं। ये फ्लावर्स विदेशी होते हैं, जो महंगे होते हैं लेकिन हमारे घर के पूरे डेकोरेशन को बदल डालते हैं। ऑर्किड, हेलिकॉनियाज, प्रोटिया जैसी विदेशी मेहमान के अलावा डिफरेंट टाइप के मनी प्लांट्स से भी घर को डेकोरेट कर सकती हैं

टिकाऊपन

ऑर्किड, हेलिकॉनियाज, अनथिरियम, प्रोटिया, बर्डस ऑफ पैराडाइस और जिंजर ऐसे विदेशी फूल हैं, जिनकी ठीक से देखभाल की जाए तो ये एक महीने तक फ्रेश दिखते हैं। इनका आकार काफी बड़ा और कलर बेहद हसीन होता है। चाहें तो एक तरह के ही फ्लावर्स को बंच में सजाएं या फिर दो-तीन फ्लावर्स को साथ में।

वाइब्रेंट कलर्स

ये फूल रेड, ऑरेंज, यलो, पिंक जैसे बोल्ड कलर्स में मिलते हैं। आर्किड के साथ आप ग्रीन और पर्पल कलर के एक्सेसरीज मिला लें तो आंखों को काफी सुदिंग लगता है। इनके शेड्स बहुत खुशगवार होते हैं। ये ट्रॉपिक के शेड्स हैं और समर कलर्स भी। इन फूलों को मुरझाने से बचाने के लिए हर हफ्ते इन पर पानी का छिड़काव करें।

ग्रीनरी का जलवा

इस गर्म मौसम में ग्रीन कलर न केवल आंखों को बल्कि मन को भी ठंडक पहुंचाते हैं। हमारे यहां तो ग्रीन कलर के केवल पत्ते ही होते हैं लेकिन ट्रॉपिकल ग्रीनरी हर शेप और साइज में उपलब्ध है। दो या तीन टी लीव्स या फिलाडेंड्रन लीव्स एग्जॉटिक ग्रीनरी को बेहतरीन टच दे सकता है।

आर्टिस्टिक प्लेसमेंट

फूल आपकी अरेंजमेंट का मेन फोकस रहना चाहिए। इसलिए ऐसे फूल का चुनाव करें, जिसकी मोटी सी स्टेम हो। जैसे- हेलिकॉनिया या बर्ड ऑफ पैराडाइज। इन्हें पहले वास में रखें। इसके बाद दूसरे फूलों को सजाएं, हाइट को कम करते हुए। ग्रीनरी को अंतिम में प्लेस करें। ध्यान रखें कि ग्रीनरी किसी भी फूल को छिपाएं नहीं।

सजाएं कुछ यूं

ऑर्किड, हेलिकॉनियाज, अनथिरियम, प्रोटिया, बर्डस ऑफ पैराडाइस, ब्रोमिलियाड, काला लिलीज और जिंजर को फ्लावर वास में अपने हिसाब से सेट कीजिए। इनके डेकोरेशन में बैंबू स्टिक, आर्टिफिशियल बेल्स और रिबन्स का भी प्रयोग कर सकती हैं। फूलों के बेल के अलावा मनीप्लांट से भी घर सजा सकती हैं। इससे घर का लुक यूनीक दिखेगा।

मेथी फ्रैंकी

सामग्री: आटा 1/2 कप, बेसन 1 कप, मेथी पत्ता 1/2 कप बारीक कटा हुआ, दही 1 टेबलस्पून, 2 प्याज बारीक कटा, 2 हरी मिर्च बारीक कटी, अजवायन 1/4 टीस्पून, हल्दी पाउडर 1/4 टीस्पून, तेल 1 टीस्पून, 2 टमाटर बारीक कटा, बीन स्प्राउट 1 कप, चाट मसाला 1/2 टीस्पून

विधि: बाउल में आटा और बेसन डालकर मिक्स करें। फिर उसमें मेथी पत्ता, दही, आधा प्याज और हरी मिर्च, अजवायन, हल्दी पाउडर डालें और अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद पानी डालकर गूंथ लें। गूंथे हुए आटे को गीले कपड़े से ढंक कर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। स्टफिंग के लिए, नॉन स्टिक पैन में तेल गर्म करें। बचा हुआ प्याज, हरी मिर्च, टमाटर डालकर दो-तीन मिनट तक भूनें। बीन स्प्राउट, चाट मसाला भी डाल दें और पैन आंच से उतार दें। गूंथे हुए आटे को आठ बराबर भागों में बांट कर रोटी की तरह बेल लें। तावा गर्म कर एक-एक कर रोटियां सेंकें। वर्क टॉप पर सभी रोटी को रखें और स्टफिंग मिक्सचर को रोटी में भरकर टाइटली रोल करें। तिरछे टुकड़ों में काटकर हरी चटनी के साथ गर्मागरम सर्व करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कामकाज की व्यस्तता से सुख- आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। बेहतरनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। बेहतरनों की सहानुभूतियां होंगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। दिन के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान दें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): मातृ पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा घर दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सफलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इंतजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्व निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सफलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

काकुरो पहेली - 2022



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 2021 का हल



लॉफिंग ज़ोन

रमन और चमन दवा बेचने का काम करने लगे।

चमन- यह दवा ले लीजिए, इसे खाने वाला सदा जवान रहता है, कभी बूढ़ा नहीं होता। मुझे देखिए अभी मेरी उम्र अभी सिर्फतीन सौ साल है।

दुकानदार (पास खड़े व्यक्ति से बोला)- क्या तुम्हें ये तीन सौ साल के लगते हैं।

रमन- यह मैं कैसे बताऊं! मैं तो इनके साथ डेढ़ सौ साल से हूं।

□ □ □

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहां आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी यही करता हूं।

□ □ □

रमन-चमन आपस में बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली - 2022



बायें से दायें:-

१. 'तू सामने जब आता' गीत वाली शाहरुख, माधुरी की फिल्म-३
४. शाहरुख, ट्विंकल की 'आशिक हूँ मैं कातिल भी' गीतवाली फिल्म-४
७. 'आके चली बाके चली' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर, शबाना आज़मी की फिल्म-४
१०. 'दिल चीज क्या है' गीत वाली 'उमराव जान' की नायिका-२
१२. राजेंद्र कुमार, माला की 'जिनके सपने हमें' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'मैं तुझ से मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
१५. अक्षयकुमार, रवीना की 'टिप टिप बरसा पानी' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'संभाला है मैंने' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१७. जैकी, पंत अग्निहोत्री की 'छोड़ो मुझे छोड़ो' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'हुतूतू' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-२
२३. 'ये रेशमी जुल्फें' गीत वाली राजेश, मुमताज की फिल्म-१,२
२४. मिथुन, मंकी, शिल्पा, सोमी अली की १९९४ की एक फिल्म-३,२
२७. 'बचके क्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
३०. जीतेंद्र, रामेश्वरी की 'काहे चिड़िया लगाई' गीतवाली फिल्म-३
३२. 'एक लड़की जिसके होठों' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा की फिल्म-२
३३. सनी, मोनम, रवीना, दिव्या की 'दिल न किसी का' गीत वाली फिल्म-३
३४. 'तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'तन्हा तन्हा दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कहना है तुमसे कहना' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
३. फिल्म 'मिलन' में मनीषा कोईराला के साथ नायक का नाम-२
५. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दिया की फिल्म-२
६. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
८. 'उठते तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा की फिल्म-४
९. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, वहीदा की फिल्म-३
१३. 'हसीना गोरी गोरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'खानदान' की नायिका कौन थी-३
१९. "मैं प्यासा तुम सावन" गीतवाली फिल्म-३
२०. 'हम साथ साथ हैं' में सोनाली के पिता की भूमिका किसने की थी?-३,२
२१. 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली राजेश, सुलक्षणा की फिल्म-२
२५. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की एक सस्पेंस फिल्म-३
२६. 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२८. 'गोरी जो मटके' गीत वाली फिल्म-३
२९. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीवकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की १९८१ की एक फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 2021

सूडोकु -2022

				1			6	
					5			
2		3	9			8		
6							5	
			8		3			
	1							4
		7			1	3		9
			2					
	5			6				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -202 का हल

7	6	8	2	1	9	3	4	5
2	1	5	6	3	4	8	7	9
3	4	9	5	7	8	6	1	2
5	7	4	8	6	1	9	2	3
9	2	1	3	4	5	7	8	6
8	3	6	7	9	2	1	5	4
1	5	3	4	8	6	2	9	7
4	9	7	1	2	3	5	6	8
6	8	2	9	5	7	4	3	1

शब्द पहेली - 2022



बाएं से दाएं

1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूंघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

ऊपर से नीचे

2. कवि, गज़लकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्जन, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. तृष्णा-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

शब्द पहेली -2021 का हल



शहीदी दिवस कार्यक्रम में गांव हरनौला पहुंचे डॉ. सुशील गुप्ता

कार्यक्रम

8 बहुजन समाज के नेता और रादौर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मोहित ईशु आम आदमी पार्टी में शामिल

रादौर/ यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया
आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता रविवार को रादौर के गांव हरनौला में शहीदी दिवस कार्यक्रम में पहुंचे। अंबेडकर युवा मंच, हरियाणा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बहुजन समाज के नेता और रादौर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मोहित ईशु अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक बिशनलाल सैनी, सतपाल कौशिक, चौ. आदर्श पाल सिंह, रणधीर चौधरी, गगनदीप सिंह, मनदीप टोपरा, शुभम कुमार, चमन लाल, रिन्कू, अमित कुमार, राहूल भान, करमबीर भूट्टर, बीर लाल, धनप्रकाश त्यागी, योगेन्दर चौहान, औमपाल, जगपाल धौडंग, राजपाल मास्टर, ललित गुलाबगढ, कमलदीप सिंह, पं रोशन लाल, शरणदीप कौर शैरी, मोहित बाल्याण और सतनाम सैनी भी मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि शहीदों के बलिदान की वजह से हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि इस देश की आजादी के लिए सैंकड़ों वर्षों की लड़ाई लड़ी गई। हजारों माताओं ने देश के लिए अपनी गोद सूनी कर दी। बहुतों की मांग सूनी हो गई। वहीं हजारों बच्चों ने अपने पिता को खो दिया। इस प्रकार देश को आजादी प्राप्त हुई।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी को बरकरार करने के लिए हमने संविधान बनाया। डॉ. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए देश के संविधान को बनाया गया। इसमें पिछड़े वर्ग के लिए विशेष प्रावधान किया गया, ताकि वे मुख्यधारा में आ सकें। 26 जनवरी, 1950 को देश का संविधान लागू किया गया। उसमें लिखा था कि इस देश से राजाओं का राज खत्म और आम जनता का लोकतंत्र शुरू।

उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद में सच्चे मायने में संविधान लागू नहीं हुआ। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहेब के संविधान को तोड़ने में लगी है। भारतीय जनता पार्टी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलकर चुनाव आयोग को कमजोर करने में लगी है। चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में इनकी चोरी पकड़ी गई। कैमरे की नजर से इनकी चोरी को पूरे देश ने देखा।

उन्होंने कहा कि जब आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल इस मामले को सुप्रीम कोर्ट लेकर गई तो सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने लोकतंत्र की हत्या की है। संविधान की हत्या की है। सुप्रीम कोर्ट ने दखल देकर चंडीगढ़ में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को मेयर के पद पर बैठाया।

उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में संविधान खतरे में है और बीजेपी लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है। देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए "इंडिया" गठबंधन बना। कुरुक्षेत्र में धर्म और अधर्म की लड़ाई है। कुरुक्षेत्र की जीत से प्रदेश में नए युग का उदय होगा। श्रीकृष्ण का आशीर्वाद हमारे साथ है। इंडिया गठबंधन बीजेपी को प्रदेश की सभी 10 सीटों से बाहर का रास्ता दिखाएगा।

उन्होंने कहा कि मैं कुरुक्षेत्र के गांव गांव में गया। वहां लोगों ने कहा कि नायब सैनी कभी लोगों से मिलने नहीं आए। कभी लोगों के दुख सुख में शामिल नहीं हुए। इसलिए लोगों ने उन्हें गायब सैनी के नाम से संबोधित किया। उन्होंने कभी रादौर, लाडवा, थानेसर, कुरुक्षेत्र, पूंडरी, कलायत, राजौंद, पेहवा और कैथल की जनता की आवाज संसद में नहीं उठाई।

उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री खट्टर से कहा था कि आपने हरियाणा की जनता को त्रस्त बनाकर छोड़ दिया। आज प्रदेश में गुंडाराज है। बेरोजगार युवा दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। किसानों पर लाठीचार्ज किया गया, आंसू गैस के गोले छोड़े गए। व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही हैं।

पूर्व प्रधान ने भरा नामांकन पत्र

समालखा (कुलदीप सिंह)/टीम एक्शन इंडिया अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला स्तरीय चुनाव के जिला पानीपत अध्यक्ष पद के लिए मास्टर राधे श्याम जांगड़ा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके समर्थको मौजूद रहे। सभी ने अपना भरपूर समर्थन दिया और सफल होने के प्रति आश्वासन दिलाया। चुनाव अधिकारी एडवोकेट सुशील जांगड़ा , रमेश पलड़ी थे। इस दौरान ईश्वर सिंह अहर कुराना , डॉ राज कुमार जांगड़ा , विरेंद्र निंबरी , सुरेश ठेकेदार , परमवीर महावटी , मुकेश समालखा , रमेश पलड़ी अशोक नंबरदार , ईश्वर पावटी , वेद पट्टीकल्याणा , सुरेश समालखा , सोमी जांगड़ा मिस्त्री , सुखचैन इसराना , सुनील समालखा , मंजीत पट्टीकल्याणा , रमेश जौरासी , समेसिंह समलखा , रामकरण छाजपुर , मोहन आटा , बॉबी पावटी आदि उपस्थित रहे ।

संगठन विस्तार को लेकर के भाकियू टिकैत ने की पंचायत

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
भारतीय किसान यूनियन टिकैत की संगठन विस्तार को लेकर पंचायत नगला हर जीवन में हुई। पंचायत की अध्यक्षता बच्चू सिंह यादव ने की। पंचायत में संगठन विस्तार को लेकर के चर्चा की गई। वहीं पंचायत में किसानों ने कई समस्याएं भी उठाईं। नलकूप के लिए पर्याप्त विद्युत सप्लाई न होना साथ ही लेखपालों द्वारा किसानों को गुमराह करके वसूली करना है। इसमें से किसानों के नलकूप हेतु विद्युत आपूर्ति न होने पर जेई को अवगत कराया गया। महावन तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं लेखपालों की मनमानी के मुद्दे पर प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि 20 मार्च को महावन तहसील प्रांगण में पहुचेंगे। किसान जाग चुका है क्षेत्रीय लेखपाल किसानों सको गुमराह करके अवैध वसूली कर रहे हैं।

श्यामनगरी चुलकाना धाम के साथ ही समालखा शहर भी बाबा के भक्तों के लिए सज चुकी है

समालखा 17 मार्च (कुलरीप सिंह)/टीम एक्शन इंडिया
श्याम नगरी चुलकाना धाम के साथ ही समालखा शहर भी बाबा के भक्तों के लिए सज चुकी है और लाखों भक्त बाबा के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन शहर में कई जगह लगे गंदगी के ढेर भक्तों को मुंह ढककर गुजरने पर मजबूर कर रहे हैं साथ ही प्रशासन के दावों की भी पोल खोल रहे हैं।

श्रद्धालु किसी एक रास्ते से ना गुजरकर बल्कि बाबा के धाम जाने वाले सभी रास्तों का प्रयोग कर रहे हैं। श्रद्धालु नई अनाज मंडी, अग्रसेन स्कूल के पास से पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज वाली गली तो कोई पुराना थाना रोड, रेलवे रोड, ब्लूजे रोड, काठमंडी के रास्ते से गुजर रहे हैं। वैश्य स्कूल के पास पुरानी गुड़ मंडी को जाते रास्ते तथा रेलवे रोड पर कई जगह लगे गंदगी के ढेर और उनसे उठती बदूब के बीच से रविवार को भक्तों को गुजरना पड़ रहा है। जबकि प्रशासन शहर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त होने के दावे करता हुआ अपनी पीठ थपथपाता रहता है।

लड्डू होली: लाडली जी के आंगन में लड्डू लूट श्रद्धालु हुए गदगद

जनसैलाब

8 लठामार होली से एक दिन पहले लड्डू होली पर श्रृद्धालुओं का जनसैलाब लड्डू होली देखने उमड़ा

लोकेश चौधरी
मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
लड्डू होली पर बरसाना के श्रीराधारानी मन्दिर में देश विदेश से आए श्रृद्धालुओं में से हजारों भाग्यशाली श्रृद्धालु अपने भाग्य पर इठलाते नजर आये। लठामार होली से एक दिन पहले लड्डू होली पर श्रृद्धालुओं का जनसैलाब बरसाना लड्डू होली देखने उमड़ा और श्रृद्धालुओं ने रंगों के साथ लड्डू प्रसाद भी खूब लूटा, सोमवार को लठामार होली खेली जाएगी। एक दिन पहले की शाम लड्डू होली पर नंदगांव से होली का न्योता लेकर आए पांडा के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु के हाथ लड्डू प्रसाद को एक साथ उठे। श्रीराधारानी मंदिर में लठामार होली से एक दिन पहले शाम को समाज गायन में विशेष इंतजाम होते हैं।

राजी खुशी बता मेरे प्यारे, कहा संदेशा लायो..राजी खुशी कुटुंब सब मेरो होली नौतौ लायो..
पुरानी गायन परम्परा में कुछ ऐसे रसिया हाल चाल पुछने में बोले भी जाते हैं। नाचते गाते हालचाल बताते हुए होली का न्यौता नन्दगांव का पांडा दे रहा था है और इधर बरसाना वाले गा बजाकर लड्डू खिला खिलाकर पांडा की खातिर बड़े प्रेम से कर रहे थे। मंदिर में व मन्दिर के बाहर तक लड्डू श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप से लुटाए गये। जिन जिन श्रद्धालुओं को लड्डू मिल रहे थे वो सभी खुशी से नाचते झूमते नजर आ रहे थे। यह अद्भुत नजारा देखने लाखों श्रद्धालु बरसाना पहुंचे। पहले से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की तैयारी में जिला प्रशासन अपने पुख्ता इंतजाम किये थे।

राजभोग के समय बन गई भगदड़ की स्थिति
बरसाना के लाडली जी मंदिर पर होली को लेकर की गई व्यवस्था के बीच रविवार को लड्डू मार होली खेले जाने से पहले ही भगदड़ की स्थिति बन गई। इस घटना में करीब एक दर्जन श्रद्धालु बेहोश हो गये। आनन फानन में सभी को अस्पताल ले जाया गया। मंदिर में दोपहर करीब सवा बजे राजभोग के दर्शन होते हैं। इस दौरान मंदिर में बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गये और भीडभाड की स्थिति बन गई। भारी भीड़ जमा होने से भगदड़ की स्थिति बन गई। इसके बाद मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया और श्रद्धालुओं को सुविधा से दर्शन कराये गये।

चुनाव की डुगडुगी बजने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली पहली समीक्षा बैठक

लोकेश चौधरी
मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बज गई है। चुनाव अधिकारी लगातार तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में निर्वाचन कार्यों से संबंधित लगे समस्त प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने मतदान, मतगणना, कार्मिको की ड्यूटी, माइक्रो ऑब्जर्वर, सुपर जोनल, जोनल, सैक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति, एमसीएमसी, ईवीएम, वीवीपैट की जांच व रख रखाव, रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लान, एकल खिड़की, वाहनों की उपलब्धता, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन आदि के संबंध में दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी में सीडीओ को निर्देश दिए कि स्वीप कार्यक्रमों को अधिकाधिक कराते हुए लोगां को मतदान हेतु जागरूक किया जाए। ईवीएम, वीवीपैट की जांच एवं रखरखाव की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन को देते हुए निर्देश दिये कि मा0 निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। प्रशिक्षण में प्रयोग हेतु ईवीएम को सुरक्षा तथा राजनैतिक दलों की मौजूदगी में आयोग की दिशा निर्देशों के अनुपालन के अनुसार प्रशिक्षण केंद्रों पर लाई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगान्द पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, डीपीआरओ किरन चौधरी, उपायुक्त उद्योग रामेन्द्र कुमार सहित समस्त उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीक्षेत्रों में फ्लैग मार्च, होर्डिंग हटवाए

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनावी बिगुल बज गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षा बल फ्लैग मार्च कर रहे हैं।
वहीं राजनीतिक और सरकारी योजनाओं के होर्डिंग, बैनर और वॉल पेंटिंग को हटाया जा रहा है। नौहझील पुलिस ने राजस्व टीम के साथ कस्बा में लगे होर्डिंग हटवाए। इसके अलावा एसडीएम मांट आदेश कुमार, सीओ गुंजन सिंह, थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने पुलिस फोर्स और आरएएफ जवानों के साथ कस्बा नौहझील में फ्लैग मार्च किया। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए शासन प्रशासन ने पूरी तरह कमर कस ली है। बता दें कि मथुरा जनपद में दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके मद्देनजर तैयारियां तेज हो गई हैं।

लोकसभा चुनाव: पांच साल में बढ गये 207090 मतदाता

लोकेश चौधरी
मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
लोकसभा चुनाव 2019 के मुकाबले इस बार 207090 अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। वहीं 26481 यंग मतदाता को अपने वोटिंग अधिकार का प्रयोग करने का मौका मिलेगा। लोकसभा चुनाव के लिए जनपद में कुल 2128 पोलिंग स्टेशनों की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में इस बार कुल वोटर 1926411 हैं, जिसमें सीनियर सिटीजन 14973, यंग वोटर 26481,

पीडब्ल्यूडी वोटर 14053, पुरुष वोटर 1030608, महिला वोटर 895738 तथा थर्ड जेंडर वोटर 65 है। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के लिए जनपद मथुरा में कुल 1104 मतदान केन्द्र बनाये गये थे। 2014 मतदेय स्थल थे। 1719321 मतदाता थे, इनमें 975843 पुरुष तथा 823276 महिला मतदाता तथा 202 अन्य मतदाता थे।

वहीं वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 104 थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल थे। इससे पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 135 थी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि कम वोटिंग वाले पोलिंग स्टेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने सचिव एमवीडीए को मतदान, मतगणना कार्मिको, माइक्रो ऑब्जर्वर, सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की गुणवत्ता परक प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए। ससमय प्रथम व द्वितीय प्रशिक्षण की तारीख को रखते हुए प्रशिक्षण आदि की कार्यवाही की जाए।

न्यूज फ्लैश

फाग आमंत्रण से शुरू हुआ रंगोत्सव, रंग जी के हुरंगा तक रहेगी धूम

लोकेश चौधरी
मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
रविवार को नंदगांव बरसाना में फाग आमंत्रण से रंगोत्सव का आगाज हो गया। एक अप्रैल वृंदावन के रंगजी मंदिर में होने वाले हुरंगा आयोजन के साथ इस उत्सव का समापन होगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से इस आयोजन को आकर्षक और सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी की गई है। रविवार को बरसाना स्थित राधा बिहारी इंटर कॉलेज परिसर में मुख्य सांस्कृतिक मंच पर ब्रज लोक नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रंगोत्सव का शुभारम्भ हुआ। शाम को बरसाना के लाडली जी मंदिर पर लड्डू मार होली खेली गई। सोमवार को बरसाना में ही लट्ठमार होली धूमधाम से मनाई जाएगी। रंगोत्सव में जनपद मथुरा के विभिन्न स्थलों पर 19 छोटे मंच पर भी कलाकारों द्वारा ब्रज लोक नृत्य का प्रदर्शन किया जायेगा तथा 15 स्थानों पर होली के सेल्फी पॉइन्ट, 23 स्थानों पर होली के भव्य प्रवेश द्वारों का अस्थायी रूप से निर्मित किया जा रहा है। प्रमुख मंदिरों पर प्रकाश व्यवस्था एवं विशिष्ट विद्युत सजावट भी की गई है।

ये हैं रंगोत्सव के आगामी कार्यक्रम
-18 मार्च (फाल्गुन शु. नवमी) को लट्ठमार होली, बरसाना
-19 मार्च (फाल्गुन शु. दशमी) लट्ठमार होली, नंदगांव
-19 मार्च (फाल्गुन शु. दशमी)रंग लट्ठमार होली, गांव रावल
-20 मार्च (फाल्गुन शु. एकादशी रंगभरनी एकादशी) को मथुरा (श्री कृष्ण जन्मस्थान), (श्री द्वारिकाधीश मंदिर), वृन्दावन (श्री बांके बिहारी मंदिर) पर होली होगी
-21 मार्च (फाल्गुन शु. द्वादशी) छड़ीमार होली, गोकुल
-24 मार्च (फाल्गुन शु. पूर्णिमा)चतुर्वेदी समाज का डोला, मथुरा
-24 मार्च (फाल्गुन शु. पूर्णिमा) होलिका दहन, गॉव फालैन (रात्रि)
-25 मार्च (चैत्र कृ. प्रथम) धुलेंडी, मथुरा जनपद
-26 मार्च (चैत्र कृ. द्वितीया) दाऊजी का हुरंगा, बलदेव
-26 मार्च (चैत्र कृ. द्वितीया) जाब का हुरंगा, गॉव जाब
-26 मार्च (चैत्र कृ. द्वितीया) चरकुला, मुखराई
-27 मार्च (चैत्र कृ. तृतीय) गांव बठैन, गिडोह का हुरंगा
-31 मार्च (चैत्र कृ. षष्ठी (छठ) छड़ीमार, महावन
-01 अप्रैल (चैत्र कृ. सप्तमी) श्री रंग जी मन्दिर, वृन्दावन में होली

लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों को खुलवाना होगा नया बैंक खाता

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
निर्वाचन अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के प्रयोजन हेतु अलग से बैंक खाता खोले जाने के सम्बंध में विस्तृत निर्देश दिये गये हैं। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से राज्य के किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में खोला जा सकता है। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय से सम्बंधित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली राशि 10,000 रुपए से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को, उक्त बैंक खाते से निकासी करके नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है। अवगत कराना है कि आयोग के निर्देश के क्रम में स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी द्वारा प्रदेश के समस्त बैंकों को यह निर्देश परिचालित किये गये हैं कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के प्रयोजनार्थ अलग से बैंक खाता खोलने की सुविधा देंगे एवं खाता खोलते समय ही 200 प्रतिपर्णों की चेक बुक (नान पर्सनलाइज) उपलब्ध करायें। आयोग के उक्त निर्देश की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराते हुए अनुरोध है कि कृपया आयोग के उक्त दिशा निर्देशों को समस्त राजनैतिक दलों, निर्वाचन अभ्यर्थियों, सम्बंधित अधिकारियों एवं डिस्ट्रिक्ट लेवल बैंकर्स कमेटी के माध्यम से जनपद में स्थित समस्त बैंकों के संज्ञान में लाते हुए अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

एक्सप्रेस वे से फिर पकड़ी गई अवैध शराब की खेप

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
यमुना एक्सप्रेस वे शराब तस्कर और माफिया के लिए मुफीद साबित हो रहा है। एक्सप्रेस वे शराब तस्करी के एक और प्रयास को आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने विफल कर दिया। यमुना एक्सप्रेस वे से एक बार फिर तस्करी कर ले जाई जा रही अवैध शराब की खेप पकड़ी गई है। जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने यमुना एक्सप्रेस वे पर चैकिंग के दौरान एक कार होंडा सिटी जेएच 10 एसी 5082 में गैर प्रान्त की अवैध विदेशी मदिरा ऑफिसर चॉइस की 331 बोतले (लगभग 27 पेटी) कुल 248.25 बल्क लीटर को बरामद किया।
सुंदर सिंह पुत्र नफे सिंह निवासी सोनीपत एवं

वृंदावन में नो एंट्री जोन में दिनभर रहा जाम का झाम, चरमराई व्यवस्थाएं

जाम के हालात

8 इतना ही नहीं जिन गलियों में सन्नाटा छाया रहता है। उन गलियों में भी जाम के हालात नजर आए।

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
होली को देखते हुए वृंदावन में नो एंट्री व्यवस्था लागू कर दी गई है। नो एंट्री व्यवस्था लागू होने के बाद भी बडी संख्या में वाहन शहर के अंदर प्रवेश कर गये। जिसके चलते सड़कों से लेकर गलियों तक में जाम की स्थिति बनी रही। मथुरा मार्ग पर वात्सल्य ग्राम से सौशैया तिराहा तक घंटों जाम लगा रहा। इतना ही नहीं जिन गलियों में सन्नाटा छाया रहता है। उन गलियों में भी जाम के हालात नजर आए।

फोटो परिचय- ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर को जाने वाली गली में श्रद्धालुओं की भीड।

इसके साथ ही अटल्ला चुंगी, रुक्मिणी विहार, टैंपो स्टैंड, बांकेबिहारी मंदिर मार्ग, विद्यापीठ चौराहा, सीएफसी चौराहा, प्रेम मंदिर, इस्कॉन मंदिर आदि क्षेत्रों में भी दिनभर लोगों को जाम के झाम से जूझना पड़ा। ऐसे में क्या श्रद्धालु और क्या स्थानीय लोग सभी पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाओं को कोसते हुए नजर आए। होली के मौके पर धर्म नगरी वृंदावन में आने वाले देश विदेश के श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। जैसा अनुमान था रविवार को भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ठाकुर बांकेबिहारी मन्दिर के साथ सभी प्रमुख मंदिरों की गलियां एवं आसपास के क्षेत्र समेत सभी प्रमुख मार्गो पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दिखने को मिली। इतना ही नहीं मंदिर के आंतरिक और बाहरी परिसर में तो भीड़ का आलम यह था कि प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन द्वारा होली पर्व पर उमड़ रहे श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर की गई सारी व्यवस्थाएं ध्वस्त नजर आईं। भारी भीड़ और धक्का मुक्की के बीच श्रद्धालु किसी तरह दर्शन कर सके। विशेषकर वृद्धजन, महिला एवं बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिसके चलते काफी श्रद्धालु मंदिर के अंदर जाने की हिम्मत तक नहीं जुटा सके और भीड़ के बीच से बाहर निकलकर राहत की सांस ली। वहीं दूसरी तरफ भारी भीड़ एवं वाहनों के जाम के कारण बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं समेत स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को भारतीय जनता पार्टी का चुनाव कार्यालय खुल गया। भाजपा ने मथुरा के बीएसए कॉलेज रोड स्थित मुकुंद वाटिका को लोकसभा चुनाव कार्यालय बनाया है। पार्टी ने श्याम भदौरिया को लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाया है। मथुरा जनपद प्रभारी एमएलसी अशोक कटारिया की मौजूदी में कार्यालय का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, लोकसभा प्रभारी श्याम भदौरिया, सांसद हेमा मालिनी एवं राज्यसभा सांसद चौ तेजवीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी एवं जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने कार्यकताओं का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए चुनाव में जुट जाने का आग्रह किया। मीडिया प्रभारी दीपांकर भाटिया ने बताया कि शुभारंभ के उपरांत कार्यालय पर लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक हुई जिसमें चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत शर्मा, राजेश चौधरी, पूरन प्रकाश, मेघश्याम सिंह, ठाकुर ओमप्रकाश, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल, लोकसभा संयोजक डॉ देवेंद्र शर्मा, पदम सिंह शर्मा, रविकांत गर्ग, श्याम अहेरीय, प्रणतपाल सिंह, करिंदा सिंह, मुकेश आर्यबंधु, चेतन स्वरूप पाराशर, मधु शर्मा, राजेश गुप्ता, सियाराम शर्मा, विनोद चौधरी, जनार्दन शर्मा, सत्यम योगी आदि मौजूद रहे।

अमेरिका अडानी समूह के खिलाफ घूस देने की आशंका की जांच कर रहा, कंपनी ने कहा- हमें जानकारी नहीं

नई दिल्ली. अमेरिका ने भारत के अडानी समूह की अपनी जांच का दायरा बढ़ाया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कंपनी के संस्थापक गौतम अडानी और कंपनी रिश्वतखोरी में शामिल हैं या नहीं। ब्लूमबर्ग न्यूज ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है।रिपोर्ट में मामले के बारे प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से दावा किया गया है कि अभियोजक इस बात की जांच कर रहे है कि क्या गौतम अडानी सहित अडानी समूह की किसी इकाई या कंपनी से जुड़े लोगों ने एक ऊर्जा परियोजना के लिए भारत में अधिकारियों को भुगतान किया है?

रिपोर्ट के अनुसार न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी के कार्यालय और वाशिंगटन में न्याय विभाग की धोखाधड़ी इकाई यह जांच कर रही है। इसके साथ ही भारतीय अक्षय ऊर्जा कंपनी एज्यूर पावर ग्लोबल पर भी नजर रखी जा रही है। अडानी समूह ने इस मामले में बताया, हमें अपने चेयरमैन के खिलाफ किसी जांच की जानकारी नहीं है।अडानी समूह के शेयरों और बांडों में पिछले साल की शुरुआत में बड़े पैमाने पर बिकवाली देखी गई थी। उस समय अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें समूह पर खातों में गड़बड़ी, स्टॉक्स में हेरफेर और टैक्स हेवन के उपयोग का आरोप लगाया गया था। हालांकि, भारतीय कंपनी ने इन आरोपों से इनकार करती रही है।

इंसान नहीं, रोबोट कर रहा काम, बीते 10 वर्षों में बदली चीन की तस्वीर; बेरोजगारी की ओर बढ़ रहा देश

नई दिल्ली. क्या मशीन इंसानों की जगह ले सकती है? यह सवालों लंबे समय से बहस का मुद्दा बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर, एआई टेक्नोलॉजी का तेजी से विकास इंसानों की नौकरियों पर खतरा बनता नजर आ रहा है।विकसित ही नहीं, विकासशील देशों में भी इसका प्रभाव देखने को मिला है। बीते 10 सालों में विकासशील देशों की तस्वीर बदली है।

10 वर्षों में बदली चीन की तस्वीर

विश्व अर्थव्यवस्था रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रहने वाले देश चीन की ही बात करें तो ऑटोमेशन के साथ पिछले एक दशक में यहां की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है।चीन की वर्तमान स्थिति को लेकर अमेरिकी थिंक टैंक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इनोवेटिव फाउंडेशन (आईटीआईएफ) की एक लेटेस्ट रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में चीन को लेकर कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

बेरोजगारी की वजह बन रहे हैं रोबोट

इस रिपोर्ट के मुताबिक रोबोट की वजह बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है और इसका सबसे ज्यादा प्रभाव चीन पर पड़ा है।चौंकाने वाले तथ्यों में सामने आया है कि जानकारों ने अलग-अलग उद्योगों में काम कर रहे रोबोटों की संख्या का जितना अनुमान लगाया था वह इससे 12.5 गुना ज्यादा है।ऑटोमेशन की ओर बढ़ रहे चीन की स्थिति ऐसी है कि यहां लगभग हर उद्योग में इंसान की जगह रोबोट काम कर रहे हैं।सबसे चौंकाने वाले तथ्यों में एक यह कि दुनिया भर के उद्योगों में काम करने वाले कुल रोबोटों का 52 प्रतिशत चीन में कार्यरत है।आईटीआईएफ के अध्यक्ष और इस रिपोर्ट को तैयार करने वाले रॉबर्ट डी एटकिंसन कहते हैं कि रोबोटों की यह संख्या पिछले 10 वर्षों में बढ़ी है। एक दशक पहले रोबोटों की यह संख्या 14 थी।

रोबोट को लेकर अमेरिका की स्थिति

विश्व अर्थव्यवस्था रैंकिंग 2024 के अनुसार सबसे अधिक जीडीपी राशि वाले देशों की सूची में 105 ट्रिलियन डॉलर में अमेरिका शीर्ष स्थान पर है।

चीन दूसरे विकसित देशों पर है निर्भर

रिपोर्ट की मानें तो चीन की रोबोट इंडस्ट्री सॉफ्टवेयर के लिए अभी भी आत्मनिर्भर नहीं है।

आंध्र प्रदेश और केरल में सबसे महंगा है पेट्रोल, जानिए कहां है सबसे सस्ता

केंद्र सरकार ने हाल में पेट्रोल और डीजल पर प्रति लीटर दो रुपये की राहत दी है। लेकिन इसके बावजूद देश के कई राज्यों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपये से अधिक है। देश में सबसे महंगा पेट्रोल आंध्र प्रदेश और केरल में है। बीजेपी की सरकार वाले कई राज्यों में भी यह काफी महंगा है।

नई दिल्ली. देश में हाल में पेट्रोल और डीजल की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। केंद्र सरकार ने आम चुनावों से पहले एक्साइज ड्यूटी में यह राहत दी है। इस कटौती से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन वैट ज्यादा होने का कारण कई राज्यों में अब भी पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। इस समय देश में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में पेट्रोल और डीजल सबसे महंगा है। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली और पूर्वोत्तर जैसे छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वाहन ईंधन के दाम सबसे कम हैं। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों में अंतर की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन कीमतों में भिन्नता होती है।

वाई एस जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन वाले आंध्र प्रदेश में पेट्रोल सबसे महंगा 109.87 रुपये प्रति लीटर है। इसके बाद लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (LDF) शासित केरल का नंबर आता है। वहां एक लीटर पेट्रोल 107.54 रुपये में बिक रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में पेट्रोल की कीमत 107.39 रुपये प्रति लीटर है। बीजेपी शासित राज्य भी पीछे नहीं है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.45 रुपये प्रति लीटर, बिहार की राजधानी पटना में 105.16 रुपये, राजस्थान की राजधानी जयपुर में 104.86 रुपये और मुंबई में 104.19 रुपये प्रति लीटर है। बिहार में जेडी-यू के साथ बीजेपी के गठबंधन वाली सरकार है।

कहां है सबसे सस्ता पेट्रोल

ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस शासित पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर है। आंकड़ों के अनुसार, जिन अन्य राज्यों में पेट्रोल का दाम 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है उनमें ओडिशा (भुवनेश्वर में 101.04 रुपये प्रति लीटर), तमिलनाडु (चेन्नई में 100.73 रुपये) और छत्तीसगढ़ (रायपुर में 100.37 रुपये) शामिल हैं। दूसरी ओर अंडमान और निकोबार द्वीप में पेट्रोल सबसे सस्ता है जहां यह 82 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद सिलवासा और दमन है जहां यह 92.38-92.49 रुपये प्रति लीटर है। अन्य छोटे राज्यों में भी पेट्रोल सस्ता है। इनमें दिल्ली (94.76 रुपये प्रति लीटर), पणजी

(95.19 रुपये), आइजोल (93.68 रुपये) और गुवाहाटी (96.12 रुपये) शामिल हैं।डीजल कीमतों की बात की जाए, तो आंध्र प्रदेश के अमरावती में यह ईंधन 97.6 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में यह 96.41 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 95.63 रुपये और रायपुर में 93.31 रुपये प्रति लीटर है। भाजपा शासित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बिहार में डीजल का दाम 92 से 93 रुपये प्रति लीटर है। ओडिशा और झारखंड में भी डीजल का दाम इतना ही है। अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता है जहां यह लगभग 78 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। महानगरों में दिल्ली में वैट सबसे कम है। दिल्ली में डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है, जबकि गोवा में इसकी कीमत 87.76 रुपये प्रति लीटर है। ईंधन कीमतों में कटौती पर गोल्डमैन सैश ने कहा है कि सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों का शुद्ध विपणन मार्जिन 1.7-2.7 रुपये प्रति लीटर से घटकर 80-90 पैसे प्रति लीटर रह जाएगा।

एक बोरा नोट में एक थैली सामान... सालभर में चार गुना गिर चुकी है करेंसी, किस देश का हुआ है ऐसा बुरा हाल?

नई दिल्ली. अर्जेंटीना की गिनती कभी दुनिया के सबसे अमीर देशों में होती थी। इस देश की अमीरी का अंदाजा इसी बात से ही लगाया जा सकता है कि As rich as an Argentine जैसे मुहावरे चलन में थे। 19वीं शताब्दी के अंत में और 20वीं सदी की शुरुआत में पूरे यूरोप से लोग अर्जेंटीना आए। लेकिन आज अर्जेंटीना की हालत यह है कि लोग एक बोरा भर कर नोट ले जाते हैं और एक थैली में सामान लाते हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा महंगाई इसी देश में है। देश में महंगाई की दर 276% है। देश की करेंसी पेसो की कीमत डॉलर के मुकाबले पिछले एक साल में चार गुना से ज्यादा गिर चुकी है। आज

एक अमेरिकी डॉलर की कीमत 850 पेसो है। अगर भारतीय रुपये में देखा जाए तो एक रुपया अर्जेंटीना के 10.26 पेसो के बराबर है। देश के पास कैश रिजर्व नहीं है, सरकार पर भारी कर्ज है जबकि 40 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे रह रही है।

धुर दक्षिणपंथी नेता जेवियर मिलेई की अगुवाई वाली सरकार ने पिछले साल कमान संभाली थी। इसके कुछ ही दिन बाद दिसंबर में सरकार ने देश को कई दशकों से जारी गंभीर आर्थिक संकट से उबारने के लिए बड़ी घोषणा की थी। वित्त मंत्री लुई कैपुतो ने कहा था कि देश की करेंसी पेसो का 50% से अधिक अवमूल्यन होगा। इससे एक डॉलर की कीमत एक झटके में 800 पेसो से अधिक हो गई। मिलेई ने अपने चुनाव प्रचार अभियान में कहा था कि देश को आर्थिक बदहाली से बाहर निकालने के लिए कुछ सख्त कदम उठाने होंगे और इसकी शुरुआत पेसो के अवमूल्यन से होगी। सरकार ने साथ ही सरकार ने अपने खर्च में भी भारी कटौती की घोषणा की थी। इनमें फ्यूल और ट्रांसपोर्ट सब्सिडी को खत्म करने शामिल था।

रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रहा है देश में कंडोम का बाजार, जान लीजिए क्या है वजह

नई दिल्ली. देश में कंडोम के बिजनस में काफी तेजी देखने को मिल रही है। 2023 में इसका मार्केट पिछले पांच साल में सबसे तेजी से बढ़ा। पिछले साल इसकी ग्रोथ रेट लगभग डबल रही। डॉटेड, रिब्ड, जर्ट फ्लेवर्ड और रात में चमकने वाले कई तरह के वेरिएंट बाजार में आ गए हैं। इससे देश में कंडोम का मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। ताजा IQVIA कंज्यूमर हेल्थ रिटेल ऑडिट डेटा के मुताबिक पिछले साल देश में कंडोम का मार्केट साइज 1,755 करोड़ रुपये पहुंच गया। 2023 में इसमें वैल्यू के हिसाब से 13% की तेजी देखने को मिली जो पांच साल में सबसे ज्यादा है। साल 2022 में देश में कंडोम का मार्केट 7 की दर से बढ़ा था।

कंपनियों ने कहा कि कंडोम को लेकर लोगों की सोच बदल रही है। अब केवल प्रोटेक्शन तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि लोग अपने एक्सपीरियंस को बढ़ाने के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। मैनफोर्स ब्रांड के कंडोम बनाने वाली कंपनी मैनकाइंड के एमडी और वाइस चेयरमैन राजीव जुनेजा ने कहा, कंडोम हमेशा सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेचे जाते थे और युवाओं को लगता था कि यह उत्पाद आनंद में बाधा है। इसलिए इनोवेशन से युवा उपभोक्ताओं को इसकी ओर आकर्षित करने में मदद मिली है। साथ ही महिलाएं भी अब इसमें अपनी पसंद-नापसंद खोज रही हैं। पहले इसका फैसला केवल पुरुष करते थे। मैनफोर्स की भारत के कंडोम बाजार में 30.1% हिस्सेदारी है।

किसकी कितनी हिस्सेदारी

भारतीय मार्केट में Reckitt के ड्यूरेक्स की 14.9% हिस्सेदारी है। टीटीके हेल्थकेयर के ब्रांड स्कोर की 8.5% और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के कामसूत्र की 8% हिस्सेदारी है। इस सभी कंपनियों ने कंडोम के कई वेरिएंट्स लॉन्च किए हैं। इनमें अल्ट्राथिन डिजाइन वाले इनविजिबल कंडोम से लेकर वीगन, केमिकल फ्री और cruelty free वेरिएंट शामिल है।

देश में सेफ सेक्स से लेकर और फैमिली प्लानिंग को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। कंडोम का यूज मुख्य रूप से गर्भनिरोधक और यौन जनित रोगों के संक्रमण से बचने के लिए किया जाता है। हालांकि सेक्स को लेकर प्रचलित मान्यताओं के कारण किसी स्टोर पर कंडोम खरीदना आसान नहीं है।

कभी रसोई की शान था केरोसिन, फिर यह घर और बाजार से गायब क्यों हो गया?

नई दिल्ली. एक वक्त था, जब केरोसिन यानी मिट्टी का तेल या फिर घासलेट गांव के हर घर का जरूरी हिस्सा था। लालटेन से लेकर खाना पकाने वाले स्टोव तक इसका इस्तेमाल होता था। फणीश्वरनाथ रेणु ने अपनी कहानी पंचलाइट में भी केरोसिन का जिक्र बड़ी खूबसूरती से किया है। इसे सरकारी राशन की दुकानों पर रियायती दाम पर भी बेचा था। लेकिन, अब यह बाजार में खोजने पर भी नहीं मिलता।लेकिन पिछले एक दशक में तस्वीर बिल्कुल बदल गई है। अब तो रसोई से केरोसिन का डिब्बा बिल्कुल ही गायब हो गया है। सरकारी आंकड़े भी यही बताते है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की लेटेस्ट रिपोर्ट 2024 बताती है कि 2013-14 से 2022-23 के बीच मिट्टी के तेल की खपत में सालाना आधार पर करीब 26 फीसदी भारी गिरावट आई है।

क्यों घटा केरोसिन का इस्तेमाल?

केरोसिन काफी किफायती था, लेकिन दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की तरह इससे भी ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता था। ऐसे में जब सरकार ने क्लीन एनर्जी को बढ़ावा दिया,

तो उसकी पहली मार केरोसिन पर पड़ी। लोग खाना पकाने के लिए केरोसिन से अधिक गैस सिलेंडर को तरजीह देने लगे।केरोसिन का उजाला देने वाले लालटेन, पेट्रोमैक्स या फिर सामान्य दीये में भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल था। लेकिन, सरकार ने घर-घर बिजली पहुंचाने वाली योजना चलाई। इमरजेंसी लाइट, इनवर्टर और सोलर पैनल जैसे वैकल्पिक उपायों का भी चलन बढ़ा। इससे लोगों की केरोसिन पर निर्भरता ना के बराबर हो गई।

केरोसिन के ताबूत में आखिरी कील थी उस पर मिलने वाली सब्सिडी का खत्म होना। सरकार ने 2019 में राशन की दुकानों पर केरोसिन की बिक्री बंद कर दी। साथ ही इस सब्सिडी भी खत्म कर दी। इससे खुले बाजार में केरोसिन का भाव आसमान पर पहुंच गया।

जिस फाउंटेन में पीएम नरेंद्र मोदी ने उछाला था सिक्का, वहां से निकले 12 करोड़ से अधिक रुपये

नई दिल्ली. जी-20 देशों का शिखर सम्मेलन 2021 में इटली की राजधानी रोम में हुआ था। उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हिस्सा लिया था। उस समय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया था जिसमें जी-20 देशों के नेता एक फाउंटेन में सिक्का फेंकते हुए दिख रहे थे। यह रोम का प्रसिद्ध ट्रेवी फाउंटेन है। यहां सिक्का फेंकने की सदियों पुरानी मान्यता है। माना जाता है कि जिसका सिक्का सही जगह पड़ता है, उसे दोबारा रोम आने का मौका मिलता है। हर साल लाखों पर्यटक रोम आते हैं और इस फाउंटेन में सिक्का फेंकते हैं। इन सिक्कों को बाद में इकट्ठा किया जाता है। इन पैसों से एक फूड बैंक, एक सूप किचन और कई वेलफेयर स्कीमें चलती हैं। 2022 में इस फाउंटेन से 15.2 लाख डॉलर यानी 12,59,91,508 रुपये निकले थे।माना जाता है कि ट्रेवी फाउंटेन में सिक्का उछालने वालों की मनोकामना पूरी होती है। इस फाउंटेन में फेंके जाने वाले सिक्कों को कैथोलिक चैरिटी संस्था Caritas के रोम डिवीजन को दिया जाता है। 2022 में इस फाउंटेन से 15.2 लाख डॉलर के सिक्के निकले थे। माना जा रहा है कि 2023 में यह राशि और ज्यादा थी। रोम में ईसाइयों से सबसे बड़े धर्मगुरु पोप बैठते हैं और हर साल करीब 2.1 करोड़ टूरिस्ट इस शहर में आते हैं। ट्रेवी फाउंटेन के आसपास लगाए गए साइनबोर्ड में लिखा है कि फाउंटेन में फेंके गए सिक्कों का इस्तेमाल परोपकारी कार्यों में होता है। दिनरात इस फाउंटेन के आसपास पर्यटकों की भारी भीड़ लगी रहती है। मान्यता है कि अगर आप दाएं हाथ से बाएं कंधे के ऊपर से सिक्का फाउंटेन में उछालते हैं तो आपकी रोम में वापसी होती है। साथ ही लोग सिक्का उछालते समय अपनी विश मांगते हैं।

फाउंटेन का इतिहास

ट्रेवी फाउंटेन 1762 में बनकर तैयार हुआ था। यह सेंट्रल रोम में Palazzo Poli के एक साइड को कवर करता है। इसमें Tritons के स्टेच्यू हैं जो भगवान Oceanus के रथ को रास्ता दिखा रहे हैं। यह पानी के प्रबल प्रवाह को रोकने का एक प्रतीक है। इसी जगह इटली के मशहूर फिल्मकार Federico Fellini ने La Dolce Vita के एक सीन की शूटिंग की थी। इस सीन में हीरो और हीरोइन फाउंटेन में उतरे थे। लेकिन आज इस फाउंटेन में उतरने की मनाही है और ऐसा करने वालों से फाइन वसूला जाता है।अधिकारियों का कहना है कि हफ्ते में दो दिन इस फाउंटेन से सिक्के इकट्ठे किए जाते हैं। महीने में दो बार इस फाउंटेन की सफाई की जाती है। अगर कोई सिक्का फाउंटेन में ज्यादा अंदर चला जाता है तो उसे होसेज से जरिए निकाला जाता है। इन सिक्कों को **Caritas** के स्थानीय ऑफिस में ले जाया जाता है जहां उन्हें एक बड़ी टेबल पर सूखने के लिए रख दिया जाता है। फाउंटेन से सिक्के ही नहीं बल्कि कई बार जूलरी, डेंचर्स, धार्मिक मेडल्स और दूसरी चीजें भी निकलती हैं। फाउंटेन के आसपास साइनबोर्ड लगाए गए हैं जिन पर लिखा है कि फाउंटेन से सिक्के चोरी करना अपराध है। कई दशकों से इन सिक्कों की चोरी भी होती रही है। कई बार इसके लिए चुंबक का भी इस्तेमाल किया जाता है।

बैंकों में 5 दिन काम पर वित्त मंत्री का बयान, कहा- अफवाहों पर न दें ध्यान

बिजनेस डेस्क. सप्ताह में पांच दिन काम और हर शनिवार की छुट्टी के लिए बैंक कर्मचारियों का इंतजार लंबा खिंच सकता है। कुछ ही दिन पहले बैंक एसोसिएशन और बैंक कर्मचारियों के यूनियन के बीच विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनने के बाद इस बात की उम्मीद बढ़ गई थी कि चुनाव से पहले बैंक कर्मचारियों को 5-डे वर्क वीक का तोहफा मिल सकता है। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि लाखों बैंक कर्मचारियों के हाथों निराशा आने वाली है।

वित्त मंत्री ने की ये दो टूक टिप्पणी

बैंकों में 5 दिनों के सप्ताह को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक अपडेट दिया। वित्त मंत्री सीतारमण से बैंक कर्मचारियों के वर्क-लाइफ बैलेंस और बैंकों में हर सप्ताह सिर्फ 5 दिन काम के बारे में चल रही बातों के बारे में पूछा गया। उसके जवाब में वित्त मंत्री ने दो टूक कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

पिछले सप्ताह इन मुद्दों पर समझौता

इससे पहले 8 मार्च को बैंकों के संगठन इंडियन बैंक एसोसिएशन यानी आईबीए और विभिन्न बैंकों के कर्मचारियों के यूनियन के बीच समझौता हुआ था। समझौते में बैंक कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी पर सहमति बन गई। उसके बाद अब विभिन्न सरकारी बैंकों के कर्मचारियों की सैलरी में 17 फीसदी का इजाफा होने वाला है। सैलरी के अलावा महंगाई भत्ता बढ़ने समेत कुछ अन्य फायदों पर भी बात बन गई है।

दूसरे-चौथे शनिवार को होती है छुट्टी

बैंक कर्मचारी पहले, तीसरे और पांचवें शनिवार को भी उसी तरह से छुट्टी की मांग कर रहे हैं, जैसे अभी उन्हें हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी मिलती है।

बैंक यूनियन और एसोसिएशन के समझौते के बाद ऐसी खबरें चल रही थीं कि अब इसकी मंजूरी पर वित्त मंत्रालय की मंजूरी ही बाकी है। वित्त मंत्रालय से चुनाव के ऐलान से पहले इस पर मुहर की उम्मीद की जा रही थी। हालांकि अब तक ऐसा कुछ हुआ नहीं है और वित्त मंत्री ने फिलहाल ऐसा न होने का साफ संकेत भी दे दिया है।

लंबे समय से मांग कर रहे हैं कर्मचारी

हालांकि बैंक कर्मचारियों की एक पुरानी मांग को लेकर स्थिति साफ नहीं हुई है। बैंक कर्मचारी लंबे समय से मांग कर रहे हैं बैंकों में हर सप्ताह सिर्फ 5 दिनों का ही काम होना चाहिए और हर सप्ताह दो दिनों की छुट्टी होनी चाहिए। अभी बैंक कर्मचारियों को हर रविवार को तो छुट्टी मिलती है लेकिन हर शनिवार को बैंक बंद नहीं होते हैं। महीने के पहले, तीसरे और पांचवें शनिवार को बैंक खुले रहते हैं।

आइसलैंड में फटा भयानक ज्वालामुखी, शहर में बह रहा आग का दरिया, हेलीकॉप्टर से निकाले गए लोग

आइसलैंड के दक्षिणी हिस्से में पिछले तीन महीने में ज्वालामुखी विस्फोट की ये चौथी घटना है। ग्रिंडाविक शहर के बाहर लावा को रोकने के लिए रक्षा दीवार बनाई गई थी। बताया जा रहा है कि लावा इस दीवार तक पहुंच गया है। अगर लावा बढ़ता है तो दीवार के लिए इसे रोक पाना मुश्किल है।

रेजेविक. आइसलैंड के रेजेंस प्रायद्वीप में एक बड़े ज्वालामुखी विस्फोट के बाद देश के दक्षिणी हिस्से में आपातकाल लागू कर दिया गया है। इसे इलाके का सबसे बड़ा ज्वालामुखी विस्फोट बताया जा रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ज्वालामुखी का लावा बहकर ग्रिंडाविक शहर तक पहुंच गया है। लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर ब्लू लैगून और ग्रिंडाविक शहर को खाली करा लिया गया है। दिसम्बर के बाद इस रेजेंस प्रायद्वीप में ज्वालामुखी विस्फोट की ये चौथी घटना है। इसके पहले 8 फरवरी को भी यहां ज्वालामुखी फट पड़ा था। हालांकि, आइसलैंड का हवाई क्षेत्र अभी खुला हुआ है, लेकिन लावा से निकल रहा धुआं इसमें भर रहा है।

शहर की रक्षा दीवारों तक पहुंचा लावा

आइसलैंड की सिविल डिफेंस सर्विस के अनुसार, विस्फोट शनिवार को स्थानीय समयानुसार शाम को 8 बजे ग्रिंडविक के उत्तर में होगाफेल और स्टोरा-स्कोगफेल के बीच हुआ था। ये वही जगह हैं, जहां पर 8 फरवरी को विस्फोट हुआ था। विस्फोट के जो फुटेज सामने आ रहे हैं, उसमें धुएं के बादल और चमकता और उबलता हुआ मैग्मा धरती के अंदर से निकलता दिखाई दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, केफ्लाविक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और अन्य क्षेत्रीय हवाई अड्डे विस्फोट से प्रभावित नहीं हुए हैं।

बीबीसी ने भूवैज्ञानिक मैग्नस टुमी गुडमंडसन के हवाले से बताया कि शनिवार का विस्फोट अब तक का सबसे शक्तिशाली विस्फोट था। मैग्नस उन लोगों में हैं, जिन्हें इलाके से हेलीकॉप्टर के जरिए सुरक्षित बाहर लाया गया था। लावा का दो बहाव पश्चिम और दक्षिण की ओर बढ़ रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि लावा का एक हिस्सा ग्रिंडविक की पूर्वी रक्षा दीवारों तक पहुंच गया है।

जानें विस्फोट की पूरी टाइमलाइन

इसके पहले ग्रिंडाविक को नवम्बर में खाली करा लिया गया था, जब स्वार्टसेंगी ज्वालामुखी 800 सालों के बाद जागृत हो गया था। इसके बाद शहर के उत्तर में जमीन में बड़ी दरार आ गई थी। आखिरकार 18 दिसम्बर को ज्वालामुखी फट गया था, जिससे लावा ग्रिंडाविक से दूर बहने लगा था। शहर की सुरक्षा के लिए रक्षा दीवार बनाई थी। 14 जनवरी को दूसरा विस्फोट हुआ था और लावा शहर की रक्षा दीवार तक पहुंच गया। दीवार ने कुछ प्रवाह को रोक दिया था लेकिन कई इमारतें लावा की चपेट में आकर राख हो गई थीं।

तीसरा विस्फोट 8 फरवरी को शुरू हुआ। यह कुछ ही घंटों में शांत हो गया, लेकिन इससे पहले लावा की नदी ने पाइपलाइन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे हजारों लोगों को गर्म पानी मिलना बंद हो गया था। आइसलैंड ज्वालामुखी के नजरिए से बहुत ही संवेदनशील है। देश में कई सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्र हैं, जिसमें आए दिन ज्वालामुखी विस्फोट होते हैं और यहां उनसे निपटने के लिए पर्याप्त अनुभव है। हाल के दिनों में सबसे विनाशकारी घटना 2010 में हुआ विस्फोट था, जब वायुमंडल में राख के विशाल बादल फैल गए थे, जिससे यूरोप में बड़े पैमाने पर हवाई क्षेत्र बंद हो गए थे।

ब्रिटिश शाही घराने की बहू को लेकर गहराया रहस्य, महल के कर्मचारियों का दावा- कई दिनों से केट को नहीं देखा

लंदन. ब्रिटिश राजघराने की बहू और वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन को लेकर रहस्य गहराता जा रहा है। कई दिनों से केट मिडलटन को नहीं देखा गया है और महल के कई वरिष्ठ कर्मचारियों ने भी दावा किया है कि उन्होंने भी कई दिनों से न वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन को देखा है और न ही उनसे बात हुई है। प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन जिस केनसिंग्टन पैलेस में रहते हैं और बताया जा रहा है कि पेट की सर्जरी के बाद केट मिडलटन केनसिंग्टन पैलेस में ही आराम कर रही हैं, लेकिन महल के कर्मचारियों का ही कहना है कि उन्होंने कई दिनों से केट को नहीं देखा है।

चर्चाओं और कयासों का दौर चल रहा

केट मिडलटन को लेकर सोशल मीडिया पर खूब चर्चाएं चल रही हैं। कुछ यूजर्स का कहना है कि केट मिडलटन कोमा में हैं। केट मिडलटन को लेकर चर्चाओं का दौर तब शुरू हुआ, जब बीते दिनों मदर्स डे के अवसर पर केनसिंग्टन पैलेस द्वारा केट मिडलटन का उनके बच्चों के साथ एक तस्वीर जारी की गई। इस तस्वीर के साथ मदर्स डे की शुभकामनाएं दी गई थी, लेकिन इस तस्वीर के साथ काट-छांट की गई थी, जिसके बाद ब्रिटिश राजघराने की तरफ से भी तस्वीर से कांट-छांट होने की पुष्टि की गई और तस्वीर को वापस ले लिया गया। इसकी पूरी दुनिया में चर्चा हुई और केट मिडलटन की सेहत को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

बीते साल से सार्वजनिक तौर पर नहीं दिखी हैं केट मिडलटन

केट मिडलटन बीते क्रिसमस से सार्वजनिक तौर पर दिखाई नहीं दी हैं। राजपरिवार की तरफ से जारी बयान में कहा गया था कि पेट की सर्जरी के बाद केट मिडलटन अस्पताल से छुट्टी लेकर 29 जनवरी को विंडसर पैलेस आ गई थी, लेकिन उनके बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है। केनिंग्स्टन पैलेस की तरफ से भी इस बारे में कोई बयान जारी नहीं किया जा रहा है।

चुनाव नहीं जीता तो खून-खराबा हो जाएगा, डोनाल्ड ट्रंप ने दी खुली धमकी; चीन पर बरसे

वॉशिंगटन. अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप में खून खराबे की धमकी दे डाली है। ओहायो में एक जनसभा के दौरान ट्रंप ने कहा कि अगर वह इस बार नहीं चुने जाते हैं तो देश में खून खराबाशुरू हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि इस बार चुनाव की तारीख अमेरिका के इतिहास में सबसे अहम होने जा रही है। वह डायटन में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

बता दें कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप को प्रिजम्प्टिव नॉमिनी बनाया गया है।डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की ऑटो इंडस्ट्री के बारे में बात कर रहे थे। इसी बीच उन्होंने खून खराबे वाला भी बयान दे डाला। उन्होंने कहा, आप 5 नवंबर की तारीख नोट कर लीजिए। यह बहुत ही अहम तारीख होने जा रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी इतिहास में अब तक के सबसे बुरे राष्ट्रपति जो बाइडेन हैं।

चीन पर बरसे ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीनी चाहते हैं कि वे मैक्सिको में कार बनाएं और फिर अमेरिका में बेचें। अगर मैं राष्ट्रपति चुना जाता हूं तो ऐसा नहीं होने दूंगा। और अगर मैं नहीं जीतता हूं तो पूरे देश में खून-खराबा शुरू हो जाएगा। बता दें कि

77 साल के डोनाल्ड ट्रंप पूरे जोर-शोर से चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

बाइडेन के कार्यकाल को वह डरावना शो बता रहे हैं। वह बाइडेन प्रशासन की इमिग्रेशन पॉलिसी पर जोरदार हमला कर रहे हैं। शनिवार को डोनाल्ड ट्रंप ऐसे इलाके में पहुंचे थे जहां डेमोक्रेट के ज्यादा वोटर हैं। बाइडेन ओर ट्रंप के बीच तीखी बयानबाजी का दौर चल रहा है।

बाइडेन ने कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप देश का अपमान करवाते हैं और देश की खराब तस्वीर पेश करते हैं। बाइडेन ने कहा कि इस बार के चुनाव अमेरिका के लोकतंत्र का भाग्य तय करने वाले हैं। उन्होंने 6 जनवरी की घटना का जिक्र कर कहा कि ट्रंप देश के लिए घातक हो सकते हैं। वहीं बता दें कि अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने ऐलान कर दिया है.

अमेरिका के फिलाडेल्फिया में गोलीबारी, 3 लोगों की दर्दनाक मौत

फेयरलेस हिल्स. अमेरिका के फिलाडेल्फिया के उपनगर में शनिवार तड़के हुई गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के कारण 'सेंट पैट्रिक्स डे परेड रद्द करनी पड़ी और बच्चों का 'थीम पार्क बंद करना पड़ा।

'मिडलटाउन टाउनशिप पुलिस ने बताया कि ईस्टर्न पेंसिल्वेनिया की फॉल्स टाउनशिप में ''गोलीबारी की घटना की पुष्टि हुई है और इस घटना में ''कई लोग हताहत हुए हैं।

बक्स काउंटी के प्राधिकारियों ने क्षेत्र के निवासियों को अपने घरों में रहने और दरवाजे बंद रखने की चेतावनी दी है। एक स्थानीय निर्वाचित अधिकारी ने गोलीबारी की इस घटना को ''घरेलू बताया। 'फॉल्स टाउनशिप बोर्ड ऑफ सुपरवाइजर के अध्यक्ष जेफरी डेंस ने कहा कि हमलावर टाउनशिप में दो स्थानों पर गया और उसने कई लोगों को गोली मारी, जिनमें से तीन की मौत हो गई। मिडलटाउन टाउनशिप पुलिस ने बताया कि 26 वर्षीय संदिग्ध की पहचान कर ली गई है और माना जा रहा है कि वह इस समय बेघर है और वह ''मुख्य रूप से ट्रेंटन में रहता है।

चुनावों में गड़बड़ी न होती अगर पाकिस्तान में होतीं ईवीएम, जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान का बयान

इस्लामाबाद. पाकिस्तान में आम चुनाव के नतीजे आए काफी समय हो चुका है। हालांकि, देश की घरेलू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठे हैं। खासकर देश के मुख्य विपक्षी दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने तो चुनाव आयोग को ही घेरते हुए कहा कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया ही भ्रष्ट थी। अब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी इस मुद्दे को उठाया है।

जेल में बंद इमरान ने कहा है कि अगर पाकिस्तान में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) होती तो चुनाव में ऐसा भ्रष्टचार न हो पाता।

अदियाला जेल में बंद पीटीआई के संस्थापक ने एक पत्रकार से बातचीत के दौरान कहा, अगर आज ईवीएम होती तो एक घंटे के अंदर मतदान में गड़बड़ियों के सारे मुद्दे सुलझा लिए जाते इमरान ने कहा कि पाकिस्तान के चुनाव आयोग, कुछ राजनीतिक दलों और संस्थान ने देश में ईवीएम लाने की योजना को बर्बाद कर दिया।

जनादेश चुराने वालों पर देशद्रोह का मुकदमा चले

रिपोर्टर्स से बातचीत के दौरान इमरान ने कहा कि आम चुनाव में जनता के जनादेश को चुराने वालों पर देशद्रोह के तहत कार्रवाही होनी चाहिए। इमरान ने अमेरिका में आईएमएफ के दफ्तर के बाहर हुए प्रदर्शनों का समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने इसमें पाकिस्तानी सेना के विरोध में लगे नारेबाजी से खुद को दूर कर लिया। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बात करते हुए इमरान ने कहा कि मुश्किल में पड़ी इकोनॉमी को संभालना मौजूदा सरकार के लिए नामुमकिन है। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि उनकी पार्टी ने देश को आर्थिक संकट में छोड़ा। इमरान खान ने कहा कि 2018 में जब पीएमएल-एन सरकार से गई तब व्यापार घाटा 20 अरब डॉलर पहुंच चुका था और हमारे पास आईएमएफ के पास जाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं था।

मेरिका के लिए जासूसी सैटेलाइट का नेटवर्क बना रही एलन मस्क की कंपनी, दुनिया के हर कोने पर रहेगी नजर

वॉशिंगटन. दिग्गज कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन के लिए जासूसी सैटेलाइट का नेटवर्क विकसित कर रही है। गोपनीय जानकारी के अनुसार, एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अमेरिका की खुफिया एजेंसी यूएस राष्ट्रीय टोही कार्यालय के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। यह प्रोजेक्ट 1.8 अरब डॉलर का है, जिसके तहत मस्क की कंपनी कई जासूसी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजेगी, जिनकी मदद से पूरी दुनिया के कोने-कोने पर नजर रखी जाएगी।

अमेरिकी सेना की निगरानी की क्षमता कई गुना बढ़ेगी

स्पेसएक्स और एनआरओ के बीच 2021 में यह समझौता हुआ था। अमेरिका की एनआरओ एजेंसी ही अमेरिका की विभिन्न सैटेलाइट्स का संचालन करती है। एनआरओ और स्पेसएक्स के बीच हुआ समझौता अगर सफल रहता है तो इससे अमेरिकी सेना की निगरानी क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी और अमेरिका आसानी से पूरी दुनिया पर खुफिया तौर पर निगाह रख सकेगा। फरवरी में भी मीडिया रिपोर्ट्स में इस डील की खबरें प्रकाशित हुई थी, लेकिन उस वक्त यह पता नहीं चला था कि 1.8 अरब डॉलर की यह बड़ी डील किस कंपनी को मिली है।

समझौते के तहत सैकड़ों सैटेलाइट लॉन्च करेगी स्पेसएक्स

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पेसएक्स डील के तहत सैकड़ों सैटेलाइट आसमान में लॉन्च करेगी। ये सैटेलाइट पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित की जाएंगी और ये सैटेलाइट दुनिया के कोने-कोने पर नजर रखेंगी। हालांकि यह प्रोजेक्ट कब तक पूरा होगा, इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। स्पेसएक्स दुनिया की सबसे बड़ी सैटेलाइट ऑपरेटर कंपनी है। हालांकि अभी तक इस प्रोजेक्ट को लेकर न तो स्पेसएक्स और न ही एनआरओ ऑफिस की तरफ से कोई बयान नहीं दिया गया है।

भारत के INS ध्रुव से घबराए पाक को भी मिला पहला जासूसी जहाज, चीन ने की जमकर मदद

इस्लामाबाद. पाकिस्तान की नौसेना को अपना पहला जासूसी जहाज पीएनएस रिजवान मिल गया है। इस काम में पाकिस्तान की चीन ने जमकर मदद की है। इस जासूसी पोत का निर्माण चीन में ही किया गया है। हालांकि इस जासूसी जहाज के बारे में पाकिस्तान ने अब तक कोई जानकारी नहीं दी है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने जासूसी जहाज को अपने बेड़े में शामिल करके भारत के आईएनएस ध्रुव का जवाब दिया है। पाकिस्तानी जासूसी जहाज के पास भी न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल को ट्रैक करने और अन्य खुफिया जानकारियां जुटाने की क्षमता है।

भारत के आईएनएस ध्रुव से मिलती जुलती क्षमता इसकी भी है। भारत में निर्मित आईएनएस ध्रुव 175 मीटर लंबी मिसाइल रेंज इन्स्ट्रुमेंटेशन शिप है। यह लॉन्ग रेंज रडार, डोम शेप ट्रैकिंग एंटीना और एडवांस सिस्टम से लैस है। पाकिस्तान का पीएनएस रिजवान आईएनएस ध्रुव की तुलना में छोटा है। बता दें कि आईएनएस ध्रुव को 2021 में भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया था। बता दें कि इस तरह के जासूसी जहाज दुनिया के गिने चुने देशों के ही पास हैं। इनमें अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और भारत शामिल हैं। चीन आए दिन अपने जासूसी जहाज को हिंद महासागरम में उतारदेता है। वह भारत के मिसाइल लॉन्च सिस्टम पर नजर रहने के फिराक में रहता है। चीन के साथ चल रही तनातनी के बीच वह भारत की ताकत के बारे में हर खबर रखना चाहता है। भारत चीन की इन हरकतों का जवाब भी देता रहा है। हालांकि श्रीलंका और मालदीव जैसे देशों की वजह से चीन को हिंद महासागर में जहाज उतारने का मौका मिल जाता है।बता दें कि आईएनएस ध्रुव का निर्माण विशाखापत्तनम के हिंदुस्तान शिपयार्ड पर हुआ था।

भारतीय राजदूत के स्वागत से चिढ़े खालिस्तानी, तलवार लहराते हुए किया हंगामा; पुलिस ने खदेड़ा

कनाडा के अलबर्ट में भारतीय राजदूत संजय वर्मा के स्वागत समारोह स्थल पर खालिस्तानियों ने जमकर बवाल काटा। खालिस्तानी समारोह स्थल के बाहर तलवार लहराने लगे तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ा।

ओटावा. कनाडा के अलबर्टा में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा के स्वागत को लेकर खालिस्तानी इतना चिढ़ गए कि वे वेन्यू के बाहर हंगामा करने पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक वहां कम से कम दो दर्जन खालिस्तान समर्थकम जमा हुए थे।

कुछ के हाथ में हथियार भी थे। एक खालिस्तानी हवा में तलवार लहराता भी नजर आया। इसी बीच भारत समर्थकों के साथ झड़प हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक कनाडा की पुलिस ने स्थिति को संभाला और दोनों गुटों को समझा-बुझाकर शांत किया।इसी तरह संजय वर्मा के स्वागत के दौरान एडमांड और सूरी में भी खालिस्तानी समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया था। बता दें कि खालिस्तानियों की धमकी को देखते हुए कालगरी में होने वाले कार्यक्रम को कैंसल कर दिया गया था।

वहीं किसी दूसरी जगह पर उच्चायुक्त के स्वागत के रूप में केवल लंच का इंतजाम किया गया था। बता दें कि पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर खालिस्तानी निज्जर की हत्या का आरोप लगाएजाने के बाद संजय वर्मा पहली बार वेस्टर्न कनाडा के दौरे पर पहुंचे थे। खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने पहले ही वर्मा पर हमला करने की धमकी दी थी। कनाडा के विदेश मंत्रालय ने भी इसका संज्ञान लिया था और उनकी सुरक्षा में इजाफा कर दिया था। वहीं खालिस्तान समर्थकों पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। वर्मा ने बताया कि उनकी यात्रा सफल रही है। उन्होंने विक्टोरिया की लेजिस्लेचर बिल्डिंग में संबोधन दिया। इसके बाद सूरी में बोर्ड ऑफ ट्रेड की बैठक में शामिल हुए। कालगरी में वह इंडो-कनाडा चैंबर ऑफ कनाडा के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इससे पहले खालितानियों ने भारतीय राजदूत के खिलाफ तलवार और भाले लहराए थे। एडमोंटन में बिजनेस लीडर से बातचीत के दौरान कार्यक्रम स्थल के बाहर बड़ी संख्या में खालिस्तान समर्थक पहुंचे थे।

संजय वर्मा ने कहा था कि, खालिस्तान समर्थकों ने कार्यक्रम को बाधित करने की पूरी कोशिश की थी लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। उन्होंने बताया था कि 80 के करीब खालिस्तान समर्थक वहां पहुंचे थे। महीने की शुरुआत में भी कोलंबिया शहर में उनके कार्यक्रम के दौरान हंगामा हुआ था।

मालदीव में चीन परस्त मुइज्जू के आने से हिंद महासागर में नई रेस, जानें ड्रैगन के दबाव को कैसे जबाव दे रहा भारत

माले. चीन परस्त मुइज्जू के आने के बाद से हिंद महासागर में चीन ने अपनी नापाक चलनी शुरू कर दी है। मालदीव ने साथ हुए एक समझौते के तहत चीन द्वीपीय राष्ट्र को मुफ्त सैन्य सहायता देने जा रहा है। मालदीव से भारतीय नौसैनिकों को हटाने के आदेश और चीनी जहाज के माले में लंगर डालने के बाद ये समझौता निसंदेह भारत को उकसाने वाला है।

मालदीव की घरेलू राजनीति भारत विरोधी भावना के अतिरिक्त ये घटनाक्रम नई दिल्ली के लिए संकेत है कि चीन अपना सुरक्षा फोकस हिंद महासागर में बढ़ा रहा है, जो इस क्षेत्र में सैन्य दबाव को बढ़ाएगा।नई दिल्ली की नीति भले ही किसी गुट में शामिल होने की न रही हो लेकिन चीन भारत को अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी गुट के रूप में देखता है, जिसके चलते बीजिंग नई दिल्ली के क्षेत्रीय और वैश्विक प्रभाव का मुकाबला करने को अपने लिए बहुत जरूरी मानता है। ये चीन की नई दिल्ली को घेरने की नीति ही है, जिसके तहत उसने भारत के तत्काल दक्षिण एशियाई पड़ोसियों में अलग-अलग समय पर श्रीलंका राजपक्षे और मालदीव में अब्दुल्ला यामीन और मोहम्मद मुइज्जू जैसे भारत विरोधी नेताओं का समर्थन किया है।

भारत के समर्थक देशों में चीन बढ़ा रहा पकड़

चीन ने सिर्फ भारत विरोधी नेताओं का ही समर्थन नहीं किया है, बल्कि समय के साथ बीजिंग ने दक्षिण एशिया में भारत की तरफ झुकाव वाले नेतृत्व तक पहुंचने के लिए भी लचीलापन दिखाया है। बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग का समर्थन बीजिंग की इसी कूटनीति का हिस्सा है।

कोविड-19 महामारी के बाद हिंद महासागर क्षेत्र में भारत-चीन रणनीतिक प्रतिस्पर्धा एक नए चरण में प्रवेश कर गई है। चीन ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) को बढ़ाया है। हालांकि, मौजूदा आर्थिक संकट और कई मुद्दों पर पश्चिम के दबाव के चलते चीन की कूटनीति पर बाधाएं बढ़ रही हैं।

भारत ने भी पिछली गलतियों से सीखा

चीन का मुकाबला करने के लिए भारत ने भी अपनी पिछली गलतियों से सीख लेते हुए पड़ोसी नेताओं तक पहुंच की नीति को अधिक संतुलित किया है। इसके साथ ही संभावित संकटों से निपटने में नई दिल्ली ने अधिक संयमित रवैया अपनाया है। उदाहरण के लिए, जब मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने खोज और बचाव उद्देश्यों के लिए हेलीकॉप्टर और जहाजों का संचालन करने वाले भारतीय नौसैनिकों को वापस भेजने की मांग की तो भारत ने इसे अस्वीकार नहीं किया। हालांकि, नई दिल्ली ने उनकी जगह पर नागरिक कर्मियों की नियुक्ति पर जोर दिया। ये भारत के दृष्टिकोण को दिखाता है कि चीन से प्रतिस्पर्धा के लिए उसे धैर्य और आक्रामक दोनों रवैया रखने के लिए तैयार है।

चीन के दबाव को भारत दे रहा जवाब

भारत ने हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी सुरक्षा भागीदारी को बढ़ावा देकर चीन को दबाव दिया है। । सुरक्षा क्षेत्र के साथ भारत विकास परियोजनाओं में भी मदद कर रहा है। चीन ने मालदीव में अपनी पहुंच बढ़ाई है तो भारत मॉरीशस में समुद्री और हवाई कनेक्टिविटी में सुधार के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण में जुटा है। मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर भारत के सहयोग से नवनिर्मित हवाई पट्टी और जेटी का उद्घाटन फरवरी के अंत में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने किया था। मॉरीशस में हवाई पट्टी के अलावा कई सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। यह भी व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि भारत की सुरक्षा उपस्थिति मॉरीशस के आर्थिक और अन्य सुरक्षा हितों की रक्षा करती है। मालदीव में, भारत ने क्षमता निर्माण और अन्य सहयोग के लिए मुइज्जू सरकार के साथ जुड़ना जारी रखा है, साथ ही अपनी विकास सहायता भी बढ़ा दी है।

अश्विन ने दिया अजीब बयान, बोले- कल मैं भले ही जीवित ना रहूं, लेकिन मेरी आत्मा इसी जगह घूमेगी

नई दिल्ली.एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन आईपीएल में लंबे समय तक चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले हैं, जबकि चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम से उनका प्यार अलग लेवल का है। वे तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन यानी टीएनसीए के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और इस राज्य की ज्यादातर क्रिकेट इसी मैदान पर होती है। यहां तक कि तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन की टी20 लीग भी इसी स्टेडियम में खेली जाती है और अश्विन जब भी नेशनल ड्यूटी से फ्री होते हैं तो वे अपने राज्य के लिए हर तरह की क्रिकेट खेलते नजर आते हैं।

इसी संघ ने अश्विन को 500 टेस्ट विकेट और 100 टेस्ट पूरे करने पर सम्मानित किया तो उन्होंने कहा कि मेरे मरने के बाद मेरी आत्मा यहां घूमेगी। तमिलनाडु और उसकी क्लब क्रिकेट के प्रति अश्विन की प्रतिबद्धता ऐसी है कि आज तक वह राष्ट्रीय ड्यूटी पर नहीं होने पर भी घरेलू आयोजनों के लिए खुद को उपलब्ध रखते हैं। उन्होंने कहा, इस जगह ने मुझे इतना कुछ दिया है कि मैं बार-बार यहां आना चाहता हूं। लोग पूछते रहते हैं कि आप वापस क्यों जाना चाहते हैं? अश्विन ने आगे कहा, कल मैं भले ही जीवित न रहूं, लेकिन मेरी आत्मा इसी जगह पर घूम रही होगी। मेरे लिए इस जगह का यही मतलब है।

चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम को लेकर अश्विन ने कहा, मैं आम तौर पर यह व्यक्त करने के लिए शब्दों की तलाश नहीं करता कि मैं कैसा महसूस करता हूं। मैं यहां आकर वास्तव में विनम्र और आभारी रहता हूं। अश्विन ने आगे अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ को लेकर कहा, अनिल भाई और राहुल (द्रविड़) भाई ने संक्षेप में कहा कि मुझसे बहस में जीतना बहुत कठिन है। यह सच है, क्योंकि मेरा मानना है कि तर्क उत्कृष्टता के सबसे महान मार्गों में से एक है। वाद-विवाद कभी भी व्यक्ति के साथ नहीं होता। यह हमेशा सच्ची सीख के साथ होता है जो इसके अंत में आती है।

18 मार्च से मिलेंगे चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर मैच के ऑनलाइन टिकट, जानिए कितना महंगा है टिकट

नई दिल्ली.एजेंसी

आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। इस मैच के लिए ऑनलाइन टिकट सोमवार (18 मार्च) से शुरू होगा। एमएस धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स टीम 22 मार्च (शुक्रवार) को अपने पहले मुकाबले में चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सामना करेगी। चेन्नई सुपर किंग्स ने टिकटों की बिक्री पर एक ऑनलाइन एडवाइजरी जारी की है।चेन्नई सुपर किंग्स के बयान के मुताबिक ऑनलाइट टिकट की प्रक्रिया 18 मार्च को सुबह 930 बजे पेटीएम

और इनसाइडर.इन के माध्यम से शुरू होगी। चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाले मुकाबले की ऑनलाइन टिकट का सबसे कम प्राइस 1700 रुपये है, जबकि सबसे महंगा टिकट 7500 का है। ऑनलाइन टिकट खरीदने पर एक व्यक्ति को सिर्फ दो टिकट मिलेंगे। पहले मैच में एंट्री गेट शाम 430 पर खुलेगा। बाहर से खाने की चीज अंदर नहीं ले जा सकेंगे और पानी पीने की व्यवस्था हर स्टैंड में मौजूद रहेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व कप्तान विराट कोहली अभी तक टीम कैंप से नहीं जुड़े हैं। हालांकि फैंस को उम्मीद है कि वह जल्द ही टीम से जुड़ेंगे। सीएसके ने 2022 में रविंद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी थी लेकिन लगातार हार के बाद उन्होंने बीच में कप्तानी छोड़ दी और धोनी फिर कप्तान बने। उसके बाद से धोनी ही कप्तान हैं और उन्होंने 2023 में सीएसके को पांचवां खिताब दिलाया।

आयरलैंड के खिलाड़ी ने रचा इतिहास, विराट कोहली-रोहित शर्मा और बाबर आजम से पहले T20I में किया ये कमाल

नई दिल्ली.आयरलैंड T20I टीम के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में इतिहास रच दिया है। वह T20I क्रिकेट में 400 चौके मारने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। जी हां, उनसे पहले यह कारनामा कोई खिलाड़ी नहीं कर पाया है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और बाबर आजम जैसे दिग्गज भी इस लिस्ट में उनसे पीछे हैं। पॉल स्टर्लिंग यह उपलब्धि अफगानिस्तान के खिलाफ पहले T20I के दौरान हासिल की। स्टर्लिंग ने इस मैच में 2 चौकों और 1 छक्के की मदद से 25 रनों की पारी खेली थी। इन दो चौकों के साथ उनके नाम T20I क्रिकेट में 401 के चौके हो गए हैं।

बात विराट कोहली, रोहित शर्मा और बाबर आजम जैसे दिग्गजों की करें तो, T20I में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले टॉप-5 में ये तीनों खिलाड़ी हैं। बाबर आजम 395 चौकों के साथ इस सूची में दूसरे पायदान पर है, वहीं विराट कोहली 361 चौकों के साथ तीसरे और रोहित शर्मा 359 चौकों के साथ चौथे पायदान पर हैं। इस लिस्ट में पांचवे और आखिरी नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर हैं जिन्होंने अपने T20I करियर में 320 चौके लगाए थ।न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल और ऑस्ट्रेलिया के एरोन फिंच दो और ऐसे इंटरनेशनल क्रिकेटर हैं जिनका नाम उन खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल है जो इस फॉर्मेट में 300 से अधिक चौके लगा चुके हैं। इन दोनों के नाम T20I में 309 चौके हैं।

बात आयरलैंड वर्सेस अफगानिस्तान पहले T20I की बात करें तो, आइरिश टीम ने इस मैच में अफगानियों को 38 रनों से धूल चटाई। आयरलैंड की यह अफगानिस्तान पर कुल 7वीं जीत है।इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए आइरिश टीम ने 149 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की पूरी टीम 111 रनों पर ही ढेर हो गई थी। अफगानिस्तान के लिए इस दौरान कोई भी बल्लेबाज 40 रन का आंकड़ा तक नहीं छू पाया। विकेट कीपर मोहम्मद इशाक ने 32 रनों की सर्वाधिक पारी खेली। वहीं बेंजामिन व्हाइट ने 4 विकेट चटकाकर आयरलैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनको इस परफॉर्मेंस के चलते प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

मुंबई इंडियंस को लगा बड़ा झटका, IPL 2024 के पहले कुछ मैच मिस करेगा ये तेज गेंदबाज

नई दिल्ली.एजेंसी आईपीएल 2024 से ठीक पहले मुंबई इंडियंस को एक बड़ा झटका है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 की शुरुआत में एक तेज गेंदबाज का साथ नहीं मिलेगा। ये तेज गेंदबाज कोई और नहीं, बल्कि आईपीएल 2024 ऑक्शन में 4.6 करोड़ रुपये में खरीदे गए श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका हैं।

बाएं हाथ के इस पेसर को बांग्लादेश के खिलाफ जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले से बाहर होना पड़ा है। दिलशान मधुशंका हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण तीसरे वनडे इंटरनेशनल मैच से बाहर हो गए है। इसी के साथ इस बात की पुष्टि की जा सकती है कि वे आईपीएल 2024 के पहले कुछ मैच मिस कर सकते हैं।

हैमस्ट्रिंग इंजरी को ठीक होने में कम से कम 2 से तीन सप्ताह का समय लग जाता है। यही कारण है कि मुंबई इंडियंस के लिए ये बड़ा झटका है। मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला इस सीजन में रविवार 24 मार्च को और दूसरा मुकाबला 27 मार्च को है।

PCB का ऐलान, फरवरी में पाकिस्तान में खेली जाएगी ICC चैंपियंस ट्रॉफी; क्या भारत है तैयार?

नई दिल्ली.एजेंसी

PCB ने ऐलान किया है कि फरवरी 2025 में पाकिस्तान में ICC चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होगा, लेकिन क्या BCCI वहां अपनी टीम भेजने के लिए तैयार है? ये एक बड़ा सवाल सभी के सामने है।

पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसक खुश हो सकते हैं, क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पुष्टि की है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी 2025 में पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। हालांकि, अभी भी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं।



इसके अलावा इस टूर्नामेंट को शिफ्ट किए जाने या फिर हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित किए जाने पर भी विचार संभव है। पीसीबी के नए चेयरमैन मोहसिन नकवी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया है कि चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में आयोजित होगी। उन्होंने लिखा, ,मैंने दुबई में आईसीसी मीटिंग में भाग लिया। इंशाअल्लाह चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी 2025 में पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी।

पीसीबी चेयरमैन का ये ऐला उन तमाम अफवाहों को फिलहाल समाप्त करता हुआ नजर आ रहा है, जिसमें कहा जा रहा था कि टूर्नामेंट को कहीं और आयोजित करना पड़ सकता है।

IPL 2024 के आयोजन को लेकर बीसीसीआई सचिव जय शाह का बड़ा ऐलान, बोले- भारत में...

नई दिल्ली.एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इस साल देश में होने वाले लोकसभा चुनावों के चलते आईपीएल 2024 के आधे शेड्यूल का ही ऐलान किया है। बीसीसीआई की नजरें लोकसभा चुनावों की तारीखों के अनाउंसमेंट पर थी, ताकि वह देश में ही आईपीएल के 17वें सीजन का आयोजन कर सके। हालांकि इस बीच कुछ रिपोर्ट्स सामने आई थी जिसमें कहा गया था कि आईपीएल 2024 के आधे सीजन का आयोजन यूएई में हो सकता है, मगर जैसे ही शनिवार 17 मार्च को लोकसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हुआ तो बीसीसीआई ने इन सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। जय शाह ने यह कन्फर्म कर दिया कि इस साल भी आईपीएल के पूरे सीजन का आयोजन भारत में ही होगा।

यह दूसरा मौका है जब बीसीसीआई लोकसभा चुनावों के बीच आईपीएल के पूरे सीजन का आयोजन देश में ही करेगा। 2019 में इससे पहले बोर्ड ने ऐसे किया था। वहीं 2014 में आधा सीजन भारत में तो आधा सीजन यूएई में हुआ था और 2009 में यह लीग साउथ अफ्रीका में खेली गई थी।जय शाह ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, पूरा आईपीएल भारत में ही होगा। बीसीसीआई पूरे शेड्यूल पर काम कर रहा है और जल्द ही इसे सार्वजनिक करेगा।बता दें, लोकसभा चुनाव सात चरणों में होंगे, जो 19 अप्रैल से शुरू होंगे और वोटों की गिनती 4 जून को होगी। बीसीसीआई को 2019 के आम चुनाव के दौरान भी इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा था लेकिन बोर्ड ने सफलतापूर्वक आईपीएल भारत में आयोजित किया गया था।आईपीएल 2024 के अभी तक 21 मैचों के ही शेड्यूल का ऐलान हुआ है।

IPL 2024 के लिए भारत लौटे विराट कोहली, दो महीने तक इस वजह से थे लंदन में

नई दिल्ली.एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली भारत लौट आए हैं। वे करीब दो महीने तक लंदन में थे। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले विराट कोहली अपनी पत्नी के साथ लंदन गए थे, क्योंकि उनकी पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा प्रेग्नेंट थीं। वे अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली थीं। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ कॉम्प्लीकेशन्स हो गए थे, जिसके कारण उनको टेस्ट सीरीज छोड़कर अपनी पत्नी के साथ लंदन जाना पड़ा था। फरवरी के दूसरे सप्ताह में उनको बेटा हुआ। हालांकि, अब विराट कोहली अकेले भारत लौटे हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर यानी आरसीबी के लिए खेलने भारत लौट आए हैं। उनकी कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, जिनमें विराट कोहली अकेले भारत लौटे हैं। पत्नी, बेटी और बेटा अभी भी शायद लंदन में ही या फिर किसी अन्य जगह पर हो सकते हैं।

विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भाग नहीं ले पाए थे। वे पहले दो मैचों के लिए टीम का हिस्सा थे, लेकिन सीरीज के पहले दो मैचों से उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था और अगले 3 मैचों के लिए वे उपलब्ध नहीं थे। हालांकि, विराट कोहली और आरसीबी के फैंस के लिए अच्छी खबर ये है कि वे आरसीबी के लिए पूरा सीजन आईपीएल खेलते नजर आएंगे। आरसीबी का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 22 मार्च को है और विराट कोहली उसी की तैयारी के लिए जल्द बेंगलुरु पहुंचेंगे और वहां वे आरसीबी के कैंप में जुड़ेंगे। जल्द ही टीम अपने पहले मैच के लिए चेन्नई पहुंचेगी। आरसीबी की बात करें तो कभी भी टीम ने खिताब नहीं जीता है, लेकिन कप्तान फाफ डुप्लेसिस चाहेंगे कि इस बार आईपीएल का खिताब जीतकर सभी की बोलती बंद करने का काम किया जाए।

बाबर आजम की टीम हुई PSL 2024 से बाहर, इन दो टीमों के बीच खेला जाएगा फाइनल

इस्लामाबाद यूनाइटेड ने पीएसएल 2024 के दूसरे एलिमिनेटर में पेशावर जाल्मी को 5 विकेट से रौंदते हुए फाइनल में जगह बनाई। खिताब जंग में उनका सामना मुल्तान सुल्तान से होगा।

नई दिल्ली.एजेंसी

पेशावर जाल्मी और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच शनिवार 16 मार्च की शाम पीएसएल 2024 का दूसरा एलिमिनेटर मुकाबला खेला गया, इस मैच में इस्लामाबाद ने बाबर आजम की टीम को चित करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

इसी के साथ पाकिस्तान सुपर लीग 2024 की दोनों फाइनलिस्ट टीमों की तस्वीर साफ हो गई है। 18 मार्च को पीएसएल 2024 का फाइनल मुकाबला मुल्तान सुल्तान और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच खेला जाना है। इन दोनों ही टीमों ने पेशावर जाल्मी को धूल चटाते हुए खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है।

बात पेशावर जाल्मी वर्सेस इस्लामाबाद यूनाइटेड एलिमिनेटर 2 की करें तो मैच के 40 में से 31 ओवर तक पेशावर जाल्मी ने मैच पर अपनी पकड़ बनाई हुई थी, मगर तब हैदर अली और इमाद वसीम के बीच ऐसी पार्टनरशिप हुई की पेशावर जाल्मी के परखच्चे उड़ गए। दोनों ने 98 रनों की धुआंधार साझेदारी कर पेशावर को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया।टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पेशावर जाल्मी की टीम ने सईम अय्यूब (73) के अर्धशतक की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 185 रन बोर्ड पर लगाए थे। कप्तान बाबर आजम (25) के साथ सईम की ओपनिंग पार्टनरशिप 72 रनों की हुई थी, वहीं इसके बाद मोहम्मद हारिस ने भी 40 रनों की पारी खेली थी।

186 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी इस्लामाबाद यूनाइटेड की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टीम ने पावरप्ले में 50 के स्कोर पर 4 विकेट खो दिए थे, वहीं 11वें ओवर तक 91 के स्कोर पर आधी टीम पवेलियन लौट गई थी।

उस समय तक मैच पर पूरी पकड़ पेशावर की थी।मगर इसके बाद इमाद वसीम (40 गेंदें 59 रन) ने हैदर अली (29 गेंदें 52 रन) के साथ मिलकर 98 रनों की नाबाद साझेदारी कर टीम को 5 विकेट और 6 गेंदें शेष रहते जीत दिलाई। हैदर अली ने इस दौरान जो पावर हिटिंग की उसने क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया।

मोहम्मद कैफ का वर्ल्ड कप 2023 फाइनल की पिच को लेकर बड़ा खुलासा, रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ को ठहराया हार का जिम्मेदार!

मोहम्मद कैफ का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास वर्ल्ड कप में पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क जैसे तेज गेंदबाज थे जिस वजह से टीम इंडिया ने पिच को स्लो बनाया और यही गलती भारत पर भारी पड़ गई।

नई दिल्ली.एजेंसी

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने वर्ल्ड कप 2023 फाइनल की पिच को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ पर खिताबी मुकाबला हारने का ठीकरा फोड़ा है। कैफ का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास वर्ल्ड कप में पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क जैसे तेज गेंदबाज थे, जिस वजह से टीम इंडिया ने पिच को स्लो बनाया और यही गलती भारत पर भारी पड़ गई। बता दें, वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में भारतीय टीम रेड हॉट फॉर्म में चल रही थी। फाइनल से पहले टीम इंडिया ने सभी मुकाबले जीते थे, मगर खिताबी जंग में कंगारुओं ने उन्हें टूर्नामेंट की पहली और सबसे बड़ी हार का सामना करवाया।

मोहम्मद कैफ ने लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में वर्ल्ड कप 2023 फाइनल की पिच को लेकर कहा, मैं वहां तीन दिन था, हमने काफी सारे लाइव शो किए वहां से...रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ दोनों शाम को आए, पिच पर घूमा, कैसी पिच है...आधा घंटा वहां खड़े हैं, एक घंटा वहां खड़े हैं। एक दिन वहां हो गया। दूसरे दिन फिर आए घूम रहे हैं...वहीं अपडाउन कर रहे हैं...एक घंटा वहां बातचीत कर रहे हैं...कैसे क्या है..ये तीन दिन लगातार हुआ है।

उन्होंने आगे कहा, मैंने पिच का रंग बदलते हुए देखा है...मैं ये जो नीला पहनकर आया हूं ना वो तीन दिन बाद पीला दिखेगा...ऐसा कलर चेंज होते हुए देखा है मैंने....कोई पानी नहीं, कोई घास नहीं...उनको धीमा पिच दो भाई...ये सच्ची बात है चाहे लोग ना मानें...मैं एक कमेंटेटर के रूप में बोल रहा हूं। कमिंस है..स्टार्क है उनके पास तेज गेंदबाजी है तो इनको ना स्लो पिच दो और वहां गलती हुई, 100 प्रतिशत।मोहम्मद कैफ ने इसी के साथ रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ पर आरोप लगाए कि उन्होंने होम एडवांटेज उठाने के चक्कर में पिच को इतना धीमा करवा दिया कि वो दांव भारत पर ही भारी पड़ गया। कैफ ने साथ ही यह भी कहा कि अगर भारत फ्लैट पिच पर खेलता तो 100 प्रतिशत मैच जीतता।पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा, चाहे लोग कितना भी बोले...क्यूरेटर अपना काम करता है...हम कुछ नहीं बोलते...बकवास है। जब आप वहां टहल रहे हो तो 100 प्रतिशत आप बात करते हो...यार घास कम कर दे...पानी कम डालना...दो लाइन ही तो बोलनी है। ये होता है, सच्ची बात है और करना भी चाहिए। घर में मैच खेल रहे हो, एडवांटेज लो। लेकिन मुझे लगता है कि एडवांटेज के चक्कर में वो ज्यादा कर गए और धीमा पिच मिला। अगर नॉर्मल पिच होती तो ...मोहम्मद शमी जो फॉर्म में थे...आप नाम लो ना...बुमराह, जडेजा, कुलदीप...भाई तूफानी गेंदबाजी। नॉर्मल फ्लैट विकेट पर खेलते 100 प्रतिशत भारत वो मैच जीता। रन भी बनते और हम वो डिफेंड भी करते। हम विकेट पर डॉक्टरी के चक्कर में फंस गए।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 18 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

तीसरी बार केंद्र में भाजपा बनायेगी सरकार : ज्योति

चित्रकूट: देश में लोकसभा चुनाव का शंखनाद होते ही केंद्रीय मंत्री एवं फतेहपुर से भाजपा उम्मीदवार साध्वी निरंजन ज्योति रविवार को चित्रकूट पहुंची। यहां पर उन्होंने मनोकामनाओं के पूरक भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन-पूजन कर चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत कर दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ केंद में अपनी सरकार बनायेगी। कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद लेने के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब ,किसान,युवा और महिला चारों जातियों का चहुमुखी विकास किया है। इसके अलावा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये आधी आबादी को राजनीति में अधिकार देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। साध्वी ने कहा कि 2014 के पहले देश के लोग गठबंधन के दयनीय शासन के कारण ठगा हुआ और निराश महसूस कर रहे थे। कोई भी क्षेत्र घोटालों और पॉलिसी पैरालिसिस से अछूता नहीं रहा। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद 140 करोड़ भारतीयों की शक्ति से भारत ने विकास का नया कीर्तिमान रचा है। देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश के करोड़ों लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली है। सरकार की गरीब कल्याण की योजनाएं देश के सभी हिस्सों तक पहुंची हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कर पीएम मोदी ने देश की आधी आबादी को राजनीति में भागेदारी देने का ऐतिहासिक कार्य किया है।इसके अलावा विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज पूरा विपक्ष दिशाहीन और मुद्दाविहीन है। उनके वंशवादी दृष्टिकोण और समाज को विभाजित करने के प्रयासों को जनता स्वीकार नहीं कर रही है। उनके कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार के ट्रैक रिकॉर्ड भी उन्हें उतना ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। जनता को ऐसा नेतृत्व नहीं चाहिए।

सिद्धू मूसेवाला की मां ने दिया बच्चे को जन्म

सिद्धू मूसेवाला के घर एक बार फिर से खुशी का माहौल बन गया है। सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर को एक बार फिर मातृत्व का सौभाग्य मिला है और उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया है। इस बात की जानकारी खुद सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर दी है। इसके साथ ही उन्होंने अपने नवजात बच्चे की एक फोटो भी सोशल मीडिया पर शेयर की है। "शुभदीप को चाहने वाले लाखों-करोड़ों लोगों के आशीर्वाद से, भगवान ने शुभ के छोटे भाई को हमारी गोद में डाल दिया है। भगवान के आशीर्वाद से परिवार स्वस्थ है। मैं सभी शुभचिंतकों के इस अपार प्यार के लिए आभारी हूं।" इस पोस्ट पर दुनियाभर से फैंस लाइक और कमेंट्स कर रहे हैं। तो कमेंट्स के जरिए शुभकामनाएं मिल रही हैं। सिद्धू मूसेवाला की मां ने 58 साल की उम्र में दोबारा मां बनने का फैसला किया, जिससे हर कोई हैरान रह गया। चरण कौर आईवीएफ तकनीक की मदद से मां बनीं। 60 साल के बलकौर सिंह एक बार फिर पिता बन गए हैं। इस खबर को सुनने के बाद सिद्धू के फैंस भी खुश हैं। दुनिया भर से फैंस ने सिद्धू के माता-पिता को बधाई देना शुरू कर दिया है।

उत्तराखंड में 'करो या मरो' के अंदाज में लड़ेगी कांग्रेस

1,000 मंडलम पार्टी के प्रचार तंत्र को आमजन से जोड़ने का बड़ा और महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून: कांग्रेस लोकसभा का चुनावी समर उत्तराखंड में करो या मरो के अंदाज में लड़ने जा रही है। 11,729 बूथ कमेटी और सांगठनिक दृष्टि से तैयार किए गए 1,000 मंडलम पार्टी के प्रचार तंत्र को आमजन से जोड़ने का बड़ा और महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। भाजपा से मिलने वाली कड़ी चुनौती की प्रभावी काट को ध्यान में रखकर पहली बार प्रमुख विपक्षी दल ने प्रदेश व जिलों के साथ में ब्लाकों से लेकर बूथ स्तर तक वार रूम तैयार किए है। केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश स्तर पर बनने वाली चुनावी रणनीति त्वरित सबसे निचले स्तर पर पहुंचेगी। साथ ही बूथ स्तर पर पार्टी की कमान संभालने वाले योद्धाओं को आवश्यकता के अनुसार शीघ्रता से चुनाव सामग्री पहुंचाई जा सकेगी। अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद लोकसभा चुनाव का यह पांचवां

महासमर कांग्रेस के लिए निर्णायक बन चुका है। लगातार दो लोकसभा चुनाव में हार चुकी पार्टी पर अब तीसरे चुनाव में दबाव बढ़ गया है। कांग्रेस इस चुनौती को महसूस कर रही है। प्रदेश में राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए पार्टी ने इस बार पूरी तैयारी की है। मुकाबले के लिए पार्टी के पूरे प्रचार तंत्र को बेहद सावधानी से खड़ा किया गया है। केंद्रीय नेतृत्व की स्वयं इसमें बड़ी रुचि है। यह केंद्रीय नेतृत्व का ही आग्रह रहा कि बूथ स्तर पर इकाइयों को गठित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

मंडलम इकाइयां गठित: प्रदेश कांग्रेस संगठन ने इस बार मंडलम इकाइयों के रूप में नया प्रयोग किया है। लगभग न्याय पंचायत स्तर पर ऐसी 1,000 मंडलम इकाइयां गठित की गई हैं। इनका गठन नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों, दोनों में किया गया है। मंडलम इकाइयों को खड़ा कर विपक्षी दल का प्रयास अधिक संख्या में मतदाताओं से सीधे जुड़ने का है। पार्टी की चुनाव प्रचार की रणनीति को धार देने और विरोधियों पर भी इसके माध्यम से नजर रखी जाएगी।

प्रदेश स्तर पर वार रूम सक्रिय

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में वार रूम सक्रिय कर दिया है। वार रूम की कमान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नवीन जोशी को सौंपी गई है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि वार रूम में टीम पांच कंप्यूटर के साथ लगातार काम कर रही है। जिलाध्यक्षों के साथ प्रतिदिन संपर्क कर फीडबैक लिया जा रहा है। बूथ कमेटी अध्यक्ष भी मोबाइल फोन नंबर के माध्यम से वार रूम से जुड़े हुए हैं। चुनाव के लिए प्रदेश से लेकर जिला, ब्लाक और बूथ स्तर तक बनाए गए हैं।

केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर तय हो रही हर रणनीति : बूथ स्तर पर भी वार रूम राज्य के भ्रमण के लिए पहुंचने वाला अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का पर्यवेक्षक हो अथवा लोकसभा चुनाव प्रभारी, या प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, सभी ने बूथ कमेटी के गठन और उसके लिए तैयारियों को परखा है। सभी 11,729 बूथ कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके हैं। बूथों की मजबूती पर इस बार विशेष ध्यान दिया गया है। बूथ अध्यक्ष व कमेटी के सदस्यों को प्रतिद्वंद्वी भाजपा के पन्ना प्रमुखों का तोड़ ढूंढते हुए अधिक सक्रियता से काम करने को कहा गया है। इस बार बूथ स्तर पर वार रूम भी काम करेगा। यह वार रूम ब्लाक, जिले के साथ ही प्रदेश स्तर पर वार रूम से जुड़ा रहेगा। यहां से हर सूचना उच्च स्तर तक पहुंचाई जाएगी, ताकि धरातल पर पार्टी की तैयारी पुख्ता रखी जा सकें।

यह इकाई बूथ और ब्लाक के बीच समन्वय का कार्य भी करेगी। दो महीने का विशेष अभियान चलाकर इन इकाइयों को मूर्त रूप दिया गया है।

लोकसभा क्षेत्र व जिलेवार मीडिया समन्वयक: चुनाव में मीडिया प्रभारी और मीडिया समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। कांग्रेस नेतृत्व ने डा चयनिका उनियाल को प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग का प्रभारी बनाया है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत लोकसभा क्षेत्रवार, जिलेवार और मंडलवार मीडिया समन्वयक नियुक्त किए हैं। यही नहीं, इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म का लोकसभा चुनाव में उपयोग किया जाएगा। इन प्लेटफार्म पर एक क्लिक पर सभी सूचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। 1,000 इंटरनेट मीडिया ग्रुप बनाए गए हैं। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 500 वाट्सएप ग्रुप भी बनाए जा रहे हैं। संघ के 32 आनुषांगिक संगठनों का भी लाभ उत्तराखंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 32 आनुषांगिक संगठन विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्यों से जुड़े हैं। राष्ट्रीय विचारधारा से ओतप्रोत इन संगठनों के धरातल पर कार्य करने का लाभ भी चुनाव में भाजपा को मिलेगा।

कांग्रेस के लिए चुनौती बनी अनुराग की हमीपुर सीट

टीम एक्शन इंडिया

हमीरपुर: हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट पर इस बार भी कांग्रेस की राह आसान रहने वाली नहीं है। भाजपा ने अपने कद्दावर नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को इस सीट से फिर उम्मीदवार बनाया है। अनुराग ठाकुर लगातार चार बार यहां से जीत दर्ज कर चुके हैं। हर बार उनकी जीत का अंतर विशाल रहा है। कांग्रेस इस सीट पर 28 साल से लगातार हार रही है। बीते आठ लोकसभा चुनाव से कांग्रेस को हमीरपुर से पराजय का मूंह देखना पड़ रहा है। कांग्रेस को आखिरी बार 1996 में यहां जीती मिली थी।

कांग्रेस इस बार भी इस सीट को बड़ी चुनौती मानकर चल रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री हमीपुर संसदीय क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं। ऐसे में इन दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर है। सुक्खू और अग्निहोत्री के अलावा कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी के कंधों पर भाजपा का विजय रथ रोकने की जिम्मेदारी है। अभी तक कांग्रेस अपने उम्मीदवार को घोषित नहीं कर पाई है। कांग्रेस सरकार के खिलाफ बगावत करने वाले छह में से चार बागी व निष्कासित विधायक इसी संसदीय क्षेत्र से हैं। ये बागी कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। दरअसल

राह आसान नहीं

हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट पर इस बार भी कांग्रेस की राह आसान रहने वाली नहीं है

संसदीय क्षेत्र के 17 विधानसभा क्षेत्रों में से 10 कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि पांच पर भाजपा और दो पर निर्दलीय हैं। अयोग्य घोषित कांग्रेस के तीन विधायक इस संसदीय क्षेत्र से हैं। इनमें सुजानपुर से राजेंद्र राणा, गगरेट से चैतन्य शर्मा और बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल शामिल हैं। देहरा से होशियार सिंह और हमीरपुर शहर से आशीष शर्मा निर्दलीय विधायक हैं जो राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट कर चुके हैं।

नड्डा, धूमल और सुक्खू का है गृह संसदीय क्षेत्र: यह पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह संसदीय क्षेत्र है।

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को गोविंद देव जी मंदिर में विधिवत पूजा और आरती कर प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली के लिए कामना की है। राज्यपाल मिश्र रविवार प्रातः गोविंद देव जी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने जन जन के आराध्य भगवान श्री गोविंद देव जी की आरती उतारी और विधिवत पूजा अर्चना की।

घोसी : चुनावी तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट

टीम एक्शन इंडिया

मऊ: भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ 70 घोसी लोकसभा क्षेत्र में चुनावी तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने बताया कि लोकसभा चुनाव की दृष्टि से घोसी लोकसभा क्षेत्र को 14 जोन व 138 सेक्टर में बांट दिया गया है। घोसी लोकसभा में बनाए गए 1124 मतदान केंद्रों व 2125 मतदेय स्थलों पर कुल 20 लाख 66 हजार 457 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। घोसी लोकसभा के लिए मतदान सातवें व अंतिम चरण में 01 जून को होगा। इसके लिए प्रत्याशी 07 से 14 मई के बीच अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चलने-फिरने में पूरी तरह अक्षम दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराए जाने की व्यवस्था कराई जा रही है। बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं को ले जाने के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था के साथ ही इनकी कतार अलग होगी।

आईडी कार्ड नहीं फिर भी डाल सकेंगे वोट..

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून: कई लोग ऐसे होंगे जिनका नाम तो वोटर लिस्ट में है, लेकिन उनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है। चुनाव आयोग ने बगैर वोटर आईडी कार्ड के भी वोट डालने का विकल्प दिया है।

12 विकल्प में से किसी एक आईडी के आधार पर वोट डाल सकेंगे: उत्तराखंड में प्रथम चरण में 19 अप्रैल लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। यहां कुल पांच लोकसभा सीट है। चुनाव में ईवीएम और वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाएगा। मतदान के लिए राज्य में कुल 11 हजार 729 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। राज्य के 83,71,207 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

ये हैं 12 विकल्प, बस एक दस्तावेज अनिवार्य: मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने बताया कि आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख, केंद्र एवं राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों और सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसद-विधायक, एमएलसी की ओर से जारी आधिकारिक पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जारी विशिष्ट दिव्यांगता फोटो पहचान पत्र इन सभी में से कोई एक पहचान पत्र दिखाने पर आप वोट दे सकेंगे।

मत का अधिकार

विशिष्ट दिव्यांगता फोटो पहचान पत्र इन सभी में से कोई एक पहचान पत्र दिखाने पर आप वोट दे सकेंगे

जहीर मलिक ने बसपा से दिया इस्तीफा

टीम एक्शन इंडिया

जलालाबाद: आचार संहिता की घोषणा होते ही नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक ने बहुजन समाज पार्टी से इस्तीफा दे दिया। आरोप लगाया कि पार्टी मजबूती से चुनाव नहीं लड़ रही है, और कार्यकर्ताओं की भी उपेक्षा हो रही है। वह थानाभवन विधानसभा से पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर बसपा के सिंबल पर जीत दर्ज की थी। जल्द ही वह लखनऊ में सपा में शामिल होंगे। वर्ष 2005 में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री अनुराधा चौधरी ने जहीर मलिक को राष्ट्रीय लोक दल में शामिल कर 2006 में रालोद के चिन्ह पर निकाय अध्यक्ष का चुनाव लड़वाया था।

मायावती व जयंत चौधरी को बड़ा झटका

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। उत्तर प्रदेश में चुनाव सभी सात चरणों में होंगे। तारीखों की घोषणा के साथ ही आचार संहिता भी लागू हो गई है। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद उत्तर प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई। पार्टियां एक-एक वोट का गुणा-गणित बनाने में जुट गई हैं। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में रक्षा मंत्रालय के सेवानिवत्त अधिकारी आदर्श कुमार सहित कई दिग्गज नेताओं ने सपा की सदस्यता ली। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री

अकीलुर्रहमान खां, बसपा से पूर्व विधायक हाजी रिजवान, बागपत से रालोद की महिला सभा की जिलाध्यक्ष तथा बड़ौत के तीन बार पार्षद रही श्रीमती रेनू तोमर पत्नी आशुतोश तोमर ने समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- इन साथियों के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। बता दें हाजी रिजवान बसपा के दिग्गज नेताओं में से एक माने जाते थे, वह चार बार के पूर्व विधायक हैं। दो बार कुंदरकी से और दो बार सम्भल की बिलारी विधासनभा सीट चुनाव जीता था। जबकि अकीलुर्रहमान खां रालोद के शीर्ष नेताओं में से एक थे, वह बहजोई असमौली विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं।

हलचल

4 बार के पूर्व विधायक व दिग्गज नेताओं ने थामा समाजवादी पार्टी का दामन

'विपक्ष को उप्र से नहीं मिलेगी एक भी सीट'

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: सिर्फ घर में रहकर सोशल मीडिया से प्रचार करने वाला जनता का दर्द कैसे समझ सकता है। उसको जनता की सेवा से मतलब नहीं, सिर्फ उसको लोकसभा और विधानसभा में अपनी पार्टी की सीटें जीतनी चाहिए और जीत के बाद अपने देश और प्रदेश का नहीं, अपने घर की भलाई में बजट को समर्पित कर देना है। ऐसे दल के नेता आज भारत के विकास के लिए दिन-रात एक कर देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। यह सब जनता समझ रही है। ये बातें पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही।

'धर्मेंद्र को गलत तरीके से हराया गया था'

टीम एक्शन इंडिया

बबराला: गुन्नौर के गांव कैल पहुंचे बदायूं लोकसभा के सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। इस सरकार में केवल चंद पूंजीपतियों का कर्ज माफ हो सकता है, गरीब का नहीं। कहा कि ये बहुत झूठी सरकार है। कोई भी कार्य जनता के हित में नहीं किया। कहा कि अब हम आ गए हैं। मैं अब जनता का ध्यान रखूंगा। उन्होंने यह बातें एक सभा के दौरान कहीं।

आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र यादव का टिकट कटा नहीं है। हमें इसलिए भेजा गया है कि पिछली बार धर्मेंद्र यादव को

गलत तरीके से हराया गया इस बार इसे सही किया जाए। इस मौके पर सपा विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव, पूर्व विधायक राजेश यादव, जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, अमित यादव, अखिलेश यादव, अजीत यादव, विजेंद्र सिंह यादव, रूप किशोर यादव, सर्वेश यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दावा

भाजपा की सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। इस सरकार में केवल चंद पूंजीपतियों का कर्ज माफ हो सकता है

हरि बाबा धाम में लिया आशीर्वाद: बदायूं से सपा प्रत्याशी शिवपाल यादव अपने पुत्र आदित्य यादव के साथ शनिवार की सुबह हरि बाबा धाम पर दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कहा कि हरि बाबा से मेरा शुरू से लगाव रहा है। रजपुरा, रसूलपुर, बहट, केसरपुर में लोगों से मिले।

उत्तराखंड कांग्रेस: दो दिग्गजों ने छोड़ी पार्टी

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून: लोकसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। गढ़वाल संसदीय सीट के अंतर्गत बदरीनाथ से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी ने पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

धन सिंह नेगी ने भी कांग्रेस से त्यागपत्र दिया: वहीं टिहरी सीट से पूर्व विधायक धन सिंह नेगी ने भी कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया। उनके जाने से टिहरी संसदीय सीट पर कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ी हैं।

पूर्व विधायक विजयपाल और मालचंद ने थामा भाजपा का दामन: कांग्रेस से एक दिन पहले त्यागपत्र देने वाले उत्तरकाशी जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण और मालचंद ने अपने समर्थकों के साथ शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

चुनावी बिसात

नेताओं द्वारा 2022 के विधान सभा चुनाव के बाद से पार्टी छोड़ने का क्रम लगातार जारी है

पंजाब में कांग्रेस की आसान नहीं राह, 13 में से 4 सीटों पर अपने ही नेताओं से टक्कर!

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: पंजाब की परेशानी कम नहीं हो रही है। नेताओं द्वारा 2022 के विधान सभा चुनाव के बाद से पार्टी छोड़ने का क्रम लगातार जारी है। अभी तक कांग्रेस को पूर्व विधायक ही छोड़ रहे थे लेकिन चब्बेवाल विधान सभा सीट से सिटिंग विधायक डॉ. राजकुमार चब्बेवाल पार्टी छोड़ कर कांग्रेस की परेशानी और बढ़ा दी है। क्योंकि अब राज्य में 13 में से चार लोक सभा सीटें हो जाएंगी जहां पर कांग्रेस को 'अपनों' से ही मुकाबला करना पड़ेगा। पार्टी में चल रही उठापटक के कारण ही कांग्रेस अभी लोक सभा की टिकटों पर फैसला नहीं ले पा रही है। क्योंकि पार्टी को यह डर है कि टिकटों की घोषणा के बाद यह क्रम कहीं बढ़ न जाए।

अपने ही ताने-बाने में उलझी कांग्रेस: कांग्रेस की परेशानी यह है कि वह अपने बुने ताने-बाने में उलझती जा रही है। कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाने के फैसले के बाद से पार्टी छोड़ कर जाने वाले नेताओं का क्रम बादस्तूर जारी है। जबकि कांग्रेस के कई नेता इस बात को खुद स्वीकार करते हैं कि चुनाव के नजदीक जिस समय कैप्टन

को पार्टी से हटाया गया वह सही समय नहीं था। क्योंकि 2022 के विधान सभा चुनाव को छह माह से भी कम का समय रह गया था। जिसकी वजह से पार्टी ने न सिर्फ विधान सभा चुनाव गंवाया बल्कि पार्टी में बिखराव भी हुआ।

बीते दिन सांसद परनीत कौर ने की भाजपा ज्वाइन: साल 2023 में कांग्रेस को जालंधर के लोकसभा उप चुनाव में अपनी ही पार्टी से गए पूर्व विधायक सुशील रिंकू से हार का सामना करना पड़ा। आप ने रिंकू को इस बार भी टिकट दी है। वहीं, पार्टी से निलंबित सांसद परनीत कौर ने भाजपा ज्वाइन कर ली है। पटियाला में संभवतः वह ही भाजपा की उम्मीदवार होंगी। जबकि फतेहगढ़ साहिब से कांग्रेस के ही विधायक गुरप्रीत जीपी को आप ने लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। जबकि अब आप डा. राजकुमार चब्बेवाल को होशियारपुर से लोक सभा का उम्मीदवार बना सकती है। चब्बेवाल 2019 का लोक सभा चुनाव भाजपा के सोम प्रकाश के हाथों हार गए थे। कांग्रेस यह दावा कर रही है कि इस बार पार्टी उन्हें टिकट नहीं दे रही थी। प्रदेश प्रधान वड़िंग का कहना है, कांग्रेस ने चब्बेवाल को तीन बार उम्मीदवार बनाया।

कांग्रेस उलझी

कांग्रेस की परेशानी यह है कि वह अपने बुने ताने-बाने में उलझती जा रही है